


दैनिक
# विनय उजाला

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित

मूल्य ₹ 3.00

RNI. Reg. MPHIN/2019/78560

अलीराजपुर
बुधवार, 21 मई 2025
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष - 9
वर्ष : 06 | अंक : 171
कुल पृष्ठ : 12


अहमदाबाद में खेला जाएगा आईपीएल का फाइनल...11

ॐ

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

### लोकमाता देवी अहिल्याबाई को समर्पित मंत्रि-परिषद की बैठक मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में राजवाड़ा पर हुई

# ओंकारेश्वर में अद्वैत लोक के लिए 2195 करोड़ रुपए की पुनरीक्षित स्वीकृति

## प्रदेश के 04 औद्योगिक क्षेत्र में 249 करोड़ 66 लाख रुपए की लागत से वर्किंग वीमेन हॉस्टल के निर्माण की स्वीकृति

विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र। इंदौर के राजवाड़ा में पहली बार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक हुई, जिसमें मध्य प्रदेश के शहरी विकास को नई दिशा देने के लिए मध्य प्रदेश महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास अधिनियम 2025 के प्रारूप को मंजूरी दी गई। अधिनियम-2025 लागू होने के बाद महानगर योजना समिति एवं महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन किया जा सकेगा।**

साथ ही प्रदेश में इंदौर-उज्जैन-देवास-धार एवं भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा (राजगढ़) के लिए महानगर योजना समिति एवं महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण का गठन राज्य सरकार द्वारा किया जा सकेगा। इस प्राधिकरण का उद्देश्य शहरों का सुव्यवस्थित विकास करना होगा और यह नगर निगम या अन्य प्राधिकरणों के कार्यों को प्रभावित नहीं करेगा। मुख्यमंत्री इस प्राधिकरण के चेयरमैन होंगे। प्राधिकरण 25 वर्षों की जरूरतों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाएगा। इसके तहत तीन स्तरों की समितियां बनाई जाएंगी, जिनमें दो स्तरों में मुख्यमंत्री शामिल होंगे और तीसरे स्तर में स्थानीय अधिकारी व जनप्रतिनिधि होंगे।

बता दें सरकार ने 10 लाख से अधिक जनसंख्या वाले नगरों के समग्र क्षेत्रीय विकास के उद्देश्य से महानगर योजना समिति और महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण गठित करने का निर्णय लिया है। इस व्यवस्था के तहत महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण संबंधित क्षेत्र की विकास योजना का प्रारूप तैयार करेगा और उसे अनुमोदन के लिए महानगर योजना समिति के माध्यम से राज्य सरकार को भेजेगा। राज्य सरकार द्वारा योजना को मंजूरी दिए जाने के बाद उसका क्रियान्वयन महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण द्वारा किया जाएगा। इस विकास योजना में क्षेत्र की भौगोलिक और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप शैक्षणिक, औद्योगिक और स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ें और आर्थिक प्रगति सुनिश्चित की जा सके।



### औद्योगिक क्षेत्रों में बनेंगे वूमन हॉस्टल, सरकार ने दी स्वीकृति

राज्य सरकार ने सभी औद्योगिक क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं के लिए वर्किंग वूमन हॉस्टल निर्माण की मंजूरी दी है, जिससे महिला कर्मचारियों को सुरक्षित और सुलभ आवास की सुविधा मिल सके। बैठक में प्रदेश में वर्किंग वुमन हॉस्टल के लिए 249.66 करोड़ की परियोजना स्वीकृत की गई है। सरकार की तरफ से औद्योगिक पार्क विक्रम उद्योगपुरी उज्जैन के लिए 66.36 करोड़, औद्योगिक पार्क पीथमपुर सेक्टर-1 और सेक्टर-2 धार के लिए 76.46 करोड़, औद्योगिक पार्क मालनपुर-घिरौंगी, भिंड के लिए 29.41 करोड़, औद्योगिक पार्क मंडीदीप, रायसेन के लिए 77.43 करोड़ रुपए को स्वीकृति दी गई। मालनपुर परियोजना के लिए भारत सरकार से 23.16 करोड़ स्वीकृत हुए और शेष 6.25 करोड़ एमपीआईडीसी द्वारा वहन किया जाएगा। वर्किंग वीमेन हॉस्टल्स में आधुनिक सुविधाएं, पर्याप्त पार्किंग, फूड कोर्ट और मनोरंजन तथा सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए स्थान उपलब्ध होगा। कामकाजी महिला छात्रावासों में महिलाओं की सुरक्षा, संरक्षा और नौकरी के अवसरों की उपलब्धता को प्राथमिकता दी जायेगी। रियायती दरों पर भोजन एवं न्यूनतम किराये पर बेड उपलब्ध कराया जायेगा। बुनियादी अधोसंरचनाओं जैसे-पार्किंग, रिक्रिएशनल रूम, पेन्ट्री, डायनिंग एरिया, कॉमन टॉयलेटस, कॉमर्शियल दुकानें इत्यादि सुविधाओं का निर्माण किया जायेगा। कार्यरत महिलाओं के बच्चों की उचित देखभाल के लिए झूला घर का भी प्रावधान किया गया है।



### मुख्यमंत्री का महापौर पुष्यमित्र भार्गव और भाजपा नगराध्यक्ष सुमित मिश्रा ने किया स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार की कैबिनेट बैठक ऐतिहासिक राजवाड़ा परिसर में आयोजित की गई। यह बैठक देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित की गई, जो राज्य की सांस्कृतिक विरासत को सम्मानित करने का एक प्रयास था। इस अवसर पर इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव और नगर भाजपा अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्रियों का पारंपरिक स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

### अद्वैत वेदांत दर्शन और आचार्य शंकर के जीवन-दर्शन को समर्पित होगा

ओंकारेश्वर में आचार्य शंकर की ज्ञान स्थली पर 'अद्वैत लोक संग्रहालय' के निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आयोजित कैबिनेट बैठक में 2195 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी दी गई है। यह संग्रहालय भारत की सांस्कृतिक विरासत, अद्वैत वेदांत दर्शन और आचार्य शंकर के जीवन-दर्शन को समर्पित होगा। प्रदेश सरकार 'एकात्म धाम' को ए ग्लोबल सेंटर ऑफ वननेस के रूप में विकसित कर रही है। यह परिसर आचार्य शंकराचार्य के जीवन, विचार और उनके द्वारा पुनरुज्जीवित किए गए सनातन धर्म की महान परंपरा को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। इस परियोजना को 4 स्टार जीआरआईएसए रेटिंग के मानकों के अनुरूप बनाया जा रहा है। इसमें सौर ऊर्जा, वर्षा जल संचयन, अपशिष्ट प्रबंधन, ऊर्जा दक्षता और प्राकृतिक संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग प्रमुख होगा।

**राहवीर योजना से बचेगी जान, मिलेगा 25 हजार का इनाम...** सड़क हादसों में घायलों की मदद के लिए कैबिनेट ने राहवीर योजना की घोषणा की। यदि कोई व्यक्ति दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुंचाता है तो उसे 25,000 रुपए तक की प्रोत्साहन राशि मिलेगी। उसे पुलिस द्वारा परेशान नहीं किया जाएगा। योजना के लिए संबंधित व्यक्ति को दुर्घटना वाली जगह से 108 नंबर पर कॉल करना भी अनिवार्य होगा। इस योजना से दुर्घटना में घायलों की समय पर इलाज मिलने से जान बच सकेगी।

**मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता मिशन होगा शुरू...** मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता मिशन को फिर से प्रारंभ किया जाएगा। मुख्यममंत्री शहरी स्वच्छता मिशन योजना 2025-26 से 2028-29 तक लागू होगी। इसके लिए 277 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई है ताकि नगर निगमों के पास आवश्यक संसाधन उपलब्ध हो। इसमें राज्य सरकार 167.74 करोड़ और निकाय का अंशदान 59.31 करोड़ होगा। इस राशि से सफाई व्यवस्था के लिए डी-स्लजिंग वाहन, सीवर लाइन सफाई उपकरण, ठोस अपशिष्ट परिवहन वाहन और सफाईमित्रा के लिए पीपीई किट खरीदी जाएगी।

### प्रदेश में शुरू होगा लोकमाता देवी अहिल्या बाई प्रशिक्षण कार्यक्रम

कैबिनेट ने प्रदेश में कौशल विकास के लिए लोकमाता देवी अहिल्या बाई प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने को स्वीकृति दी है। इसमें प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए नया प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ किया जाएगा। इसमें महिला और पुरुष कोई भी शामिल हो सकेगा। एमपीएसएसडीईजीबी को योजना के संचालन हेतु सैद्धांतिक सहमति प्रदान की गई।

### नए एमवाई हॉस्पिटल भवन के लिए 773.07 करोड़ की स्वीकृति

कैबिनेट ने इंदौर के महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबंद्ध महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय परिसर में नवीन चिकित्सालय भवन, मिनी ऑडिटोरियम, नर्सिंग होस्टल और पार्किंग के लिए 773.07 करोड़ की स्वीकृति और चिकित्सा महाविद्यालय रीवा में श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय में ओपीडी ब्लॉक, मेटेरनिटी ब्लॉक, स्टॉफ क्वाटर, नर्सिंग कॉलेज तथा हॉस्टल एवं अन्य कार्यों के लिए 321 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है।


## संक्षिप्त समाचार

### पाकिस्तान सेना प्रमुख असीम मुनीर को बनाया फील्ड मार्शल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान की संघीय सरकार ने मंगलवार को सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल असीम मुनीर को फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत किया। यह निर्णय प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में संघीय कैबिनेट की बैठक के दौरान लिया गया। उन्होंने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और संघीय कैबिनेट को उन पर विश्वास करने के लिए धन्यवाद दिया। बता दें कि पाकिस्तान सेना का प्रमुख असीम मुनीर लगातार भारत के खिलाफ जहर उगलता रहा है। हाल ही में हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसने कई भड़काऊ बयान दिए थे। मुनीर को यह तोहफा भारत के खिलाफ झूठा प्रचार फैलाने के लिए मिला है।

### यूट्यूबर ज्योति के फोन और लैपटॉप में मिली भारत की खुफिया जानकारी

**नई दिल्ली/हिसार।** पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा से एनआईए जम्मू-कश्मीर पुलिस और इंटेलिजेंस टीम ने पूछताछ की। उससे आतंकी संपर्कों को लेकर सवाल-जवाब किए गए। इस पूछताछ के दौरान उसके स्मार्टफोन और लैपटॉप की डिजिटल फोरेंसिक जांच की गई। उसके क्लाउड स्टोरेज में बीएसएफ मूवमेंट, रडार लोकेशन और हाई सिक्योरिटी जोन दिखाने वाले कई वीडियो मिले। वहीं, उसके कॉल डिटेल रिकॉर्ड्स से पता चला कि ज्योति एक अंतरराष्ट्रीय नंबर और दिल्ली स्थित पाकिस्तानी उच्चायोग के लगातार संपर्क में थी। इसके साथ ही वह पाकिस्तान से जुड़े ग्रुप में जुड़ी थी।




## ऑपरेशन सिंदूर : स्वर्ण मंदिर में एयर डिफेंस गन तैनात करने से सेना का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी

'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान अमृतसर के स्वर्ण मंदिर परिसर में कोई हवाई रक्षा प्रणाली या कोई अन्य हवाई रक्षा संसाधन तैनात नहीं किया गया था। भारतीय सेना ने मंगलवार को एक बयान जारी कर यह स्पष्टीकरण दिया है। यह बयान उन खबरों के मद्देनजर आया है, जिनमें कहा जा रहा था कि स्वर्ण मंदिर प्रबंधन ने पाकिस्तान से संभावित ड्रोन और मिसाइल खतरों से निपटने के लिए सेना को मंदिर परिसर के भीतर हवाई रक्षा प्रणाली तैनात करने की अनुमति दी थी। सेना ने एक बयान में कहा, स्वर्ण मंदिर में हवाई रक्षा प्रणाली की तैनाती के संबंध में मीडिया में कुछ खबरें प्रसारित हो रही हैं। यह स्पष्ट किया जाता है कि श्री दरबार साहिब अमृतसर (स्वर्ण मंदिर) के परिसर में कोई भी हवाई रक्षा प्रणाली या कोई अन्य हवाई रक्षा संसाधन या कोई एयर डिफेंस गन तैनात नहीं किया गया था।

इससे पहले, खबरों को खारिज करते हुए स्वर्ण मंदिर के अतिरिक्त मुख्य ग्रंथी और सिखों की सर्वोच्च धार्मिक संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने कहा था कि भारतीय सेना को कोई भी हवाई रक्षा प्रणाली तैनात करने की अनुमति नहीं दी गई थी। एसजीपीसी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने भी कहा कि हालांकि प्रशासन ने उनसे भारत व पाकिस्तान के बीच हाल ही में बढ़े तनाव के बाद 'ब्लैकआउट' के दौरान केवल लाइटें बंद करने के बारे में ही संपर्क किया था, और उन्होंने 'मर्यादा' संबंधी शुचिता बनाए रखते हुए प्रशासनिक जिम्मेदारी के हित में पूरा सहयोग किया।

### पर्यटन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की बैठक

## आतंकी हमले के बाद घाटी में रौनक लौटाने की कोशिश

नई दिल्ली, एजेंसी

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में एक बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें भारत के पर्यटन क्षेत्र की समीक्षा की गई और सुधार पर चर्चा की गई।**

यह बैठक 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद हुई है, जिससे पर्यटकों में खौफ का माहौल है। केंद्र सरकार घाटी में पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दे रही है। सरकार अब इस क्षेत्र में पर्यटकों को वापस लाने और यात्रा को प्रोत्साहित करने के लिए काम कर रही है। बैठक में मौजूदा योजनाओं की समीक्षा करने और देशभर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नए तरीके खोजने पर फोकस किया गया। इससे पहले, 15 मई को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सिविल सचिवालय में होटल संघ के साथ बैठक की थी। यह बैठक पहलगाम आतंकी हमले के बाद होटल कारोबारियों की चिंताओं पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। मुख्यमंत्री अब्दुल्ला ने सभी हितधारकों को भरोसा दिलाया था कि सरकार पर्यटन क्षेत्र को पूरा समर्थन देगी और उनके सुझावों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

### आतंकी हमले के बाद कश्मीर का पर्यटन प्रभावित हुआ

बायसरन में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद से कश्मीर का पर्यटन उद्योग बुरी तरह से प्रभावित हुआ। रही सही कसर पाकिस्तान की गोलाबारी ने पूरी कर दी। एक पूरा का पूरा सीजन खराब हो गया। सात मई से 12 मई तक उड़ानें बंद रहीं। संघर्ष विराम के बाद उड़ानें शुरू हुईं, तो पर्यटक आने शुरू हुए। इनमें अधिकतर ऐसे पर्यटक हैं, जिनकी पहले से बुकिंग थी। इससे हालात सामान्य होने लगे, मगर होटल कारोबारियों के अनुसार नई बुकिंग फिलहाल नहीं हो रही है। इस हमले में आतंकियों ने 26 लोगों की नृशंस तरीके से हत्या कर दी थी। जिसमें अधिकांश पर्यटक थे। इसके दो हफ्ते बाद भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने के लिए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। इस सैन्य अभियान के तहत सौ से अधिक आतंकियों को मौत के घाट उतारा गया। इसके अलावा, आतंकियों को पनाह दे रही पाकिस्तानी सेना के नौ एयरबेस को भी ध्वस्त किया गया।

### आईबी प्रमुख तपन कुमार डेका को एक वर्ष का सेवा विस्तार मिला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आतंकवाद विरोधी विशेषज्ञ तपन कुमार डेका को खुफिया ब्यूरो (आईबी) के प्रमुख के रूप में एक और साल का विस्तार दिया गया है। यह उनका दूसरा विस्तार है। वे 2022 से खुफिया ब्यूरो (आईबी) के प्रमुख हैं। यह फैसला 7 मई को भारत द्वारा पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर की गई कार्रवाई और पिछले महीने हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद बदले सुरक्षा हालात के मद्देनजर लिया गया है। आदेश के अनुसार, प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने डेका को एक और वर्ष के लिए आईबी निदेशक पद पर बनाए रखने की मंजूरी दी है।

### प्रोटोकाल विवाद पर सीजेआई ने की अपील

## तुच्छ मुद्दे को आगे न बढ़ाएं, यहीं करें खत्म

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के चीफ जस्टिस बीआर गवई ने प्रोटोकॉल वाले मामले को आगे न बढ़ाने की अपील की है। महाराष्ट्र प्रोटोकॉल विवाद पर गवई ने कहा, एक तुच्छ मुद्दे को अधिक नहीं बढ़ाना चाहिए। इसे लेकर खेद व्यक्त कर दिया गया।

यह मामला अब बंद है। सभी से इस मुद्दे को शांत करने का आग्रह है। सुप्रीम कोर्ट की ओर से जारी प्रेस नोट में जोर देकर कहा गया कि इस तरह के छोटे मामलों पर अनावश्यक विवाद से बचना चाहिए। दरअसल, महाराष्ट्र के मूल निवासी न्यायमूर्ति गवई रविवार को सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मुंबई आए थे। कार्यक्रम में मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और मुंबई पुलिस आयुक्त सहित राज्य के प्रमुख अधिकारी अनुपस्थित रहे थे, जिसकी काफी आलोचना हुई।

प्रोटोकॉल फॉलो न होने के मुद्दे की मीडिया पर जोरशोर से चर्चा होने लगी थी। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भी चीफ जस्टिस गवई के विचारों को दोहराते हुए कहा कि प्रोटोकॉल का पालन करना आवश्यक है। उन्होंने राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की तस्वीरों के बगल में उपराष्ट्रपति की तस्वीर नहीं होने को लेकर दुख जताया था।

## कर्नाटक में भारी बारिश, 8 की मौत

### बेंगलुरु में 500 घर डूबे



नई दिल्ली, एजेंसी

देश के कई राज्यों में मंगलवार को बारिश हुई। कर्नाटक में तेज बारिश के कारण 8 लोगों की मौत हुई है। बेंगलुरु में भारी बारिश के कारण 500 से ज्यादा घरों में पानी भर गया। बीटीएम लेआउट में पानी भरे अपार्टमेंट में करंट लगने से 12 साल के बच्चे और 63 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई। व्हाइटफील्ड में दीवार गिरने से 35 साल की महिला की मौत हो गई। शिवगंगा जिले के मल्लाकोट्टई में पत्थर की खदान में ढह गई। इस घटना में 5 मजदूरों की मौत हो गई। रेस्क्यू टीम ने 4 शव बरामद किए हैं। एक मजदूर घायल हुए है, उसका इलाज जारी है। अधिकारियों ने बताया कि यहां तेज बारिश हो रही है, चट्टान को ब्लास्ट किया गया था, इसी दौरान वह ढह गई।

### वक्फ कानून पर आज केंद्र सरकार रखेगी पक्ष

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- कानून पर अंतरिम राहत के लिए मजबूत दावा पेश करने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

**सुप्रीम कोर्ट में वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की सांविधानिक वैधता को चुनौती वाली याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कानून को लेकर अंतरिम आदेश पारित करने को लेकर तीन घंटे तक सुनवाई की।**

सुनवाई के दौरान सीजेआई बीआर गवई और जस्टिस जॉर्ज ऑगस्टीन मसीह की पीठ ने कहा कि कानून पर रोक लगाने और अंतरिम राहत के लिए मजबूत मामला पेश करने की जरूरत है। अन्यथा संवैधानिकता की धारणा बनी रहेगी। याचिकाकर्ता के वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार का पक्ष सुनने के लिए बुधवार को सुनवाई तय की है।

सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम आदेश पारित करने के लिए पहचाने गए तीन मुद्दों पर सुनवाई को सीमित करने का अनुरोध किया। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि तीन मुद्दों में अदालतों द्वारा वक्फ, उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ या विलेख द्वारा वक्फ घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति शामिल है। इस पर वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और वक्फ कानून का विरोध करने वाले अन्य लोगों ने कहा कि कोई भी सुनवाई टुकड़ों में नहीं हो सकती।

अधिनियम को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले सिब्बल ने दलील दी कि वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 वक्फों की रक्षा के लिए बनाया गया है, लेकिन वास्तव में यह एक गैर-न्यायिक, कार्यकारी प्रक्रिया के माध्यम से वक्फ पर कब्जा करने के लिए बनाया गया है। उन्होंने कहा कि वक्फ अल्लाह को दिया गया दान है और इसके अनुसार संपत्ति को हस्तांतरित नहीं किया जा सकता है- एक बार वक्फ, हमेशा वक्फ।



### लोगों को प्रार्थना करने से रोक दिया जाएगा

*कपिल सिब्बल ने कहा कि पहले, हालांकि संपत्ति को एक प्राचीन स्मारक के रूप में संरक्षित किया गया था, लेकिन संपत्ति की पहचान वक्फ होने से नहीं बदली और सरकार को हस्तांतरित हो गई। अब ऐसी वक्फ संपत्ति शून्य हो जाएगी और एक बार वक्फ शून्य हो जाने पर लोगों को प्रार्थना करने से रोक दिया जाएगा। धार्मिक गतिविधि को स्वतंत्र रूप से करने के अधिकार पर रोक लगा दी गई है। सीजेआई बीआर गवई ने कहा कि लोग अभी भी खजुराहो मंदिर में जाकर प्रार्थना करते हैं, हालांकि इसे एक प्राचीन स्मारक के रूप में संरक्षित किया गया है।*

# प्रदेश में जल संवर्धन अभियान... जनता और प्रशासन की संयुक्त भागीदारी





विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरचनाओं के निर्माण और साफ-सफाई के कार्य में निरंतर तेजी आती जा रही है। अभियान में जन-भागीदारी और प्रशासनिक अमला संयुक्त रूप से मिलकर भागीदारी कर रहा है। नदी, तालाबों और चेकडेम की सफाई के साथ बोरी-बंधान के कार्य भी किये जा रहे हैं। शहडोल जिले के मुड़ना नदी में ग्राम जोधपुर में स्टाप डैम में बोरी बंधान से नदी का जल क्षेत्र 12 घंटे के अंदर हुआ लबालब। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तहसील सोहागपुर के ग्राम जोधपुर से बहने वाली मुड़ना नदी की जलधारा सूख सी गई थी। पूर्व से बनाए गए स्टाप डैम में जन अभियान परिषद की ग्राम जोधपुर की प्रस्फुटन समिति तथा ग्राम पंचायत ने स्टाप डैम में बोरी बंधान करने का निर्णय लिया। ग्रामीणों के निर्णय से प्रभावित होकर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, एसडीएम सोहागपुर श्री अरविंद शाह और जन सामान्य ने गांव में पहुंचकर श्रमदान किया। बोरी बंधान से धीरे-धीरे मुड़ना नदी के बहाव क्षेत्र में जल स्तर बढ़ने लगा जिसे देखकर ग्रामीण जन प्रसन्न हो गए। पानी भर जाने से गांव के पशु-पक्षियों को पीने का पानी तथा ग्रामीण जनों को निस्तार के लिये पानी की सुविधा उपलब्ध हो गई है। श्योपुर जिले में कलेक्टर श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पीएचई विभाग द्वारा गांव-गांव में लोगों को नलो में टोटियां लगाकर जल का अपव्यय रोकने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत छीताखेडली में नल कनेक्शन में टोटी लगाकर पानी व्यर्थ न फैलाने के लिए ग्राम वासियों को प्रेरित किया गया। ऐसे नल जिनमें टोटियां नही लगी थी, उनमें टोटियां लगाई गई। इस अवसर पर जल संरक्षण के लिए शपथ भी दिलाई गई।

## जल की एक-एक बूंद बचाने का दिया जा रहा संदेश

देवास जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान में नगर निगम देवास द्वारा मीठा तालाब की सफाई की गई। नगरीय निकायों एवं प्रत्येक ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जिले में जल की एक-एक बूंद को सहेजने के लिए 30 जून 2025 तक अभियान जारी रहेगा। अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम देवास द्वारा देवास के राजोदा स्थित मीठा तालाब की साफ-सफाई की गई तथा तालाब सौंदर्यीकरण भी किया गया। इसी क्रम में नगर निगम देवास द्वारा आलोट पायगा स्कूल के कुएं की साफ-सफाई की गई। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों से जिले में बारिश के दिनों में पानी संग्रहित होगा तथा वाटर लेवल भी बढ़ेगा।

### ग्राम ठकुर्रा में स्वच्छता गतिविधि

छतरपुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले में जल स्रोतों के जीर्णोद्धार, संरक्षण और जल संवर्धन के लिए सामूहिक रूप से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा। कलेक्टर श्री पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिलेभर में गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड गौरिहार के ग्राम ठकुर्रा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कैल नदी में साफ-सफाई एवं शपथ का आयोजन किया गया।

### घुघरी में जल संरक्षण कार्यों का किया गया निरीक्षण

मंडला जिले में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट ने विकासखंड घुघरी के ग्राम पंचायत डोंगर मंडला का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत चल रहे विभिन्न जल संरक्षण कार्यों का जायजा लिया। सीईओ जिला पंचायत श्री कूमट ने निर्माणाधीन खेत तालाब, डग वेल रिचार्ज और कूप मरम्मत कार्यों को देखा। उन्होंने ग्रामीणों से जल संरक्षण के कार्यों में सामुहिक श्रमदान की अपील की।

### प्राचीन बावड़ी का हो रहा है कायाकल्प

उज्जैन जिले में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मंशा के अनुरुप जिले में जल गंगा जल संवर्धन अभियान का योजनाबद्ध क्रियान्वयन किया जा रहा है। गौरतलब है की जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य जन भागीदारी से जल संरक्षण और संवर्धन सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अंतर्गत समाज की भागीदारी एवं विभिन्न सहभागी विभागों की समेकित पहल से मुख्यत: नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण, भू-जल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई और जीर्णोद्धार किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में स्थित प्राचीन जल के स्रोत- बावड़ी, कुए और कुंड की साफ-सफाई कर उनका जीर्णोद्धार किया जा रहा है। इसी क्रम में तराना जनपद की ग्राम पंचायत कायथा में स्थित प्राचीन बावड़ी का भी अभियान के अंतर्गत कायाकल्प किया जा रहा है। इस बावड़ी का निर्माण देवी अहिल्या बाई होल्कर द्वारा लगभग 300 वर्ष पूर्व कराया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### जल संरक्षण और संवर्धन वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता : मंत्री पटेल



**भोपाल, निप्र।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद पटेल ने माही नदी के उद्गम स्थल धार जिले के ग्राम मिंडा में जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश प्राचीनकाल से जल संरचनाओं का धनी रहा है और इसे नदियों का मायका कहा जाता है। यहां से निकलने वाली नदियाँ देश के बड़े भूभाग को जीवन देती हैं, इसलिए जल संरक्षण और संवर्धन वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गई है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को जल संकट से बचाने के लिए अभी से ठोस प्रयास करना जरूरी है। उन्होंने विशेष रूप से पौधों और वृक्षों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि जल और हरियाली एक-दूसरे के पूरक हैं। जब हम पेड़ लगाएंगे और उन्हें संरक्षित करेंगे, तभी जल स्रोतों को भी जीवित रख सकेंगे। उन्होंने प्राकृतिक जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने, वर्षा जल संचयन की पद्धतियों को अपनाने और स्थानीय जल निकायों की स्वच्छता व देखरेख के लिए जनभागीदारी को ज़रूरी बताया। उन्होंने कहा कि गांवों में जल संरक्षण को जनआंदोलन का रूप देना होगा, तभी इसका वास्तविक लाभ मिल सकेगा। मंत्री श्री पटेल ने माही नदी के उद्गम स्थल स्थित माही माता मंदिर में पूजन-अर्चन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण एवं विकास के लिए आवश्यक कदम उठाने का भी आश्वासन दिया। कार्यक्रम में ज़िला पंचायत अध्यक्ष श्री सरदार सिंग मेड़ा,सरदारपुर विधायक श्री प्रताप ग्रेवाल, सीईओ श्री अभिषेक चौधरी प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में जल संरक्षण के इस संकल्प में सहभागिता का संकल्प लिया।

### मुख्यमंत्री ने परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ. श्रीनिवासन के निधन पर दुःख व्यक्त किया

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारत के परमाणु ऊर्जा आयोग के पूर्व अध्यक्ष पद्मविभूषण डॉ. एम.आर. श्रीनिवासन के निधन पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. श्रीनिवासन का भारत को परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण योगदान स्मरणीय रहेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल से दिवंगत आत्मा को शांति और शोकाकुल परिवार को इस गहन दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

### मप्र के चारखेड़ा स्टेशन के पास काशी एक्सप्रेस की बोगी के पहियों से अचानक निकलने लगा धुआं



**भोपाल, निप्र।** मध्यप्रदेश के खंडवा जिले में चारखेड़ा रेलवे स्टेशन के पास मुंबई से गोरखपुर जा रही काशी एक्सप्रेस में मंगलवार को दोपहर में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब ट्रेन के एक डिब्बे के पहियों से अचानक आग और धुआं निकलने लगा। सूचना मिलते ही ट्रेन को वहीं रोक दिया गया। संबंधित बोगी की जांच की गई। आग पर तुरंत काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, लोकमान्य तिलक टर्मिनस मुंबई से गोरखपुर जा रही गाड़ी संख्या 15017 काशी एक्सप्रेस मंगलवार को दोपहर में खंडवा से रवाना होकर इटारसी की ओर आ रही थी, इसी दौरान चारखेड़ा रेलवे स्टेशन के पास स्थित तवा ब्रिज पर ट्रेन के पहिए से अचानक आग लग गई और तेज धुआं निकलने लगा, जिससे यात्रियों में अफरा-तफरा मच गई। धुआं उठते देख कई यात्री घबराकर तुरंत डिब्बे से बाहर कूद गए। हालांकि, पहिए से धुआं निकलने की जानकारी लगते ही ट्रेन को तत्काल रोक दिया गया। इसके बाद खंडवा और चारखेड़ा स्टेशन से तकनीकी अमला मौके पर पहुंचा और कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया। आग पर काबू पाने के बाद ट्रेन की पूरी जांच की गई और इसके बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया। गनीमत रही कि समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। चारखेड़ा स्टेशन मास्टर इंद्रजीत कुमार यादव ने बताया कि प्राथमिक जांच में ब्रेक जाम होने के कारण पहिए से धुआं उठने की बात सामने आई है। घटना के चलते दो से तीन ट्रेनें निर्धारित समय से देरी से रवाना हुईं। काशी एक्सप्रेस को आवश्यक जांच के बाद आगे रवाना कर दिया गया।

# पंचशील मंडल की तिरंगा यात्रा में शामिल रहे सबनानी





विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के पंचशील मंडल ने भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया। तिरंगा यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक भगवानदास सबनानी के साथ ही भारतीय जनता पार्टी पंचशील मंडल के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पंचशील मंडल अध्यक्ष डॉ. प्रियेश उपाध्याय ने बताया कि तिरंगा यात्रा की शुरुआत पत्रकार कॉलोनी से होकर पंचशील नगर नर्मदा भवन सरस्वती शिशु मंदिर पांच नंबर ऋषि नगर चार इमली कोलार तिराहे से होकर चुना भट्टी काली मंदिर पहुंची, चुना भट्टी चौराहे पर भारत माता की आरती की गई, और दीपों से पूरे चौराहे को सजाया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता महेश जोशी चंद्रभान आयुष खंडेलवाल विजेंद्र राजपूत नंदू सन्नासे राधेश्याम प्रजापति उमेश यादव राकेश मालवीय के साथ ही लगभग 500 बाईकों कार्यकर्ता रैली में उपस्थित रहे।

## मध्यप्रदेश में पारेषण हानि अब तक के न्यूनतम स्तर पर : ऊर्जा मंत्री तोमर

**विद्युत नियामक आयोग के निर्धारित लक्ष्य 2.77 प्रतिशत के मुकाबले हासिल किया 2.60 प्रतिशत पारेषण हानि**



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि प्रदेश ने विद्युत पारेषण क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए पारेषण हानि (ट्रांसमिशन लॉस) को ऐतिहासिक रूप से न्यूनतम स्तर तक लाने में सफलता प्राप्त की है। यह उपलब्धि विद्युत कर्मियों की तकनीकी दक्षता, सतत निगरानी, उन्नत प्रबंधन प्रणाली और अत्याधुनिक तकनीकी उपायों के समन्वय से संभव हो सकी है।

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश राज्य विद्युत नियामक आयोग (MPERC) द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए निर्धारित 2.77 प्रतिशत लक्ष्य की तुलना में इस वित्तीय वर्ष में पारेषण हानि को घटाकर 2.60 प्रतिशत तक लाया गया है। यह राज्य की विद्युत कंपनियों की कार्यकुशलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह पिछले दो वर्षों की तुलना में भी उल्लेखनीय सुधार है। वर्ष 2022-23 और 2023-24 में पारेषण हानि 2.61 प्रतिशत थी, जबकि वर्ष 2024-25 में इसमें 0.01 प्रतिशत की और गिरावट दर्ज की गई है। किसी भी ट्रांसमिशन प्रणाली में पारेषण हानि के न्यूनतम स्तर पर होने से न केवल पर्यावरणीय प्रभाव कम होता है, बल्कि विद्युत उत्पादन की लागत भी घटती है। इसके अतिरिक्त, यह वोल्टेज स्तर समेत अन्य तकनीकी मानकों को स्थिर रखने में भी सहायता करता है। इससे समग्र बिजली प्रणाली अधिक विश्वसनीय बनती है।

### विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता होगी बेहतर

एम.पी. ट्रांसको द्वारा किए गए नवाचारों, स्कॉडा प्रणाली जैसी उन्नत तकनीकी विधियों, विद्युत ग्रिडों की निरंतर निगरानी और समय-समय पर किए गए रख-रखाव के चलते यह सफलता संभव हो सकी है। कंपनी विद्युत नेटवर्क के आधुनिकीकरण और क्षमतावर्धन की दिशा में लगातार प्रयासरत है। यह सफलता न केवल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह विद्युत आपूर्ति की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और उपभोक्ताओं को अधिक स्थिर व निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने में भी सहायक सिद्ध होगी।

## जनसुनवाई में दिव्यांग ओमवती को प्रदान की गई ट्राई साईकिल, 132 आवेदन प्राप्त हुए




**भोपाल, (हि.स.)।** कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 132 आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर एडीएम भूपेन्द्र गोयल, अंकुर मेश्राम, जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में म. न.- 307 प्रीत नगर कॉलोनी भोपाल से दिव्यांग ओमवती पत्नी स्व.अर्जुन सिंह को कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के आदेशानुसार सामाजिक न्याय निःशक्तजन कल्याण विभाग द्वारा ट्राई साईकिल प्रदान की गई। कलेक्टर सिंह ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## विकसित मध्यप्रदेश@2047 दृष्टिपत्र पर मंत्रि-परिषद का मंथन

# सकल घरेलू उत्पाद को 15.03 लाख करोड़ से बढ़ाकर 250 लाख करोड़ करने का लक्ष्य

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती वर्ष पर राजवाड़ा इंदौर में विकसित मध्यप्रदेश @2047 दृष्टिपत्र पर मंत्रि-परिषद ने मंथन किया।**

लोकमाता देवी अहिल्याबाई के आदर्शों और मूल्यों अनुरूप विकसित मध्यप्रदेश बनाने के लक्ष्यों और प्रक्रिया पर सदस्यों की विस्तृत चर्चा हुई। वर्ष 2047 तक प्रदेश का समेकित विकास करते हुए सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) को 15.03 लाख करोड़ से बढ़ाकर 250 लाख करोड़ (2 ट्रिलियन डॉलर) करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय को एक लाख 60 हजार रूपये से बढ़ाकर 22 लाख रूपये करने का भी लक्ष्य रखा गया है। अपर मुख्य सचिव श्री संजय कुमार शुक्ला ने बताया कि दृष्टि पत्र में वर्ष 2047 में एक समृद्ध मध्यप्रदेश की परिकल्पना की गयी है जो कि सभी के सामूहिक प्रयासों से संपन्न, सुखद और सांस्कृतिक मध्यप्रदेश की नींव पर निर्मित होगा। इस प्रकार वर्ष 2047 का मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणा मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास के अनुसरण से निर्मित होगा। मध्यप्रदेश को वर्ष 2047 तक विकसित राज्य बनाने एवं प्रदेश के समग्र सामाजिक आर्थिक विकास के उद्देश्य से हितधारक परामर्श एवं जन सहयोग से विकसित मध्यप्रदेश@2047 दृष्टि पत्र को तैयार किया गया है। दृष्टि पत्र को धरातल पर वास्तविक रूप से साकार करने के लिए रोडमैप का मंत्रि-परिषद के सदस्यों के समक्ष सम्बंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रेजेंटेशन दिया। दृष्टि पत्र में वर्ष 2047 में अल्पकालिक और दीर्घकालिक लक्ष्यों के बारे में विस्तृत रूप से मंत्रि-परिषद के सदस्यों को अवगत कराया गया। 8 थीमैटिक ग्रुप्स में उद्योग, कृषि एवं सम्बंधित क्षेत्र तथा वनोत्पाद, सेवाएं और अधोसंरचना एवं नगरीय विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुशासन एवं नागरिक सेवाओं का प्रदाय और वित्तीय नियोजन एवं संवर्धन पर प्रेजेंटेशन दिया गया। मंत्रि-परिषद के सदस्यों ने सभी विषयों पर विस्तार से चर्चा की। मंत्रि-परिषद के सदस्यों को बताया गया कि मध्यप्रदेश ञ्च2047 दृष्टिपत्र के क्रियान्वयन के लिए उच्च स्तरीय क्रियान्वयन समिति का गठन किया जायेगा। राज्य के सभी विभागों की योजनाओं, लक्ष्यों एवं कार्य बिंदुओं की डिजिटल ट्रैकिंग की जाएगी।



### शत-प्रतिशत साक्षरता, नवकरणीय ऊर्जा को 75 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य

मध्यप्रदेश @2047 दृष्टिपत्र अनुसार वर्तमान में राज्य की अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है। सकल घरेलू उत्पाद में कृषि 43%, सेवाएं 36 और उद्योग 21% योगदान देते हैं। वर्ष@2047 तक उद्योगों और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देकर, रोजगार के अवसर सृजित कर अर्थव्यवस्था को संतुलित करते हुए जीडीपी में कृषि का योगदान 24-28%, उद्योग का योगदान 21-25% और सेवाओं का योगदान 49-53 न्न तक लाने का प्रयास किया जायेगा। सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में कार्य करते हुए प्रति व्यक्ति औसत आयु को 67.4 वर्ष से बढ़ाकर वर्ष @ 2047 तक 84 वर्ष से अधिक करने का लक्ष्य रखा गया। साथ ही साक्षरता दर को 75.2% से बढ़ाकर वर्ष@ 2047 तक 100 प्रतिशत करने का प्रयास किया जाएगा। ऊर्जा के क्षेत्र में कुल ऊर्जा स्त्रोत में नवकरणीय ऊर्जा का प्रतिशत 22.5 से बढ़ाकर 75% से अधिक किया जाएगा।

### मध्यप्रदेश@2047 दृष्टि पत्र के निर्माण का कालक्रम

देश के 75 वें स्वतंत्रता दिवस भाषण में, प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित देश बनाने का प्रयास किये जाने का आह्वान किया गया था। इसे साकार करने के लिए विकसित मध्यप्रदेश @2047 दृष्टि पत्र बनाने का निर्णय लिया गया था। विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने में मध्यप्रदेश के योगदान को सुनिश्चित करने, मध्यप्रदेश संकल्प पत्र-2023 के लक्ष्यों की पूर्ति करने एवं राज्य के समग्र विकास को दिशा देने के लिए विकसित मध्यप्रदेश @2047 दृष्टिपत्र तैयार किया गया। विकसित मध्यप्रदेश @ 2047 विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने में अप्रैल 2024 में नीति आयोग, भारत सरकार से प्रारम्भिक चर्चा की गयी। माह मई से सितम्बर 2024 के मध्य अपर मुख्य सचिव / प्रमुख सचिव/ सचिव स्तर के 8 थीमेटिक समूहों में व्यापक परिचर्चा के बाद विकसित भारत@2047 के लिए मध्यप्रदेश के सुझाव और अभिमत नीति आयोग को प्रेषित किये गए।

# लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर को नमन से हुई मंत्रि-परिषद बैठक की शुरुआत

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव सहित प्रदेश के मंत्रीगणों ने की लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित




विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** इंदौर के राजवाड़ा में आयोजित मंत्रि-परिषद की महत्वपूर्ण बैठक का शुभारंभ लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर के नमन के साथ किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राजवाड़ा के समीप स्थित उद्यान में देवी अहिल्या बाई होल्कर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल तथा श्री जगदीश देवड़ा सहित मंत्रीगण श्री प्रहलाद सिंह पटेल, श्री राकेश सिंह, श्री कैलाश विजयवर्गीय, श्री तुलसीराम सिलावट और अन्य मंत्रीगणों ने भी पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सहित मंत्रि-परिषद के सदस्यों का मालवी परम्परा के अनुरूप पगड़ी पहनाकर स्वागत-सत्कार किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और मंत्रीगणों ने इस स्मृति को चिर स्थायी बनाये रखने के लिये सामूहिक फोटो भी खिंचवाये।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर के गौरव राजवाड़ा के प्रसिद्ध दरबार हाल के संरक्षण एवं पुनर्स्थापना कार्य का शुभारंभ किया। यह कार्य संस्कृति विभाग के पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय द्वारा प्रदेश की समृद्ध, सांस्कृतिक और स्थापत्य विरासत के संरक्षण की दिशा में कराया जा रहा है। इससे दरबार हॉल के गौरव को पुनः लौटाया जायेगा। दरबार हॉल के लिये 11 करोड़ 21 लाख रूपये सिंहस्थ मद के तहत स्वीकृत किये गये हैं। यह कार्य होने से इंदौर की पहचान होल्करकालीन स्थापत्य की कला को उसका मूल भव्य स्वरूप प्राप्त होगा। सांस्कृतिक गतिविधियों, धरोहर भ्रमण और विरासत पर्यटन के एक सक्रिय केन्द्र के रूप से पुनः विकसित किया जायेगा।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने होल्कर साइंस कॉलेज के विद्यार्थियों से किया संवाद



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर के राजवाड़ा में होने वाली ऐतिहासिक कैबिनेट बैठक के पहले होल्कर साइंस कॉलेज का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने हार्टिकल्चर लैब का अवलोकन एवं फिजिकल एजुकेशन विंग के विद्यार्थियों से चर्चा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने होल्कर साइंस कॉलेज में विद्यार्थियों से संवाद किया। यह क्षण विद्यार्थियों के लिए शुभाशीष से कम नहीं था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अपने सामने पाकर विद्यार्थियों के चेहरे की खुशी अलग ही दिख रही थी, चारों तरफ खुशी का माहौल था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से संवाद के दौरान विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगा कर पढ़ाई करने एवं खेल कूद गतिविधियों में सहभागिता करने के लिये प्रेरित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं, विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल गतिविधियों में सुविधाओं का विस्तार कर रही है। हमारे होनहार खिलाड़ियों ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषि विकास और विस्तार की संभावनाओं से भी विद्यार्थियों को रू-ब-रू कराया। उन्होंने शासन की कृषि संबंधी मुख्य योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश कृषि विकास में अग्रणी राज्य की भूमिका अदा करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संवाद के दौरान महाविद्यालयीन विद्यार्थियों से सवाल-जवाब भी किए। विद्यार्थियों द्वारा बड़े उत्साह के साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब भी दिया गया। विद्यार्थियों ने बताया कि महाविद्यालय की ओर से खेल गतिविधियों के तहत हमें पचमढ़ी और मनाली शिविर में ट्रैकिंग सहित अन्य गतिविधियां करवाई गई। विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचवाया।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कैबिनेट बैठक के बाद मंत्रिमंडल के साथ किया भोज



इंदौर में आयोजित विशेष कैबिनेट बैठक के समापन के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने समस्त कैबिनेट मंत्रियों के साथ पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया। इस अवसर पर विशेष रूप से तैयार किए गए स्थानीय व्यंजनों की भव्य व्यवस्था की गई थी। इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने



अतिथियों का आत्मीय स्वागत करते हुए सभी मंत्रियों को भोजन परोसा और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ बैठकर स्वयं भी भोजन किया। यह आयोजन न केवल प्रशासनिक रूप से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि मालवी संस्कृति और इंदौर की अतिथि सत्कार परंपरा का भी प्रतीक बना।

## लालबाग के ऐतिहासिक स्थल के सौंदर्यीकरण व पर्यटन संवर्धन हेतु 24 महीने में होगा पुनर्निर्माण : मुख्यमंत्री डॉ. यादव




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को इंदौर के ऐतिहासिक स्थल लालबाग पैलेस पहुंचकर होल्कर राजवंश के संस्थापक सूबेदार मल्हारराव होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने 47.59 करोड़ रूपये लागत से लालबाग पैलेस के जीर्णोद्धार एवं उद्यान पुनर्विकास कार्य का भूमि-पूजन किया। उन्होंने लालबाग पैलेस का भ्रमण भी किया, जहां उन्होंने महल की ऐतिहासिक संरचना और सौंदर्य का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण के प्रयास कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए बैठक कक्ष, क्राउन हॉल, बैंकेट हॉल, दरबार हॉल, किंग्स ऑफिस, मंत्रणा कक्ष, पश्चिमी बैठक कक्ष, भारतीय भोजन कक्ष पुरुष एवं महिला, बॉल रूम आदि की विशेषताओं की जानकारी प्राप्त की। आर्किटेक्ट श्री पुनीत सोहल द्वारा लालबाग पैलेस परियोजना का प्रजेंटेशन दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उन्होंने लालबाग पैलेस के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास के लिए किए गए कार्य एवं आगामी कार्य योजना से अवगत करवाया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस महत्वाकांक्षी कार्य के सफलतापूर्वक पूर्ण होने की कामना व्यक्त की। उद्यान और होल्कर्स की विरासत को जीवंत रखने, उद्यान को सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधि स्थल के रूप में विकसित करने एवं ऐतिहासिक अवधारणा पर आधारित रचना अनुसार पुनःविकसित करने के उद्देश्य से यह कार्य किया जाएगा। इसके लिए 47.59 करोड़ की स्वीकृति सिंहस्थ मद अंतर्गत प्राप्त हुई है। यह कार्य मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा किया जाएगा। कार्य की समय सीमा 24 माहअर्थात मई 2027 निर्धारित है। इसमें बाउंड्री वाल, पाथवे, पार्किंग, सॉफ्ट स्केपिंग एवं सिंचाई, जनसुविधा, टिकिट काउंटर, उद्यान कैफे, मुक्ताकाश मंच, मंडप, रानी अहिल्या बाई आत्मरक्षा केंद्र (बालिकाओं के लिए), वनस्पति रक्षा ग्रह, बाहरी विद्युतीकरण, सजावटी प्रकाश खंभे, बगीचे के लिए पाइप संगीत प्रणाली, सीसीटीवी आदि का कार्य किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ, सुषमा शर्मा (श्रुति), इन्दौर एवं डॉ. अनुराधा सुनील पारे (अवि), जबलपुर की एक और विश्वस्तरीय पुस्तक का विमोचन



**इंदौर, (विनय उजाला)।** संपादक त्रय गुरु आदरणीय इंद्राणी साहू (साँची) जी, आदरणीय नीराणणी श्रीवास (नियति) एवं आदरणीय पद्मा साहू (पर्वणी) जी के सानिध्य में हिन्दी व्याकरण को छंदबद्ध किया है। छत्तीसगढ़ राज्य की राजधानी रायपुर में मुख्य अतिथि डॉ0 पी.सी. लाल यादव (वरिष्ठ साहित्यकार, पद्मश्री) अध्यक्ष श्री बृजमोहन अग्रवाल (सांसद छत्तीसगढ़) के छोटे भाई आदरणीय योगेश अग्रवाल (छत्तीसगढ़ी फ़िल्म निर्देशक और अभिनेता) विशिष्ट अतिथि महेश कुमार शर्मा (राष्ट्रीय महामंत्री, राष्ट्रीय कवि संगम) विशिष्ट अतिथि आ0 रामेश्वर शर्मा (वरिष्ठ साहित्यकार) विशिष्ट अतिथि- आ0 अरुण कुमार निगम (संस्थापक छंद के छ.) विशिष्ट अतिथि डॉ0 सोनल राजेश शर्मा छत्तीसगढ़ प्रतिनिधि गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड, विशिष्ट अतिथि आदरणीय कमल शर्मा जी उपाध्यक्ष राष्ट्रीय कवि संगम प्रांतीय इकाई के आतिथ्य में छंदबद्ध वृहत हिंदी व्याकरण का विमोचन और लोकार्पण किया गया। डॉ. सुषमा शर्मा (श्रुति) को हिन्दी में व्यंजन एवं व्यंजन के प्रकार तथा डॉ. अनुराधा सुनील पारे (अवि), जबलपुर को अव्यय, क्रिया विशेषण एवं उसके प्रकारों को छंदबद्ध करने हेतु गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड सहित अन्य 4 राज्यस्तरीय प्रमाणपत्र और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।

#### भारतीय सेना जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारों से गूंजा शहर

## सामाजिक महासंघ महिला इकाई के नेतृत्व में 'ऑपरेशन सिंदुर' की सफलता पर शहर में निकाली गई कृतज्ञता रैली





विनय उजाला

**झाबुआ।** समाजिक महासंघ महिला इकाई के तत्वावधान में भारत की पाकिस्तान पर शानदार जीत एवं ऑपरेशन सिंदुर की सफलता तथा भारतीय सेना और समस्त केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करने हेतु कृतज्ञता रैली का आयोजन 19 मई, सोमवार शाम 7 बजे राजवाड़ा चौक से किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में मातृ शक्तियों ने सहभागिता की। मातृ शक्तियों ने भारतीय एवं तिरंगा परिधानों में अपने हाथों में तख्तीयां लेकर भारतीय सेना की शूर वीरता के जयघोष लगाने के साथ पाकिस्तान मुर्दाबाद के भी नारे लगाए। जानकारी देते हुए सामाजिक महासंघ महिला इकाई की भारती सोनी एवं वंदना जोशी ने बताया कि रैली में आगे ढोल रहे। इसके पीछे मातृ शक्तियां दो-दो की कतार में अपने हाथों में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लेकर चली। महिलाएं अपने हाथों में भारतीय सेना जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद की भी तख्तीयां लेकर चलने के साथ उत्साहपूर्वक भारत माता की जय, वंदे मातरम् के नारे लगाए गए। महिलाएं भारतीय परिधानों एवं तिरंगा के रंगों में सफेद, हरे एवं केसरिया वस्त्र पहनकर सम्मिलित हुई। सामाजिक महासंघ की महिला इकाई के नेतृत्व में करीब 350 महिलाएं शामिल हुई। जिसमें शहर के विभिन्न समाजों, सामाजिक एवं धार्मिक संस्थाओं से जुड़ी महिलाओं ने भाग लेकर ऑपरेशन सिंदुर की सफलता पर भारतीय सेना के प्रति अपना आभार प्रकट किया। यह आभार रैली राजवाड़ा से श्री गौवर्धननाथ मंदिर तिराहा, आजाद चौक, बाबेल चौराहा, थांदला गेट, रूनवाल बाजार, राधाकृष्ण मार्ग होते हुए पुनः राजवाड़ा पहुंची। समापन पर शहर की सभी मातृ शक्तियों ने राजवाड़ा पर मानव श्रृंखला बनाकर संयुक्त राष्ट्र संघ से पाकिस्तान को आंतकवादी राष्ट्र घोषित करने की मांग की।

### :: जाहिर सूचना ::

**दिनांक : 19/05/2025**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा भाई संदीप पिता कैलाश राजपूत जो कि मेरे परिवार से अलग होकर ग्राम खामखेड़ा में रहता था और अनाज का व्यापारी था। वह 8 दिन पूर्व बिना बताये कहीं चला गया है, जिसकी गुमशुदगी मेरे द्वारा कसरावद थाने पर दर्ज करवा दी है। मेरा भाई कहा गया है और किस हालात में है इसकी मुझे कोई जानकारी नहीं है। उसके बाद भी कई लोग मुझ पर रूपये वसूलने के लिये दबाव बनाते है और धौस धमकियां देते है।

अतः इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे भाई संदीप के लेन-देन के संबंध में मुझ पर दबाव ना डाले और धौस धमकियां न दे अन्यथा मैं आपके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहुंगा, जिसके हर खर्च के जिम्मेदार आप स्वयं होंगे।

**जयदीप पिता कैलाश राजपूत**
**निवासी ग्राम ब्राहम्णगांव तह.**
**कसरावद, जिला खरगोन (म.प्र.)**
**मो.नं. 81030-64782**

### न्यायालय तहसीलदार तहसील जूनी इंदौर, जिला-इंदौर (म.प्र.)

**क्रमांक/1123/रीडर/2024** **इंदौर, दिनांक : 21/11/2024**

**:: उद्घोषणा ::**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन पक्ष प्रतिभा पति महेश पाटीदार निवासी 158, 159, गणेशपुरी खजराना, इंदौर ने म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 68 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की राजस्व ग्राम खजराना स्थित भूमि खसरा क्रमांक 796/2 रकबा 0.590 हेक्टेयर भूमि का बटांकन/नक्शा तरमीम राजस्व अभिलेख में किये जाने का निवेदन किया है। आवेदन पत्र के समर्थन में खसरा एवं किश्तबंदी खतौनी की प्रति संलग्न की है।

अतः आवेदित भूमि का बटांकन किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो दिनांक 26/05/2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत करें। मियाद अवधि के पश्चात आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 19/05/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी।

**आर.सी.एम.एस. प्रकरण क्रमांक : 0166/अ-3/2024-25**

**तहसीलदार**
**तहसील, जूनी इंदौर**

## वैश्य महासम्मेलन इंदौर ने प्रदेश टॉपर अनन्या शर्मा का किया सम्मान





विनय उजाला

**इंदौर।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महिला समाज अध्यक्ष एवं वैश्य महासम्मेलन इंदौर अध्यक्ष श्रीमती राखी हरीश विजयवर्गी ने अनन्या शर्मा को तिलक लगाकर पुष्प गुच्छ व पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया साथ ही परिवार जनों को भी सम्मानित किया इस अवसर पर समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरीश विजयवर्गी ने कहा कि प्रदेश में अव्वल रही अनन्या शर्मा के साथ-साथ बोर्ड परीक्षा 10 वी 12 वी में शहर के टॉपर मेधावी छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया जाएगा।

इंदौर बालाजी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा इंदौर की मेधावी छात्रा प्रदेश में अव्वल स्थान पाने वाली अनन्या शर्मा का सेवा प्रकल्प स्थल एम बाय हॉस्पिटल परिसर में पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया।

अनन्या शर्मा पिता विशाल शर्मा ने सीबीएसई 2025 बोर्ड परीक्षा में 12वीं कक्षा में 99.2% अंक प्राप्त कर प्रदेश में अव्वल स्थान पाया। संस्था के राजेश विजयवर्गीय ने बताया कि सम्मान समारोह में अनन्या शर्मा के साथ साथ मार्ग दर्शिका दादी श्रीमती सविता शर्मा का भी सम्मान किया। अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज प्रवक्ता राजकुमार पांडे, युवा संगठन के अध्यक्ष प.अवधेश शुक्ला डॉ अरुण पाटीदार, माली समाज अध्यक्ष शिव सेनी, संजय लुल्ला, आशीष अग्रवाल, महेंद्र यादव जय रघुवंशी, रेखा विजयवर्गीय मनाली विजयवर्गीय, जयश्री पाटोदी ने पुष्प माला ब दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

### कार्यालय वनमंडल अधिकारी वनमंडल बैतूल (उत्पादन) म.प्र.

**दूरभाष क्रमांक - 07141-234408** **E-mail : dfopbetur@mp.gov.in**
**क्रमांक/स्टोर/2025/12** **बैतूल, दिनांक : 14/05/2025**

**:: ई-निविदा सूचना ::**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वन वृत्त बैतूल अंतर्गत उत्पादन वनमण्डल बैतूल अंतर्गत उत्पादन वनमण्डल बैतूल अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-2026 (31 मार्च 2026) के उपयोग हेतु काष्ठागार भौरा अंतर्गत नवीन धार डिपो में लगने वाली आवश्यक सामग्री के क्रय हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र की शर्ते एवं विस्तृत जानकारी हेतु मध्यप्रदेश की वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर लॉग-ऑन करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रूपये 1,000/- तथा सत्यंकार की राशि रूपये 30,000/- है। निविदा प्रपत्र ऑन-लाइन ही क्रय किया जा सकेगा एवं निविदा ऑनलाईन ही प्रस्तुत करने पर मान्य होगी।

निविदा का कुल मूल्य लगभग रूपये 10,00,000/- है। निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जावेगी।

निविदा में किसी प्रकार का संशोधन होने की स्थिति में संशोधन की जानकारी वेबसाईट पर दी जाएगी।

| क्रं. | विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 01 | Publishing Date | 20/05/2025 | निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने |
| 02 | Document Download/Sale Start Date | 20/05/2025 | तथा खोलने का समय वेबसाईट |
| 03 | Bid Submission Start Date | 20/05/2025 | https://mptenders.gov.in |
| 04 | Pre-Bid Meeting | 23/05/2025 | पर दर्शित हैं। |
| 05 | Bid Submission Closing Date | 27/05/2025 | |
| 06 | Bid Opening Date | 29/05/2025 | |

जी-13141/25

**(सचिन एच.एन.)**
**भा.व.से.**
**वनमंडल अधिकारी**
**(उत्पादन) वनमंडल बैतूल**

"बच्चों की मुस्कान है अनमोल, इसे सुरक्षित रखें हर हाल"

# सम्पादकीय

## आतंक को संरक्षण नहीं

भाजपा देश भर में तिरंगा यात्रा' निकाल रही है। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में बताएंगे। वे क्या बोलेंगे, यानी उनके टॉकिंग प्वाइंट्स क्या होंगे, उसका संकेत प्रधानमंत्री ने अपने राष्ट्र के नाम संबोधन में दिया ।सत्ता पक्ष को शायद अहसास है कि बीते 11 साल में पहली बार ऐसा हुआ है, जब राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर कथानक उसके साथ से फिसल गया है। ऑपरेशन सिंदूर के सिलसिले में अचानक हुए युद्धविराम पर उससे ऐसे हलकों से भी सवाल पूछे जा रहे हैं, जो आम तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में सत्ताधारी समूह के नजरिए से इत्तेफ़ाक रखते हैं। संभवतः इसी अहसास का नतीजा है कि अचानक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन का कार्यक्रम बना और साथ ही खबर आई कि 13 से 23 मई तक भारतीय जनता पार्टी देश भर में तिरंगा यात्रा' निकालेगी। इस यात्रा के दौरान भाजपा कार्यकर्ता लोगों को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बारे में बताएंगे। वे क्या बोलेंगे, उसका संकेत प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में दिया। बल्कि ये कहा जा सकता है कि उन्होंने तिरंगा यात्रा' में जाने वाले कार्यकर्ताओं को टॉकिंग प्वाइंट्स दिए। सार यही होगा कि ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के सीने पर वार किया गया और वहां आतंक के ढांचे को नष्ट कर दिया गया है। इससे घबराए पाकिस्तान ने (डीजीएमओ के जरिए) जब भारत से संपर्क किया और वादा किया कि आगे वहां आतंक को संरक्षण नहीं दिया जाएगा, तब युद्धविराम के जरिए भारत ने पाकिस्तान को एक मौका दिया है ।मगर ये बातें गले नहीं उतरतीं, क्योंकि दस मई के बाद से उठे कई अहम सवालों के जवाब प्रधानमंत्री के भाषण से नहीं मिले। मसलन, युद्धविराम कराने में अमेरिका की क्या भूमिका रही, क्या भारत तटस्थ स्थल पर पाकिस्तान से बातचीत के लिए राजी हुआ है, क्या साढ़े तीन तीन की कार्रवाई के दौरान भारत को लड़ाकू विमानों का नुकसान हुआ, और इस पूरे प्रकरण में- चाहे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद हो या आईएमएफ बोर्ड- भारत दुनिया में अकेला खड़ा क्यों नजर आया?प्रधानमंत्री ने कहा कि टेरर और टॉक साथ-साथ नहीं हो सकते, लेकिन लगे हाथ यह संकेत भी दिया कि भारत पाकिस्तान से आतंकवाद और पीओके के सवाल पर वार्ता के लिए तैयार है। तो कुल मिलाकर प्रश्न अनुत्तरित रहे। नैरेटिव का क्या होगा, यह अलग सवाल है।

### दैनिक विनय उजाला — सुविचार

अनुभव कहता है, आवश्यकता से अधिक बातचीत,
आवश्यकता से अधिक लगाव, आवश्यकता से
अधिक उम्मीद, आवश्यकता से अधिक भरोसा,
हमेशा आवश्यकता से अधिक कष्ट देता है।

**- राजेश उदावत, इंदौर**

सुखी होने में ज्यादा खर्च नहीं होता,
लेकिन हम कितने सुखी हैं, यह लोगों
को दिखाने में बहुत खर्च होता है।

**- कपिल करहे, सनावद**

हमारे संस्कार झुकने की इजाजत जरूर देते है,
पर सामने अगर घमंड दिख जाए, तो उसे
तोड़ने में हम खुद से भी इजाजत नहीं लेते हैं।

**- राशि परिहार, इंदौर**

अपनी इच्छाओं के अनुसार जीने के लिये जुनून चाहिए।
परिस्थितियां तो सामान्यत: विपरीत ही रहती हैं।

**- संजय अग्रवाल, नागपुर**

किस्मत कायरों की ढाल और
प्रयास वीरों का शस्त्र होता है।

**- बी.जी. मेहता, इंदौर**

मैं हमेशा खुश रहता हूं, क्योंकि मैं किसी से
कोई उम्मीद नहीं रखता, उम्मीद हमेशा दर्द ही देती है।

**- सोमनाथ तिवारी, माण्डव**

### तुम राग मैं रागिनी भी

तुम राग मैं रागिनी भी हूं
हृदय के तीव्र से स्पंदन में
मेरे जगत के कण कण में
सिंधु सी सतत प्रवाहिनी भी हूं

उर के हर कोने में बसे
मन उपवन में सुमन से सजे
झर झर बहती बरखा की सी
बसंत सी सुहावनी भी हूं

गगन के फैले से आंचल में
धरणी के धानी दामन में
नेह ,अनुराग ,प्रीति से भरी
इक अनुरक्त कामिनी भी हूं

अबाध बहती निर्झरिणी सी
अटल शीला से दुकूल बनी
अंबर में उज्जवल चमकती
इक तीव्र सी दामिनी भी हूं

कभी रूठती कभी मुस्काती
संग एकत्र फिर बिखर जाती
रम्य प्रसून बन खिलखिलाती
इक मनभावन मालिनी भी हूं

अधरों से वादित बांसुरी की
कर्ण प्रिय इक दिलकश नांद सी
नभ में बसी धवल,प्रखर सी
झिलमिल सी मंदाकिनी भी हूं।



दैनिक विनय उजाला
**कविता चौहान**
**स्वरचित एवं मौलिक**

# पाकिस्तान अगर गोल्डन टेंपल पर हमले की हिमाकत करता तो अपने डेथ वॉरेंट पर साइन कर लेता..!

वीना गौतम



दैनिक विनय उजाला



सोमवार को अमृतसर में 15 इन्फ्रेंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर, कमांडिंग मेजर जनरल कार्तिक सी. शेषार्दि ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करके बताया कि 7 मई 2025 को जब पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारत द्वारा हमला किया गया, तो पाकिस्तान ने जवाबी कार्यवाई के चलते कामिकेज़ ड्रोन, सतह से सतह और हवा से सतह पर मार करने वाली मिसाइलों के जरिये भारत के कई वायु सेना ठिकानों पर हमला किया, लेकिन सेना ने जब ये सारे हमले नाकाम कर दिये, तो खुन्नस में पाकिस्तान ने गोल्डन टेंपल तथा कई अन्य नागरिक ठिकानों को निशाना बनाया। लेकिन सेना को पहले से ही उसकी इस हरकत का अनुमान था। इसलिए गोल्डन टेंपल की पहले से ही विशेष सुरक्षा की गई थी, जिस कारण पाकिस्तान का यह आत्मघाती हमला बेकार हो गया। लेकिन अगर पाकिस्तान गोल्डन टेंपल पर हमला करने की हिमाकत पर सफल रहता, तो एक तरह से अपने अस्तित्व के डेथ वॉरेंट पर साइन कर लेता।

दरअसल गोल्डन टेंपल सिक्ख धर्म का सबसे पवित्र तीर्थस्थल तो है ही, पर यह सारे देश को भावनात्मक रूप से जोड़ने वाला स्थान भी है। हिंदुस्तान का हर मजहबी गोल्डन टेंपल से अथाह प्यार करता है। यहां हर दिन लाखों श्रद्धालु आते हैं, जो इस बात का सबूत है। इन श्रद्धालुओं में सिक्ख मुश्किल से 10 फीसदी होते हैं, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि गोल्डन टेंपल के प्रति इस देश के लोगों में कितना प्यार और कितनी श्रद्धा है। गोल्डन टेंपल केवल एक धार्मिक स्थल नहीं है, यह भारतीय संस्कृति, सहिष्णुता और भारतीय विविधता का प्रतीक है। इस पर हमला करना सीधे भारत की आत्मा पर हमला करना होगा। अगर पाकिस्तान यह दुष्टता करने में सफल रहता, तो पूरे भारत में जनभावनाएं उबाल में आ जातीं। देश के हर व्यक्ति में आक्रोश की भारी लहर फैल जाती। अमृतसर और पंजाब के दूसरे शहरों में जबर्दस्त जनआंदोलन खड़ा हो जाता और भारत सरकार के पास पाकिस्तान पर पूर्ण परमाणु हमला करने के अलावा शायद ही कोई और विकल्प बचता।

अगर पाकिस्तान इस हरकत पर सफल रहता, तो रातोंरात देशभर में लोग घरों से बाहर निकल आते और संसद में भी तुरंत आपातकालीन बैठक बुलायी जाती। इस बैठक में देश के सभी क्षेत्रों और पार्टियों के सांसद एकमत से पाकिस्तान का नामोनिशान मिटा डालने की बात करते और तब भारतीय प्रधानमंत्री को बिना दुनिया के बड़े मुल्कों और संगठनों की सलाहों पर ध्यान दिए, पाकिस्तान पर हमला करना ही होता। भारत की सैन्य रणनीति में भले परमाणु हथियारों को लेकर 'नो फर्स्ट यूज' की रणनीति अपनायी जाती है, लेकिन इस मामले के बाद इस रणनीति का कोई अर्थ नहीं रह जाता। भारत तुरंत पाकिस्तान को परमाणु हमले से करारा जवाब देता। इसलिए पाकिस्तान अगर सौभाग्य से इस बार अपनी ये हरकत करने के बाद भी अस्तित्व को बचा ले गया है, तो उससे उम्मीद यही की जा सकती है कि वह इसकी संवेदनशीलता को समझेगा और गोल्डन टेंपल पर कभी भी हमले की नहीं सोचेगा।

गोल्डन टेंपल महज एक धार्मिक स्थान नहीं है, यह आइडिया ऑफ इंडिया का प्रतीक है। भारतीय वायु सेना पाकिस्तान की इस नापाक हरकत के बाद पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों को मिसाइल हमलों से पाट देते। नियंत्रणरेखा और अंतर्राष्ट्रीय सीमा दोनो ही जगह पर भीषण युद्ध शुरु हो जाता। पाकिस्तान की तरफ स्थित लाहौर, सियालकोठ और बहावलपुर जैसे संवदेनशील और ऐतिहासिक शहर देखते ही देखते भारतीय हमलों से तहस-नहस हो जाते। गोल्डन टेंपल पर पाकिस्तान की नापाक हरकत के बाद निश्चित रूप से लाखों लोग पंजाब बॉर्डर से देश के अंदर की तरफ बसाये जाते और बॉर्डर को खाली करके भारत पाकिस्तान के धुर्रे बिखेर देता। हर जगह पाकिस्तान के पंजाब बॉर्डर पर सिर्फ सेना के जवान नजर आते।

नि:संदेह पाकिस्तान की इस हरकत से सिक्ख समुदाय में एक बेहद तीव्र और विशेष प्रक्रिया होती। बहुत बड़ी तादाद में सिक्ख युवक सेना में सिर्फ इसलिए शामिल होते कि पाकिस्तान को हर हाल में सबक सिखाना है। सिक्ख धार्मिक स्थल इसे विशेष धर्म युद्ध कह सकते थे, जिससे पूरे भारत में हिंदू और सिक्खों के बीच पाकिस्तान को लेकर उन्माद छा जाता और फिर किसी के रोके भी पाकिस्तान का अस्तित्व नहीं बचता। इसकी वैश्विक प्रतिक्रिया भी बहुत खतरनाक होती। क्योंकि दुनिया के सभी प्रमुख देशों में चाहे वह अमेरिका हो, कनाडा हो, फ्रांस हो, इंग्लैंड हो, बड़ी तादाद में सिक्ख बसे हुए हैं और ये सिक्ख सिर्फ संख्याभर नहीं हैं बल्कि विशेष प्रभाव रखने वाले नागरिक हैं। इस कारण पूरी दुनिया से पाकिस्तान के खिलाफ आवाज उठती और पाकिस्तान को अपना साथ देने के लिए दुनिया का शायद ही कोई देश मिलता।

इससे पाकिस्तान की अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर घोर निंदा तो होती ही, अमेरिका, यूरोपीय यूनियन और संयुक्त राष्ट्र जैसे ताकतवर संगठन पाकिस्तान की जमकर लानत-मलानत करते और इसे दुनिया के लिए सबसे खतरनाक आतंकवादी देश घोषित करने में जरा भी देर नहीं लगती। ऐसी स्थिति में पाकिस्तान का अपने को दोस्त कहने वाला चीन भी उसकी किसी तरह की मदद नहीं कर पाता। क्योंकि उसकी इस हरकत से चीन एक साथ पूरी दुनिया को अपने खिलाफ नहीं खड़ा कर सकता था। पाकिस्तान को शायद ही ऐसी स्थिति में कोई देश सैन्य या आर्थिक सहायता देता और पहले से ही दर दर को भटक रहा पाकिस्तान का गरीबी और भुखमरी से ही अस्तित्व खत्म हो जाता। कुल मिलाकर अगर दुर्भाग्य से पाकिस्तान की यह हरकत कामयाब हो गई होती, तो पाकिस्तान को अस्तित्व मिट ही जाता, इसके जरिये दुनिया की भी भारी तबाही होती। हिंदुस्तान में भी लाखों लोग इस युद्ध की बलि चढ़ते और ग्लोबल वर्ल्ड ऑर्डर इस युद्ध के चलते तहस-नहस हो जाता। इसलिए भारतीय सेनाओं ने गोल्डन टेंपल पर पाकिस्तान की नापाक हरकत वाले हमले से बचाकर एक तरह से उसका अस्तित्व, उसे भीख में दे दिया है। लेकिन पाकिस्तान को अब कभी दोबारा ऐसी हरकत के बारे में सोचना भी नहीं चाहिए। नहीं तो पाकिस्तान का धरती के नक्शे से हमेशा हमेशा के लिए अस्तित्व मिट जायेगा।

**(लेखिका विशिष्ट मीडिया एवं शोध संस्थान, इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर में कार्यकारी संपादक हैं)**

कवर स्टोरी : 22 मई विश्व जैव विविधता दिवस पर विशेष

# जैव विविधता से जीवन समृद्ध है...!

संजय श्रीवास्तव



ख्मानवीय जीवन के लिये अत्यावश्यक जैव विविधता संरक्षण के प्रति देश में कुछ शानदार काम हुए हैं, लेकिन सच ये है कि इस पर जितना काम होना चाहिये उससे बहुत कम हुआ। उम्मीद है कि इस वर्ल्ड बायो डायवर्सिटी डे पर, सरकारों के इस आउट ऑफ सिलेबस वाले विषय पर खास नजर पड़े और बड़ी घोषणाएं हों।,

भारत आर्थिक एवं अवसंरचना विकास की दौड़ के साथ जैव-विविधता संरक्षण के लक्ष्यपूर्ति के द्वंदात्मक मोड़ पर है। ऐसे में विश्व जैव विविधता दिवस जो मानवता को जीवन देने वाली प्रणाली के साथ मानवीय संबंधों के बारे में सोचने विचारने का एक दिनी अनुष्ठान है, उसके लिए खास मायने रखता है। दुनिया की बमुश्किल ढाई प्रतिशत जमीन रखने वाले हम विश्व की कुल जैव विविधता का 8 फीसदी से अधिक रखते है। हम उन 17 'मेगा-डाइवर्स' देशों में से एक हैं जो विस्तृत जैव विविधता से संपन्न हैं। जैव विविधता के हॉटस्पॉट क्षेत्रों में भी हमारा स्थान बहुत ऊपर है। देश हिमालय, पश्चिमी घाट, पूर्वोत्तर भारत और निकोबार द्वीप समूह जैसे चार जैव विविधता वाले हॉटस्पॉट रखता है, जहां असंख्य जैव प्रजातियां पायी जाती हैं, पर इनमें से ज्यादातर गंभीर खतरे में हैं।

इन बायो डायवर्सिटी हॉटस्पॉट में पौधों की 45,000 से अधिक और जानवरों की 91,000 से ज्यादा प्रजातियां हैं। देश के 10 बाकी जैव-भौगोलिक क्षेत्रों में 1,03,258 से अधिक जीव-जंतुओं की प्रजातियां और औषधीय पौधों की 8000 से अधिक प्रजातियों के अलावा 55,048 से ज्यादा वनस्पतिक प्रजातियां मौजूद है। यहां की जंगली प्रजातियों में ऐसी आनुवंशिक विविधता है, जिससे जलवायु-प्रतिरोधी और उच्च उपज देने वाली किस्मों वाली फसलों का विकास कर जलवायु परिवर्तन के दौर में भविष्य की खाद्य असुरक्षा से निबटा जा सकता है। खाद्य सुरक्षा में योगदान करने वाले कई प्रकार के पौधों और जानवरों के घर भारत की जैव विविधता संबंधी विशेषताएं बताती हैं कि कृषि प्रधान देश को इस बावत दूसरे औद्योगिक देशों से कुछ ज्यादा सचेत रहना होगा।

देश में यूनानी, तिब्ब, आयुर्वेद, नेचुरोपैथी, पारंपरिक चिकित्सा जैसी उपचार प्रणालियों को बचाना, बढ़ाना है तो भी जड़ी बूटियों को विलुप्तीकरण से बचाना होगा। इसके अलावा जैव विविधता का पारिस्थितिक तंत्र के बारीक तंतुओं से रिश्ता रहता है, यथा जल शुद्धिकरण, मृदा का निर्माण और जलवायु विनियमन, इसलिये भी इसका संरक्षण ज़रूरी है। फिर जैव विविधता पर्यटन के जरिए आर्थिक लाभ लेने का महत्वपूर्ण संसाधन भी है। इसके ह्रास का मतलब है खेती किसानी चौपट होना, खाद्य असुरक्षा, दवाओं की कमी, पशुजनित बीमारियों, महामारियों की आशंका में वृद्धि। तमाम तरह की विनाशकारी आशंकाओं को देखते हुये तय है कि वर्तमान और भावी पीढ़ियों के लिए जैविक विविधता अनिवार्य है। सौ बातों की एक बात यह कि जीव जंतु, सूक्ष्म जीव वनस्पतियों समेत जैव विविधता अपनी समग्रता में बची हुई और समृद्ध है, तभी स्वस्थ मानवीय जीवन की गारंटी है। इस बार विश्व जैव विविधता दिवस थीम है, 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास'। यह थीम भारत के लिए विशेष चुनौतीपूर्ण है। उद्देश्य है कि जैव विविधता की क्षति रोकने और उसके क्रम को वापस पाने के महत्व को समझा जाए। यह एक तरफ प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाने की बात है, तो दूसरी तरफ ये सतत विकास पर भी देते हुए उसे इसका माध्यम बनाने की भी बात करती है।

यह बात उस समय की जा रही है जब विकासशील अर्थव्यवस्था की विकास संबंधी आकांक्षाएं ऊफान पर हैं। जलवायु परिवर्तन, औद्योगिकीकरण, शहरीकरण, प्रदूषण इत्यादि कारक हमारी समृद्ध जैव विविधता के भविष्य के लिए नई चुनौतियां पेश कर रहे हैं। बेशक भारत को अपनी जैव विविधता को संरक्षित करना सतत विकास लक्ष्यों की वैश्विक स्तर पर प्राप्त करने के लिये महत्वपूर्ण है साथ ही करोड़ों भारतीयों की आजीविका के अलावा, हमारे ग्रह और जीवन के लिए जरूरी है। पर देश की को यदि संसार के चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना है, औद्योगिक विस्तार करना है, गांवों से पलायन और बेरोजगारी को समायोजित करने के लिये शहरों का दायरा बढ़ाना है, सुख सुविधाओं के लिये बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण करना है, तो समृद्ध पारिस्थितिकी तंत्र को खतरे में डाले बिना यह सब कैसे होगा? इसके साथ जैव विविधता के संरक्षण के लक्ष्य कैसे हासिल होगा। सस्टेनेबल या टिकाऊ डेवलपमेंट एक सकारात्मक सैद्धांतिक शब्द हो सकता है पर भारतीय परिदृश्य में यह व्यवहारिक कैसे बनेगा?

सवाल यह भी कि विभिन्न तरह की भौगोलिक परिस्थितियों और मौसम वाले देश में जैव विविधता की प्रचुर सम्पदा होने के चलते भले ही हमारे लिए वर्ल्ड बायो डायवर्सिटी डे के खास मायने हों पर क्या हम विगत दशकों से इसे उतनी ही गंभीरता से लेते रहे हैं, फिर इस दिवस पर नया क्या होने वाला है?विकास के नाम पर पर्यावरणीय खतरे, तापमान और मौसम के पैटर्न में दीर्घकालिक बदलावों तथा वनस्पतियों और जंतुओं, सूक्ष्म जीवों के मूल निवास में मानवीय हस्तक्षेप जैसे कारकों के बारे में हमने विगत में चिंता व्यक्त करने के अनुपात में इस ओर कितना कार्य किया है? जहां वन्यजीव तथा मानवीय बस्तियां करीब हैं, वहां मानव वन्यजीव संघर्ष रुक नहीं रहा; क्योंकि अहम संरक्षण वाले क्षेत्रों में से केवल 15 फीसदी पर ही निगाह है।

उद्योग, विकास के नाम पर वनोच्छेद से कहीं लायन-टेल्ड मकाक तो गिब्बन लंगूरों को ही खतरा नहीं है तमाम पारिस्थितकीय तंत्र भी उजड़ रहा है। इस बात की पुष्टि कई बार हो चुकी है कि हमने विकास की कीमत महत्त्वपूर्ण पर्यावासों से कैसे चुकाई है। क्या दशकभर में इसे सुधारा जा सकेगा? जलवायु परिवर्तन के कारण 5,790 वर्ग किलोमीटर में फैली प्रवाल भित्तियां बरसों से भीषण संकट का सामना कर रही हैं, उसके लिये क्या कोई खास अभियान चलेगा? पिछले चार दशकों में प्रदूषण के चलते हमने अपनी लगभग एक-तिहाई प्राकृतिक वेटलैंड गंवा दिया है, इन्हें वापस पाने का क्या कोई जुगत है? विगत कुछ ही दशकों में हम देसी मछलियों की तमाम प्रजातियों से हाथ धो बैठे हैं, इसके कारक जल प्रदूषण, माइक्रोप्लास्टिक के निवारण की कोई कारगर योजना है? भारत में धान किस्मों की संख्या 1970 के दशक में 110,000 थी जो आज 6,000 से कम रह गई रह गई है। विलुप्त हो रही प्रजातियों को संरक्षित करने के प्रयासों का स्तर क्या अपेक्षित सीमा के करीब है? भारत की समृद्ध कृषि जैव विविधता का जीन पूल आधुनिक कृषि पद्धतियों के कारण खतरे में है, कैसे बचाएंगे? प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा, पार्थेनियम हिस्टेरोफोरस, जैसे गैर-देशी आक्रमणकारी प्रजातियां आक्रामक प्रजातियां भारत के पारिस्थितिकी तंत्र पर बरसों से नुकसान पहुंचा रही हैं। अकेले लैंटाना कैमारा ने देश की व्यापक वनस्पति विविधता को प्रभावित किया है पर हमने उसके लिये कौन से प्रभावकारी कदम उठाए।

कुल मिलाकर विविधता के संरक्षण, संवर्धन के जो प्रयास किए जा रहे हैं, क्या उनका परिमाण और परिणाम संतोषजनक कहा जा सकता है? जैव विविधता के संरक्षण के लिए देश में राष्ट्रीय जैव विविधता कार्रवाई योजना लागू है। भारत ने वैश्विक जैव विविधता रणनीतिक योजना का ही हामी है। हालांकि देश में जैव विविधता बचाने के लिये कुछ क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं पर इसके बावजूद जर्नल नेचर सस्टेनेबिलिटी में प्रकाशित एक ताज़ा अध्ययन कहता है कि भारत को एक जैव विविधता रणनीति की महती आवश्यकता है। असल में यह काम जिस स्तर की मांग रखता है उस लिहाज से अत्यल्प है। साहित्य, कला जैसे विषयों की तरह पर्यावरण और जैव विविधता जैसे विषय सरकारों के लिये आउट ऑफ सेलेबस हैं, वे बहुत जरूरत पड़ने या मुखर अवाज़ पर ही इधर ध्यान देते हैं। संभव है कि इस बार के वर्ल्ड बायो डायवर्सिटी डे पर इस दिशा में कुछ सार्थक कदम उठें।

**(लेखक विज्ञान विषयों के वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

# केआरएन को PLI में मंजूरी, रु. 141.72 करोड़ प्रोत्साहन

विनय उजाला

**मुंबई।** हीटिंग, वेंटिलेशन, एयर कंडीशनिंग और रेफ्रिजरेशन (HVAC&R) क्षेत्र की अग्रणी कंपनी केआरएन हीट एक्सचेंजर एंड रेफ्रिजरेशन लिमिटेड (एनएसई - KRN 7 बीएसई - 544263) ने घोषणा की है कि उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी केआरएन HVAC प्रोडक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड को भारत सरकार की पीएलआई योजना (श्वेत वस्तुएं - एयर कंडीशनर और एलईडी उत्पाद) के अंतर्गत मंजूरी मिल गई है। भारत सरकार की इकाई IFCI लिमिटेड द्वारा दी गई इस मंजूरी में रु. 141.72 करोड़ की वित्तीय प्रोत्साहन राशि शामिल है। 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के तहत चलाई जा रही पीएलआई योजना का उद्देश्य भारत को वैश्विक विनिर्माण हब बनाना है, जिसमें घरेलू उत्पादन को प्रोत्साहन, मूल्यवर्धन को बढ़ावा और महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आयात पर निर्भरता कम करना शामिल है।

यह प्रोत्साहन केआरएन की विस्तार योजनाओं, देश में घटक निर्माण पारिस्थितिकी तंत्र के विकास और बैकवर्ड इंटीग्रेशन को मजबूती देगा।

यह रणनीतिक कदम ऊर्जा-कुशल, पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ और वैश्विक मानकों पर खरे उत्पादों के निर्माण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जिससे निवेशकों, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और कर्मचारियों सहित सभी हितधारकों के लिए दीर्घकालिक मूल्य सृजित होगा।

## समपार संख्या 164 पर 10 घंटे का ब्लॉक

**रतलाम, (विनय उजाला)।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल पर जारी नीमच-रतलाम दोहरीकरण कार्य के तहत समपार फाटकों, रोड अंडर ब्रिजों का भी दोहरीकरण के मान से चौड़ीकरण करने के साथ मरम्मत कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में कचनारा रोड यार्ड में किमी 315/43-45 पर समपार संख्या 164 पर रेलवे लाइन के विस्तार के लिए 10 घंटे का ब्लॉक लिया गया है । इसके कारण 21 मई, 2025 को प्रात 09.00 बजे से सायं 19.00 बजे तक समपार संख्या 164 से सड़क यातायात बंद रहेगा। सड़क उपयोगकर्ता इस दौरान किसी भी असुविधा से बचने के लिए उपलब्ध वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करें।

## जयपुर भोपाल एक्सप्रेस का पिंगलेश्वर रेलवे स्टेशन पर अस्थाई ठहराव

**रतलाम, (विनय उजाला)।** पिंगलेश्वर में आयोजित की जा रही जय बाबा गुरूदेव जी के 13वें वार्षिक भंडारे के अवसर पर संभावित भीड़ को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 19711/19712 जयपुर भोपाल जयपुर एक्सप्रेस का पिंगलेश्वर रेलवे स्टेशन पर एक मिनट का ठहराव दिया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 19711/19712 जयपुर भोपाल जयपुर एक्सप्रेस 21 मई, 2025 से 27 मई, 2025 तक पिंगलेश्वर रेलवे स्टेशन पर एक मिनट रूकेगी ।

आईसीआईसीआई बैंक ने इंदौर में अपनी 50वीं शाखा का उद्घाटन किया

# इसमें इनहाउस एटीएम की सुविधा भी है, जो 24×7 उपलब्ध है

विनय उजाला




**इंदौर।** आईसीआईसीआई बैंक ने इंदौर के एचआईजी रोड स्थित साई प्लाजा बिल्डिंग में एक नई शाखा (बिजनेस सेंटर) की स्थापना की है। यह शाखा जिले में बैंक की 50वीं शाखा है और इसमें एटीएम की सुविधा उपलब्ध है।

मध्यप्रदेश की व्यवसायिक राजधानी इंदौर में स्थित इस शाखा का उद्घाटन श्री अनिल दोशी, निदेशक, मेटल प्रोफाइल्स (इंदौर) लिमिटेड ने किया।

यह शाखा बचत और चालू खाता, सावधि जमा (स्न्रद्व×द्गस्र ष्ठद्गश्चशह्यद्बह्ल) और आवर्ती जमा (ऋद्गष्ह्वह्म्द्बठ्ठद्द ष्ठद्गश्चशह्यद्बह्ल) सहित विभिन्न प्रकार के खातों और जमा योजनाओं की सुविधा प्रदान करती है। इसके साथ ही यह होम लोन, पर्सनल लोन, ऑटो लोन, बिजनेस लोन, गोल्ड लोन और एजुकेशन लोन जैसी ऋण सुविधाएं भी उपलब्ध कराती है। शाखा में प्रेषण (ह्म्द्गद्वद्बह्लह्लड्डठ्ठष्द्ग), कार्ड सेवाएं और लॉकर सुविधा भी उपलब्ध है। शाखा का संचालन सोमवार से शुक्रवार तक और महीने के पहले, तीसरे एवं पांचवें शनिवार को सुबह 9.30 बजे से दोपहर 3.00 बजे तक होता है।

यह शाखा टैब बैंकिंग सुविधा भी प्रदान करती है, जिसके अंतर्गत बैंक का कर्मचारी टैबलेट डिवाइस के माध्यम से ग्राहक के स्थान पर लगभग 100 प्रकार की सेवाएं प्रदान करता है। इन सेवाओं में खाता और सावधि जमा खोलना, चेक बुक अनुरोध करना, ई-स्टेटमेंट जारी करना, पता बदलना आदि शामिल हैं।

आईसीआईसीआई बैंक की मध्यप्रदेश में 320 से अधिक शाखाएं और 530 से अधिक एटीएम व कैश रीसायक्लिंग मशीनें (सीआरएम) हैं।

आईसीआईसीआई बैंक अपने बड़े ग्राहक आधार को शाखाओं, एटीएम, कॉल सेंटर्स, इंटरनेट बैंकिंग (222.द्बष्द्बष्द्बड्डठ्ठद्म.ष्शद्व) और मोबाइल बैंकिंग के बहु-चैनल नेटवर्क के माध्यम से सेवा प्रदान करता है।

### समर्पण-संकल्प रैली में राहुल गांधी ने बोले...

# कर्नाटक में कांग्रेस ने सभी पांच वादे पूरे किए

विजयनगर, एजेंसी

**कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी कर्नाटक के दौरे पर पहुंचे हैं। जहां विजयनगर हवाई अड्डे पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने उन सभी का स्वागत किया।**

वहीं समर्पण-संकल्प रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, मुझे यह जानकारी मिली कि कर्नाटक में बहुत से लोग जमीन के मालिक हैं, लेकिन उनके पास जमीन के मालिकाना हक नहीं हैं। इसमें सभी समुदायों के लोग शामिल थे। उनके पास संपत्ति या मालिकाना हक नहीं था, और न ही उन्हें सरकार से कोई सुविधाएं मिल रही थीं।

राहुल गांधी ने आगे कहा कि, मैंने इस मुद्दे को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के सामने उठाया और कहा कि जो भी कर्नाटक में जमीन के मालिक हैं, उन्हें मालिकाना हक मिलना चाहिए। आज, कर्नाटक सरकार 1 लाख परिवारों को मालिकाना हक देने जा रही है।




## राहुल गांधी ने भाजपा पर साधा निशाना

राहुल ने कहा, कर्नाटक में कांग्रेस सरकार बने दो साल हो गए हैं। हमने चुनावों में पांच गारंटियों का वादा किया था। बीजेपी और पीएम मोदी ने कहा था कि कांग्रेस इन गारंटियों को पूरा नहीं कर पाएगी। हमारी पहली गारंटी थी, 1 करोड़ महिलाओं को गृह लक्ष्मी योजना के तहत हर महीने 2,000 रुपये देना। कर्नाटक सरकार यह पैसा करोड़ों महिलाओं के खातों में डाल रही है। हमारी दूसरी गारंटी थी, 200 यूनिट मुफ्त बिजली हर परिवार को देना, जो कि करोड़ों परिवारों को दी जा रही है।

### जमीन का डिजिटल रजिस्ट्रेशन हो- राहुल

राहुल गांधी ने यह भी कहा,21वीं सदी में जमीन का डिजिटल रजिस्ट्रेशन होना चाहिए। राज्य के गरीब लोगों को हमारी गारंटियों का फायदा होने वाला है। मैंने यह भी कहा था कि 50,000 परिवारों के पास अभी भी मालिकाना हक नहीं है। हम चाहते हैं कि अगले 6 महीनों में उन परिवारों को भी मालिकाना हक मिले। 2,000 राजस्व गांवों का ऐलान किया गया है। हम चाहते हैं कि 500 और राजस्व गांवों का ऐलान किया जाए। कर्नाटक के सभी लोगों को उनका मालिकाना हक मिलना चाहिए।







## कांग्रेस ने जयशंकर को जयचंद कहा- भाजपा ने राहुल को मीर जाफर बताया

ऑपरेशन सिंदूर पर भाजपा और कांग्रेस के बीच पोस्टर वॉर जारी है। भाजपा के राहुल गांधी को मीर जाफर बताने के जवाब में कांग्रेस ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को जयचंद करार दिया। मंगलवार को शुरुआत भाजपा नेता अमित मालवीय ने की। उन्होंने दो पोस्टर जारी किए। एक में राहुल गांधी चेहरा पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ मिक्स किया। इसके जवाब में कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने दोपहर 3 बजे पोस्टर जारी किया। इसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर को जयचंद करार दिया। अमित मालवीय ने लिखा- राहुल ने प्रधानमंत्री को ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने की बधाई तक नहीं दी। वह बार-बार पूछते हैं कि हमने कितने एयरक्राफ्ट खो दिए, लेकिन राहुल ने कभी यह नहीं पूछा कि भारतीय सेना ने इस लड़ाई में कितने पाकिस्तानी जेट मारे या कितने हवाई अड्डों को तबाह किया। मालवीय ने दूसरा पोस्टर जारी करते हुए राहुल को आज के समय का मीर जाफर बताया। इस पोस्टर में राहुल, पाकिस्तान की सीमा के अंदर पीएम शहबाज शरीफ की पीठ पर चढ़े हुए हैं। वे भारतीय बॉर्डर में झांकते हुए पूछ रहे हैं कि हमने कितने एयरक्राफ्ट खोए? नीचे शहबाज कहते हैं- तेज आवाज में पूछो।

### पहलगाम आतंकी हमले पर केंद्र को घेरा

# खरगे ने ऑपरेशन सिंदूर को बताया छोटा सा युद्ध

विजयनगर, एजेंसी

पहलगाम आतंकी हमले को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को छोटा सा युद्ध बताया। कर्नाटक में कांग्रेस की समर्पण-संकल्प रैली को संबोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पहलगाम में 26 लोग इसलिए मारे गए क्योंकि मोदी सरकार ने वहां पर्यटकों को सुरक्षा मुहैया नहीं कराई। मोदी कश्मीर नहीं गए क्योंकि खुफिया एजेंसियों ने उन्हें ऐसा करने से मना किया था। केंद्र सरकार ने पर्यटकों से पहलगाम न जाने के लिए क्यों नहीं कहा? अगर उन्हें बताया गया होता, तो 26 लोगों की जान बचाई जा सकती थी। ऑपरेशन सिंदूर तो छोटा सा युद्ध है।

कांग्रेस अध्यक्ष के ऑपरेशन सिंदूर को छोटा युद्ध बताने वाले बयान पर भाजपा सांसद संबित पात्रा ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पाकिस्तान को ऑक्सीजन देने का काम करती है। सब जानते हैं कि हाफिज राहुल गांधी को क्यों पसंद करते हैं?



### छोटा युद्ध कहना देश और सशस्त्र बलों की बहादुरी के साथ धोखा

पात्रा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर छोटा युद्ध कहना देश और सशस्त्र बलों की बहादुरी के साथ धोखा है। राहुल गांधी जी पिछले दो दिनों से सबूत मांग रहे हैं। हम पहले दिन से ही डिजिटल सबूत पेश कर रहे हैं। इसके बावजूद आप सशस्त्र बलों के साहस का सबूत मांग रहे हैं। यही कारण है कि राहुल गांधी और उनके नेता पाकिस्तान में पोस्टर बॉय बन गए हैं। ऑपरेशन के समय सिंदूर पाक डीजीएमओ ने राहुल गांधी वीडियो दिखाए थे। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि जब 26/11 का हमला हुआ तो उन्होंने एक शब्द भी नहीं बोला। इस बार जब भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ असहिष्णुता दिखाई तो कांग्रेस ने ऐसी इच्छाशक्ति दिखाई? ये लोग पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### तेजस्वी बोले- पीएम नरेंद्र मोदी बिहार आएं तो अपने पुराने वादे भी निभाए



**गयाजी, एजेंसी।** बिहार के प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन पर जमकर हमला बोला है। मंगलवार को बोधगया में प्रेस वार्ता करते हुए कि जब बिहार में चुनाव होते हैं, तब ही पीएम मोदी आते हैं। तेजस्वी यादव ने वह आते हैं, आएं लेकिन जो वादे करके जाते हैं, उन्हें पूरा तो करें। उन्होंने 2014 में किए गए वादों का जिक्र करते हुए पूछा कि आखिर बिहार के लिए उन्होंने क्या किया गया? अब तक बंद पड़े चीनी और जूट मिलों को फिर से चालू करवा देते। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिलवा देते। लेकिन, कोई भी काम नहीं हुआ। राहुल गांधी के दौरे पर तेजस्वी यादव ने कहा कि हम सभी एक साथ हैं। अगर देश का विरोधी दल का नेता दलित छात्रावास में नहीं जा सकता, तो यह किसका फेल है? उन्होंने कानून व्यवस्था के मुद्दे पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार का दावा विफल हो चुका है।

**किसी के कारण कोई सीट का नुकसान नहीं होता...** सीएम नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए तेजस्वी ने कहा कि चाचा कहते थे कि अपने पिता से नौकरी लाकर देंगे। क्या भाजपा ने कोई नीति बनाई थी? उन्होंने बताया कि उनकी सरकार ने सभी को शिक्षक बनाया और खिलाड़ियों को डीएसपी रैंक तक की नौकरी दी। जनसुराज योजना पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि नई-नई पार्टियां बन रही हैं, लेकिन किसी के कारण कोई सीट का नुकसान नहीं होता। जनता मालिक है। नीतीश कुमार के गांव में जनसुराज के कार्यकर्ताओं को रोकने को उन्होंने तानाशाही करार दिया।

**तेजस्वी यादव बोले- हमारे सीएम अचेतावस्था में हैं...** वहीं तेजस्वी ने शहीदों के सम्मान में कहा कि अगर कोई शहीद होता है, तो उसे शहीद का दर्जा मिलना चाहिए। उन्होंने लोकसभा में भी कहा था कि अगर उनकी सरकार बनती है, तो पारा मिलिट्री फोर्स को भी शहीद का दर्जा दिया जाएगा। बिहार में सीएम की वेकेंसी के सवाल पर नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जनता मालिक है। पिछली बार हम कुछ ही सीटों से दूर रहे थे, अब 225 का दावा कर रहे हैं, तो चुनाव क्यों करवा रहे हैं? वहीं तेजस्वी ने राज्य में अपराध की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि अपराधी बेलगाम हो गए हैं। कई जगह पुलिस का एनकाउंटर हुआ है। उन्होंने विधि व्यवस्था की स्थिति को भयावह बताते हुए कहा कि हमारे सीएम अचेतावस्था में हैं। उनके रिटायर्ड अधिकारी भ्रष्टाचार में डूबे हुए हैं।

### वीआरएस लेकर पार्टी में हुए थे शामिल

### पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा ने जन सुराज पार्टी के युवा अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा



**पटना, एजेंसी।** वीआरएस लेकर जन सुराज पार्टी में शामिल होने वाले आनंद मिश्र ने पार्टी में मिले अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। उन्होंने बताया कि वह यहां काम करने के लिए यहां आये थे, हाथी का दांत बनने के लिए नहीं। उन्होंने कहा कि उन्हें पद का लोभ नहीं है, क्यों कि वह जिस पद को छोड़कर जनसुराज में शामिल हुए, उससे बड़ा पद यह नहीं है, जिसका त्याग उन्होंने अभी किया है। उन्होंने अपनी आगे की रणनीति भी तय कर ली है।

इस संबंध में आनंद मिश्रा ने बताया कि मैं युवा अध्यक्ष था और हमने पार्टी से यह रिक्वेस्ट किया कि मुझे इस पद से मुक्त कर दिया जाए। उन्होंने स्पष्ट रूप से यह कहा कि मैंने जनसुराज पार्टी को नहीं छोड़ा है, सिर्फ युवा अध्यक्ष पद का त्याग किया हूं। पद छोड़ने के कारण के सवाल पर कहा कि आनंद मिश्रा ने कहा कि कारण को समझिये तो कुछ भी कारण नहीं या फिर बहुत कुछ बड़ा कारण भी है। उनकी बातों से उनकी नाराजगी स्पष्ट रूप से झलक रही थी। उन्होंने कहा कि यहां मेरा यहां जम नहीं रहा है। मैं काम करने वाला आदमी हूं बैठने वाला आदमी नहीं हूं। काम करने का एक सिस्टम होता है। उन्होंने कहा कि मेरा और यहां का वर्किंग स्टाइल कुछ और है इसलिए इस पद के लिए कोई और काम करे ऐसा मैंने पार्टी से अनुरोध किया है।

# युसूफ पठान की जगह संसदीय प्रतिनिधिमंडल में होंगे अभिषेक बनर्जी



कोलकाता, एजेंसी

ऑपरेशन सिंदूर के सिलसिले में संसदीय प्रतिनिधिमंडल में तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और पार्टी सांसद अभिषेक बनर्जी पार्टी का प्रतिनिधित्व करेंगे। टीएमसी ने एक्स पर लिखा, हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारी अध्यक्ष ममता बनर्जी ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की वैश्विक पहुंच के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में तृणमूल कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करने के लिए राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को नामित किया है।

तृणमूल ने आगे कहा कि ऐसे समय में जब दुनिया को आतंकवाद के बढ़ते खतरे का सामना करने के लिए एकजुट होना चाहिए, अभिषेक बनर्जी का प्रतिनिधिमंडल से जुड़ना दृढ़ विश्वास और स्पष्टता दोनों लाता है। उनकी उपस्थिति न केवल आतंकवाद के खिलाफ बंगाल के दृढ़ रुख को दर्शाएगी, बल्कि वैश्विक मंच पर भारत की सामूहिक आवाज को भी मजबूत करेगी। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, एक मिशन। एक संदेश। एक भारत। सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल जल्द ही ऑपरेशन सिंदूर के तहत प्रमुख देशों से मिलेंगे।

### मदद के लिए एक पूर्व राजनयिक भी साथ होंगे

प्रत्येक प्रतिनिधिमंडल में छह से आठ राजनेता शामिल हैं। उनकी मदद के लिए एक पूर्व राजनयिक भी साथ होंगे। 51 राजनेताओं में से 31 सत्तारूढ़ एनडीए का हिस्सा हैं, जबकि शेष 20 गैर-एनडीए दलों से हैं। सभी सात प्रतिनिधिमंडलों में कम से कम एक मुस्लिम प्रतिनिधि है, जो या तो राजनेता या राजनयिक हैं।

### नाना पटोले का राष्ट्रपति को पत्र, कहा-

# सीजेआई के लिए प्रोटोकॉल न मानने वाले अफसरों पर हो कार्रवाई

मुंबई, एजेंसी

मुंबई, एजेंसी। देश के प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई के महाराष्ट्र दौरे के दौरान प्रोटोकॉल न माने जाने का मामला जोर पकड़ रहा है। अब कांग्रेस नेता नाना पटोले ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की, जिन्होंने प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया। पटोले ने एक्स पर पोस्ट में लिखा कि मैंने महामहिम राष्ट्रपति को एक पत्र लिखा है, जिसमें प्रोटोकॉल का पालन नहीं करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। अपने पत्र में पटोले ने लिखा



कि यह मामला सिर्फ सीजेआई की व्यक्तिगत उपेक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि इससे भारतीय संविधान की गरिमा को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि अगर गवई आंबेडकर के अनुयायी थे, तो इसलिए उनकी उपेक्षा की गई?

पटोले ने एक्स पर लिखा कि जब भारत के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश भूषण गवई महाराष्ट्र के दौरे पर थे, तो राज्य सरकार और प्रशासनिक तंत्र ने उनके स्वागत और सुरक्षा में आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन नहीं किया। यह मामला उनकी उपेक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सीधे तौर पर भारतीय संविधान की गरिमा को प्रभावित करता है। क्या महाराष्ट्र में मुख्य न्यायाधीश गवई का अपमान इसलिए किया गया क्योंकि वे अंबेडकरवादी हैं?

### कांग्रेस नेता ने आलोचना की

वहीं कांग्रेस नेता उदित राज ने भी सम्मान समारोह में राज्य के वरिष्ठ अधिकारियों की अनुपस्थिति की आलोचना की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और गोवा बार काउंसिल ने महाराष्ट्र से आने वाले सीजेआई गवई के लिए एक सम्मान समारोह आयोजित किया था। भारत के मुख्य न्यायाधीश बनने के बाद यह उनका पहला दौरा था, लेकिन मुख्य सचिव और डीजीपी मौजूद नहीं थे। यह प्रोटोकॉल का गंभीर उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि जस्टिस गवई हमेशा संविधान के बारे में बोलते हैं, जिसके तीन स्तंभ हैं - विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका। न्यायपालिका का नेतृत्व मुख्य न्यायाधीश करते हैं। इन शीर्ष अधिकारियों की अनुपस्थिति ऐसे उच्च पद पर बैठे व्यक्ति का अपमान है। भाजपा दलितों का समर्थन नहीं कर सकती।

# भुजबल ने फडणवीस कैबिनेट में मंत्री पद की शपथ ली

मुंबई, एजेंसी

**राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के वरिष्ठ नेता छगन भुजबल की एक बार फिर महाराष्ट्र सरकार के मंत्रिमंडल में वापसी हो गई है। उन्होंने मंगलवार सुबह 10 बजे राजभवन में शपथ ग्रहण की।**

महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन उन्हें शपथ दिलाई। इससे पहले भुजबल ने सोमवार रात इस बात की पुष्टि की थी कि उन्हें मंत्री पद की शपथ लेने की जानकारी दी गई है। 77 वर्षीय यह



नेता महाराष्ट्र की राजनीति में ओबीसी समुदाय का प्रमुख चेहरा माने जाते हैं और पूर्व कैबिनेट मंत्री और उपमुख्यमंत्री भी रह चुके हैं।

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा, छगन भुजबल जी पहले भी मंत्री रह चुके हैं। उन्होंने कई विभागों को लीड किया है और वो एक अनुभवी नेता हैं... मैं उनको बहुत बधाई देता हूं...उनके अनुभव का निश्चित रूप से सरकार को फायदा होगा। दिसंबर 2024 में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा की गई मंत्रिमंडल विस्तार में उन्हें जगह नहीं मिलने पर उन्होंने सार्वजनिक रूप से नाराजगी जताई थी। अब उनकी वापसी धनंजय मुंडे के इस्तीफे के बाद हो रही है। बता दें कि मुंडे ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देकर मंत्री पद से इस्तीफा दिया था, हालांकि उनके सहयोगी वल्मिक कराड का नाम बीड सरपंच देशमुख हत्या मामले में सामने आने के बाद यह इस्तीफा आया।

## शहीद राम बाबू सिंह को 'शहीद' का दर्जा न मिलने पर राजद का धरना

सीवान, एजेंसी

बड़हरिया प्रखंड परिसर में राजद के नेताओं ने सोमवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। यह धरना जीबी नगर तरवारा थाना क्षेत्र के हरिहरपुर पंचायत स्थित वसिलपुर गांव निवासी शहीद राम बाबू सिंह को अब तक शहीद का दर्जा और सम्मान राशि न मिलने के विरोध में आयोजित किया गया था। धरने का नेतृत्व राजद नेता



अनवारूल हक उर्फ अनवार बाबू ने किया। उन्होंने सरकार से मांग की कि शहीद राम बाबू सिंह के परिजनों को जल्द से जल्द शहीद का दर्जा और 50 लाख की सम्मान राशि प्रदान की जाए।

### दिल्ली सरकार ने विधायक फंड घटाकर 5 करोड़ सालाना किया

## आम आदमी पार्टी ने भाजपा को बताया भूखा भेड़िया

नई दिल्ली, एजेंसी

लगातार दो कार्यकाल पूरे करने वाली आम आदमी पार्टी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि आप सरकार में जो एमएलए फंड 15 करोड़/सालाना था, वो दिल्ली की भाजपा सरकार ने घटाकर 5 करोड़ कर दिया है।

आप नेता ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि दिल्ली में भाजपा सरकार भूखे भेड़िए की तरह बरताव कर रही है।



आप नेता संजीव झा ने बताया कि जब दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार थी तो एमएलए का बजट 15 करोड़ रुपये सालाना था, जब भाजपा की सरकार आई तो यह घटकर पांच करोड़ रुपये हो गया। दिल्ली विधानसभा में 48 भाजपा के और 22 आप के सदस्य हैं। एमएलए फंड का उपयोग ऐसी जगह करते हैं जहां अन्य फंड का इस्तेमाल नहीं हो सकता है।

### रिजिजू ने उद्धव से फोन पर की थी बात

# शिवसेना (यूबीटी) ने सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों को दिया समर्थन

मुंबई, एजेंसी

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों के बहिष्कार की अपील करने के कुछ दिन बाद शिवसेना (यूबीटी) ने मंगलवार को कहा कि पार्टी राष्ट्रीय हित में भारत की वैश्विक आतंकवाद विरोधी पहल का समर्थन करेगी।

रुख में बदलाव केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा उद्धव ठाकरे से रविवार को फोन पर की गई बात के बाद आया है। शिवसेना (यूबीटी ने यह भी कहा कि केंद्र को 'अव्यवस्था और कुप्रबंधन' से बचने के लिए इन प्रतिनिधिमंडलों के बारे में पार्टियों को सूचित करने के प्रोटोकॉल का पालन



करना चाहिए।

शिवसेना (यूबीटी) ने 'एक्स' पर पोस्ट में लिखा, केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने रविवार को उद्धव ठाकरे से टेलीफोन पर बात की और विभिन्न देशों का दौरा करने वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में उनकी पार्टी की भागीदारी पर चर्चा की थी। शिवसेना (यूबीटी) ने कहा कि उसे पूरी तरह से आश्वस्त किया गया है कि प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के खिलाफ भारत के रुख को स्पष्ट करने के लिए है, राजनीति के लिए नहीं। शिवसेना (उबाठा) ने कहा, 'पूरी तरह से आश्वस्त किये जाने पर, हमने सरकार को यह आश्वासन भी दिया है कि हम इस प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से वही करेंगे जो सही है और जो हमारे देश के लिए जरूरी है। उसने कहा कि पार्टी की राज्यसभा सदस्य प्रियंका चतुर्वेदी देशभर के अन्य सांसदों के साथ प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा होंगी। बता दें कि प्रवक्ता संजय राउत ने रविवार को कहा था कि 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों को विभिन्न देशों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजने के केंद्र सरकार के कदम का बहिष्कार करना चाहिए था।

### आतंकवाद के खिलाफ हम सभी एकजुट

पार्टी ने कहा, आतंकवाद के खिलाफ सशस्त्र बलों की कार्रवाई में हम सभी एकजुट हैं, इसमें कोई दो राय नहीं होनी चाहिए। शिवसेना (उबाठा) ने कहा कि हालांकि पार्टी पहलगाम आतंकी हमले में खुफिया विफलता के बारे में स्पष्टीकरण मांगना जारी रखेगी, जिसमें 26 लोग मारे गए थे, लेकिन इस बात पर भी जोर दिया कि पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद को उजागर किया जाना चाहिए। उसने कहा, पहलगाम पर कूटनीतिक स्थिति और विफल खुफिया और सुरक्षा तंत्र के बारे में हमारी अपनी राय है और हम अपने देश के सर्वोत्तम हित में, अपने देश के भीतर सवाल पूछते रहेंगे। हालांकि, हमें पाकिस्तान से संचालित होने वाली आतंकवादी गतिविधियों को उजागर करने, उसे अलग-थलग करने और नष्ट करने के लिए वैश्विक स्तर पर एकजुट होना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### महापौर की अपील... जिन मार्गों पर चौड़ीकरण कार्य चल रहा है वहां सहयोग प्रदान करें

**उज्जैन, निप्र।** सिंहस्थ महापर्व को दृष्टिगत रखते हुए शहर के आंतरिक मार्गों का चौड़ीकरण कार्य नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। जिसके क्रम में सर्वप्रथम कोयला फाटक से मेट्रो टॉकीज एवं बियाबानी चौराहे से लेकर तेलीवाड़ा चौराहे तक चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया है उक्त कार्य को संज्ञान में लेते हुए महापौर मुकेश टटवाल द्वारा शहर वासियों से अपील की गई है कि उक्त दोनों चौड़ीकरण मार्गों पर मार्किंग किए गए मकानों को हटाने का कार्य चल रहा है इन मार्गों पर सुविधा की दृष्टि से यातायात डायवर्ट किया गया है शहरवासी इन मार्गों पर जाने से बचें एवं नगर निगम द्वारा किए जा रहे चौड़ीकरण कार्य में अपना सहयोग प्रदान करते हुए शहर विकास में अपनी सकारात्मक भूमिका निभाएं।

### फ्रीगंज क्षेत्र से हटाएं अतिक्रमण

**उज्जैन, निप्र।** आयुक्त आशीष पाठक के निर्देशानुसार नगर निगम अतिक्रमण गैंग द्वारा निरंतर शहर से अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में मंगलवार को अतिक्रमण गेंग प्रभारी योगेश गौड़ाले द्वारा सहायक आयुक्त प्रदीप सेन के नियंत्रण में तरणताल क्षेत्र में लगने वाली चौपाटी हेतु सड़क से 15 फीट अन्दर चुना लाईन डाली जाकर समस्त चौपाटी के व्यवसाईयों को निर्देशित किया कि चुना लाईन के अन्दर रहते हुए ही अपना व्यापार किया जाए, चुना लाईन के बाहर व्यापार करते पाए जाने पर सामग्री जप्त किये जाने की कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही अतिक्रमण अमले द्वारा अम्बेडकर भवन के पीछे अतिक्रमण हटाते हुए चाय एवं पंचर बनाने वाले की गमटी को हटाया गया तथाा कोठी रोड स्थित विक्रम नगर मार्ग पर रोड निर्माण में बाधक तीन क्वार्टर को तोड़े जाने की कार्रवाई की गई।

### जैन सोशल ग्रुप द्वारा साइबर अपराध जागरूकता सेमिनार का होगा आयोजन

**नागदा, निप्र।** आज के डिजिटल युग में साइबर अपराध हमारे जीवन का एक गंभीर खतरा बन चुका है। मोबाइल, इंटरनेट, सोशल मीडिया और ऑनलाइन बैंकिंग के बढ़ते प्रयोग के साथ-साथ साइबर ठगी, डाटा चोरी, फ्रॉड कॉल्स और अन्य ऑनलाइन अपराधों की घटनाएँ भी तेजी से बढ़ रही हैं। इन्हीं विषयों पर समाज में सजगता और सुरक्षा के प्रति चेतना लाने के उद्देश्य से जैन सोश्यल ग्रुप, नागदा द्वारा एक विशेष साइबर अपराध जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रमुख वक्ता अमृत लाल गवरी थाना प्रभारी नागदा, विक्रांत साहू ब्रांच मैनेजर ICICI बैंक, सचिन बैरागी, रिस्क कंपलेण्ट मैनेजर, एच डी एफ सी बैंक रहेंगे। सेमिनार आज रात्री 8:30 पर स्नेह बिल्डिंग रामकॉलोनी पर आयोजित होगा।

### देवी अहिल्याबाई की 300 वी जयंती पर उज्जैन में होंगे आयोजन

**उज्जैन, निप्र।** भारतीय जनता पार्टी उज्जैन नगर द्वारा देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर 21 मई से 31 मई तक उज्जैन नगर के सभी 12 मंडलों में अभियान चलाकर जयंती के विभिन्न कार्यक्रम संपन्न होंगे। उक्त जानकारी देते हुए भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने बताया कि 21 मई को भाजपा कार्यालय लोकशक्ति भवन पर प्रदर्शनी का उद्घाटन वरिष्ठ संगठन पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न होगा। 22 मई को देवी अहिल्याबाई होलकर के जीवन पर आधारित नाट्य मंचन होगा। 24 मई को रामघाट से घाटों की साफ सफ़ाई, 25 मई को मातृशक्ति सोभा यात्रा, 26 मई को प्रश्नोत्तरी एवं वाद विवाद प्रतियोगिता, 27 मई पत्रकार एवं बुद्धिजीवी बैठक, 28 मई भाषण प्रतियोगिता, 29 मई को अहिल्याबाई विरासत साहित्य वितरण व 31 मई को उनकी जयंती के दिन भोपाल में अभियान का समापन होगा। श्री अग्रवाल ने कहा कि देवी अहिल्याबाई होल्कर की शासन व्यवस्था कैसे आज देश और प्रदेश में स्थापित है, उसे लेकर जिला भाजपा जन-जन तक पहुंचेगी। उज्जैन नगर भाजपा कार्यकर्ता देवी अहिल्याबाई होल्कर के व्यक्तित्व और शासन व्यवस्था, सुशासन, महिला सशक्तिकरण सहित 300 वर्ष पूर्व जो उल्लेखनीय कार्य को जनता के बीच रखेंगे। देवी होल्कर के समाज, महिला, संस्कृति, देश और धर्म को लेकर जो कार्य किए हैं, उन सभी विषयों पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस दौरान देवी अहिल्याबाई होल्कर द्वारा महिला सशक्तिकरण को लेकर किए गए कार्यों को बताने निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों के साथ कार्यक्रम आयोजित होंगे। विधवा विवाह प्रथा देवी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने शासनकाल में शुरू की थी। उस समय होल्कर की सेना में लगे सैनिकों की विधवाओं को रोजगार के लिए महेश्वर साड़ी जैसे रोजगार की व्यवस्था की थी। आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार और प्रदेश में हमारी सरकारें उसी तरह महिलाओं के स्वरोजगार के लिए कई अभियान चला रही हैं। उज्जैन नगर में देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जन्म जयंती के कार्यक्रमों के सुचारू संचालन के लिए भाजपा जिला उपाध्यक्ष उमेश सेंगर को अभियान टोली का जिला संयोजक एवं भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रमिला यादव को अभियान का जिला सह संयोजक सहित जिला टोली का गठन किया गया है।

# विमुक्त, घुमन्तु, अर्धघुमन्तु समुदाय के समेकित विकास के लिए संभागीय कार्यशाला आयोजित

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र। यूनिसेफ, म.प्र. जन अभियान परिषद् एवं विमुक्त, घुमन्तु अर्धघुमन्तु समुदाय का डाटा एकत्रीकरण, बाल अधिकार एवं महिला स्वास्थ्य पर सर्वेक्षण कार्य पर घुमन्तु समाज के प्रतिनिधियों के साथ मंगलवार को एक दिवसीय संभागीय कार्यशाला का आयोजन स्थानीय म.प्र. पर्यटन विकास विकास निगम की होटल उज्जैनी में किया गया।**

कार्यशाला का शुभारंभ भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोरेलाल बारेचा क्षेत्रिय प्रमुख घुमन्तु अर्धघुमन्तु विभाग, मोहन नागर उपाध्यक्ष म.प्र.जन अभियान परिषद, अध्यक्षता बाबूलाल बंजारा अध्यक्ष घुमन्तु अर्धघुमन्तु अभिकरण, विशिष्ट अतिथि डॉ बकुल लाड़ कार्यपालक निदेशक म.प्र. जन अभियान परिषद, श्रीमती अजीता परमार सदस्य शासी निकाय, श्रीमती दिप्ती कोटस्थाने डिप्टी डायरेक्टर घुमन्तु अर्धघुमन्तु कल्याण विभाग, यूनिसेफ सुश्री पुष्पा अवस्थी पोषण विशेषज्ञ, डॉ अमित डोगरा हेल्थ ऑफीसर की उपस्थिति में किया गया।स्वागत उद्बोधन श्रीमती दिप्ती कोटस्थाने द्वारा किया गया। आपने बताया कि सर्वे कार्य किसके बीच जाकर, कैसे करना है। डॉ बकुल लाड़ द्वारा अपने उद्बोधन में बताया कि कैसे जन अभियान परिषद के वालेंटियर विमुक्त घुमन्तु अर्धघुमन्तु समुदाय के डाटा एकत्रीकरण में भूमिका निभाने पर प्रकाश डाला। द्वितीय सत्र में यूनिसेफ के डॉ अमीत डोगरे हेल्थ ऑफीसर, सुश्री पुष्पा अवस्थी पोषण विशेषज्ञ द्वारा महिला स्वास्थ्य, शिशु स्वास्थ्य, एवं मृत्यू दर आदि पर प्रेजेन्टेशन के माध्यम से वर्तमान के डाटा के साथ विषय को प्रस्तुत किया। उपस्थित समुदाय के महिला/पुरूष प्रतिभागियो के समक्ष महिला स्वास्थ्य, बाल स्वास्थ्य का डाटा प्रस्तुत किया गया। प्रति सत्र में दिप्ती कोटस्थाने द्वारा सर्वेक्षण प्रपत्र को पावर पांईट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि सर्वेक्षण कार्य कैसे करना, किनके बीच करना, और समुदाय की वास्तविक स्थिति के आंकलन को सर्वेक्षण कार्य में सम्मिलित करने हेतु सभी प्रतिभागियो से बिंदूवार सुझाव प्राप्त किये गये। तथा सर्वेक्षण के उद्देश्य पर प्रकाश डाला।

#### यह थे उपस्थित

प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कैलाश पटेल प्रांत संयोजक मालवा, चैनराम जैन सह प्रांत संयोजक, अमित उदय प्रांत टोली सदस्य, जय दीक्षित, अरूण व्यास, संदीप मालवीय, इंद्रेश पंवार, मोहनसिंह परिहार विकासखंड समन्व्यक, लोकेन्द्र मालवीय, नीलमणी सरकार, लोकश मालवीय, प्रदीप कुमार झा विभाग संयोजक, बालू खिंची जिला पंचायत सदस्य राजेश ग्राम संयोजक घुमन्तु,विनोद मेहता, संजय गौड़, रायसिंह बेगारा, रामसिंह मोडावत उपाध्यक्ष महोदय, राजाराम सुरेश चंदेल जिला संयोजक, बापूसिंह चावडा, बापूसिंह गौड, रामसिंह,जीवन जी, कमल खिंची उपसरपंच, गिरधारी खिंची उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अभिताभ श्रीवास्तव उज्जैन संभाग प्रभारी द्वारा किया गया व आभार शिवप्रसाद मालवीय संभाग समन्वयक ने माना।

# महापौर ने किया कानीपुरा मल्टी का औचक निरीक्षण

## आवंटित मकानों में हितग्राहियों के ना रहने की प्राप्त हो रही थी निरंतर शिकायतें

विनय उजाला



**उज्जैन, निप्र। कानीपुरा रोड स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नगर पालिका निगम द्वारा ( सुजलाम आवास गृह ) मल्टी का निर्माण मध्यम वर्गीय परिवारों के आवासों के लिए किया गया, जिसमें हितग्राहियों को निर्धारित लॉटरी प्रक्रिया के तहत मकानों का आवंटन किया गया था।**

परंतु कई समय से उक्त मकानों पर हितग्राहियों के ना रहने की शिकायतें प्राप्त हो रही है। जिसके क्रम में महापौर मुकेश टटवाल द्वारा मल्टी का औचक निरीक्षण किया गया। जहां पाया गया कि जिन पात्र हितग्राहियों को मकान का आवंटन किया गया था वहां पर 20 से 25 की संख्या में मकान पर ताले लगे पाए गए। जिनमें हितग्राही अपने मकानो में शिफ्ट ही नहीं हुए। इस संदर्भ में महापौर द्वारा संबंधित अधिकारी कार्यपालन यंत्री पीसी यादव को निर्देशित किया गया कि जिन हितग्राहियों द्वारा अपने आवंटित मकान पर ताले लगाए गए हैं या शिफ्टी नहीं हुए हैं उन पर वैधानिक जांच करते हुए दिए गए शपथ पत्र के अनुसार उचित कार्यवाही की जाए। उक्त मल्टी ऐसे आवासहीन हितग्राहियों के लिए बनाई गई थी, जिनके पास अपना स्वयं का कोई मकान नहीं हैं। साथ ही उन्हें यहां मकान का आवंटन किया गया था।

### निगम अध्यक्ष श्रीमती यादव ने किया सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण का भूमि पूजन



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती निर्मला करण परमार के प्रयासों से वार्ड क्र. 53 अन्तर्गत महाशक्ति नगर से हरिओम विहार तथा 80 क्वार्टर क्षेत्र में विशेष निधि से लगभग 40 लाख की लागत से सीमेंट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य करवाया जाना है। जिसका भूमि पूजन मंगलवार को निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव द्वारा नगर भाजपा अध्यक्ष संजय अग्रवाल, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती निर्मला करण परमार, जोन अध्यक्ष संग्राम सिंह भाटिया, मंडल अध्यक्ष परेश कुलकर्णी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर पार्षद श्रीमती आभा कुशवाहा, पूर्व नगर अध्यक्ष विवेक जोशी, सुरेश गिरी, उमेश सेंगर, आशीष वर्मा, विजय चांदना, विकास पोरवाल, सुशील वर्मा, महेश अजमेरी, वीरसिंह भाटिया, विजय यादव, प्रतीक्षा शर्मा, मधुकर राव, सचिन गोसर एवं वार्ड के सम्माननीय नागरिक उपस्थित रहे।

### लायंस क्लब नागदा ग्रेटर की नवीन कार्यकारिणी का गठन



विनय उजाला

**नागदा जं. निप्र।** लायंस क्लब नागदा ग्रेटर की बोर्ड मीटिंग मे नये पदाधिकारी बनाये गये। अध्यक्ष लायन अशोक बिसानी ने बताया की विगत दिनों नवीन कार्यकारिणी गठन करने हेतु पॉच सदस्यीय नॉमिनेशन कमेटी का गठन किया गया था, नॉमिनेशन कमेटी के द्वारा पदाधिकारियों का चयन कर बोर्ड के सम्मुख नाम प्रस्तावित किए गए। जिन्हें सर्वानुमती से नये सत्र 2025-2026 के लिये नये पदाधिकारी और संचालक मंडल की घोषणा की गई। जिसमे अध्यक्ष लायन डॉ. हिमांशुदत्त पाण्डेय, सचिव लायन जया राठी, कोषाध्यक्ष लायन सलीम खान, प्रथम उपाध्यक्ष डॉ. ओम बैरागी, द्वितीय उपाध्यक्ष कमलेश नागदा, तृतीय उपाध्यक्ष राकेश डाबी, सहसचिव रोहित प्रजापत, सहकोषाध्यक्ष शरद जैन,मेंबरशिप कमेटी चेयरमैन अजय गरवाल, राजेश मोहता, एलसीआईएफ कोऑर्डिनेटर सतीश बजाज, लियो एडवाईजर विनय राज शर्मा, क्लब सर्विस चेयरमैन निर्मल कुमार जैन, क्लब मार्केटिंग चेयरमैन प्रतीक माहेश्वरी, टेमर आनन्दीलाल गगरानी, प्रोग्राम कॉ-आर्डीनेटर अजय पोरवाल, टेल ट्वीस्टर संदीप कांठेड, संचालक मंडल पंकज मारू, रवि कांठेड, पंकज पावेचा, विजय पोरवाल, अशोक पोरवाल, संतोष कौलन, घनश्याम राठी, जमनलाल मालपानी, राजकुमार मोहता, कृष्णकांत गुप्ता, झमक राठी, श्याम पोरवाल, महेश पंजाबी, सौरभ मोहता, मुकेश राठौर, मनोहरलाल शर्मा को मनोनित किया गया। नवीन कार्यकारिणी के मनोनयन पर क्लब के प्रदीप राठी, अशोक सकलेचा, विरेन्द्र जाजोरिया, ललीत खण्डेलवाल, प्रकाश राठी, शशांक सेठिया, तेजपाल जवेरिया, आशा जवेरिया, बाबुलाल प्रजापत, श्यामलाल चौहान, दीपक केरवार, गुरविन्दरसिंह नागी, रमेशचन्द्र केरवार, मनोज राठी, राकेश पोरवाल, अवनिश गनेरीवाल, विजय जायसवाल, मुकेश जैन, विनोद पोरवाल,

#### अहिल्या जयंती पर नि :शुल्क रंगोली प्रतियोगिता आज

**नागदा।** इस वर्ष देवी अहिल्या की 300वीं जयंती मनाई जाएगी। मीडिया प्रभारी निलेश मेहता ने बताया भाजपा नगर मंडल के तत्वावधान में आज शाम 5.00 बजे, वार्ड क्रमांक 20, राम जानकी मंदिर परिसर में नगर की बालिकाओं एवं नारी शक्ति के लिए निश्शुल्क रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। जिसमें प्रतिभागियों को स्वयं के कलर एवं आवश्यक सामग्री साथ में लाना अनिवार्य है। मध्य प्रदेश सरकार और भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय द्वारा उनके सम्मान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिनमें महिला सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया जा रहा है। कला प्रोत्साहन के लिए रंगोली प्रतियोगिता में नगर की बालिकाओं एवं नारी शक्ति से अधिक से अधिक संख्या में सहभागीता करने की अपील नगर मंडल के समस्त पदाधिकारी, भाजपा नगर महिला मंडल एवं सदस्यों, कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया।

### कलेक्टर द्वारा विभिन्न मामलों में जनसुनवाई की गई

विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा मंगलवार को प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में विभिन्न मामलों में जनसुनवाई करते हुए प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश अधिनस्थ अधिकारीयों को दिये गये।**

कार्तिक चौक निवासी सागरबाई सेन ने आवेदन दिया कि उनके पति श्रमिक थे तथा उनका संबल योजना के अंतर्गत कार्ड भी बना हुआ है। उनके पति की कुछ समय पूर्व दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। परंतु आज दिनांक तक उन्हें संबल योजना के अंतर्गत सहायता राशि प्राप्त नहीं हुई है। इस पर आयुक्त नगरपालिका निगम को शीघ्र कारवाई करने के निर्देश दिये गये। बसंत विहार निवासी मीनाक्षी परमार ने आवेदन दिया की उनके पति के स्वामित्व का भवन बसंत विहार में स्थित है तथा गत वर्ष उनके पति का स्वर्गवास हो गया था। इसके पश्चात उन्होंने भवन के नामांतरण के लिए आवेदन दिया, परंतु आज दिनांक तक उनका नामांतरण नहीं किया गया है। इस पर नगर पालिका निगम के जोनल अधिकारी को शीघ्र नामांतरण कि कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार कलेक्टर, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जयती सिंह और अन्य अधिकारीयों द्वारा अन्य मामलों में जनसुनवाई कि गई।

### जैन सोश्यल ग्रुप द्वारा संवेदना के साथ दिक्षार्थी गौरव जाट का बिदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन

विनय उजाला



**नागदा निप्र। स्थानीय पार्श्व प्रधान पौषधशाला में दिक्षार्थी गौरव जाट का बिदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण से हुई।**

स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष धर्मेन्द्र बंम ने दिया। डॉ विपिन वागरेचा द्वारा दिक्षार्थी के बचपन से लेकर बिदाई तक के सारे संस्कारों का सजिव चित्रण संवेदना के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। बहन द्वारा रक्षासूत्र को कलाई पर बांधना, दिक्षार्थी पुत्र द्वारा माता पिता का पद पक्षालन एवं माता पिता द्वारा दीक्षार्थी पुत्र का पद पक्षालन के मार्मिक दृष्य को डॉ वागरेचा ने बखूबी प्रस्तुत किया। समाज के उभरते गायक आयुष बोहरा ने शानदार गीतों की प्रस्तुति से सदन को गौरवांवित किया। जैन सोश्यल ग्रुप द्वारा दिक्षार्थी का बहुमान किया गया। अभिनंदन पत्र का वाचन उपाध्यक्ष अमित बम ने किया। आभार सचिव प्रशांत नाहर ने माना। अंत में सभी से क्षमायाचना करते हुए घनघोर अंधेरे में केवल मोबाईल टार्च की टिमटिमाती रोशनी में दीक्षार्थी गौरव जाट ने श्रीसंघ से बिदाई ली। इस अवसर पर प्रकाश जैन सांवेर वाले, अरविंद नाहर, शरद जैन, दिलिप कांठेड़, श्रेणिक बम, मनीष व्होरा, सतीष जैन सांवेर वाले, विजय तांतेड़ सुरेंद्र कोलन, रवि संघवी, आशीष पोखरना, अंकुर जैन, पंकज जैन, दीपक गांग, नितिन बुढ़ावनवाला, सुरेंद्र पितलिया, हेमंत कांकरिया, जितेंद्र पोखरना, हर्षित नागदा, प्रकाश चपलोत, राकेश ओरा, राकेश कोलन, अजेश कोलन, अंकित कांकरिया, शर्मिला बम, साधना जैन, सुनीता सकलेचा, राजकुमारी चपलोत आदि अनेक सदस्य एवं समाज जन उपस्थित थे।

# झाबुआ एवं नीमच के ज्वाईट कलेक्टर पर 5 हजार क्षतिपूर्ति का आदेश

विनय उजाला

#### नागदा के एक्टिविस्ट सनोलिया की अपील पर सूचना आयोग की कार्यवाही

#### मामला चंद्रशेखर आजाद समेत सेनानियों पर प्रकाशित एक पुस्तक का

**नागदा, निप्र।** मप्र के आदिवासी अंचल झाबुआ जिले में स्वतंत्रता संग्राम में देशभक्तों, सेनानियों के योगदान पर प्रकाशित एक पुस्तक की आरटीआई में जानकारी उपलब्ध कराने में लापरवाही पर मप्र राज्य सूचना आयोग ने दो ज्वाइंट कलेक्टर के विरूद्ध संयुक्त रूप से 5 हजार की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने का आदेश दिया है। आयोग ने यह निर्णय झाबुआ के संयुक्त कलेक्टर अक्षयसिंह मरकाम और नीमच की संयुक्त कलेक्टर श्रीमती प्रीति संघवी के खिलाफ पारित किया। यह आदेश नागदा जिला उज्जैन के आरटीआई एक्टिविस्ट कैलाश सनोलिया के सूचना का अधिकार अधिनियम की आयोग में प्रस्तुत अपील के निर्णय में हुआ। इस पुस्तक में शहीद चंद्रशेखर आजाद की जन्म स्थली भाबरा (झाबुआ) समेत स्वाधीनता आंदोलन में जिले भर के देशभक्तों की स्मृतियों के संकलन पर प्रकाशित पुस्तक से जुड़ा मामला है। यह पुस्तक कलेक्टर कार्यालय झाबुआ से कबीर निधि से प्रकाशित हुई थी। जिसकी प्रति सूचना अधिकार में मागी गई थी।

उक्त प्रकरण में समय पर जानकारी उपलब्ध नहीं करने तथा पुस्तक की जगह अन्य पुस्तक प्रदान करने से पीडित को हुई श्रम, धन एवं समय की बर्बादी पर आयोग ने क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने का आदेश दिया है। आदेश के परिपालन के लिए कलेक्टर झाबुआ को निर्देश दिया है। आयोग कमिश्नर डॉ. उमाशंकर पचौरी की खंडपीठ ने निर्णय में उक्त दोनों अधिकारियों को नसीहत भी दी है कि अब भविष्य में सूचना अधिकार के आवेदनों का निराकरण गंभीरतापूर्वक विधि सम्मत तरीके से करें।

# नाइट गश्त में मिली रतलाम से चोरी हुई बोलेरो पिकअप

विनय उजाला




**नागदा, निप्र। थाना नागदा की नाइट गश्त के दौरान तेज़ निगरानी और फुर्ती से एक बड़ी चोरी का पर्दाफाश हुआ। डायल 100 को सूचना मिली कि रोहलखुर्द रोड पर एक बोलेरो पिकअप तेज़ रफ्तार और लापरवाही से भगाई जा रही है।**

सौभाग्यवश, डायल 100 टीम पास के गांव में एक इवेंट में मौजूद थी। सायरन सुनते ही चोरों ने घबराकर गाड़ी को कीचड़ भरे रास्ते पर मोड़ दिया, जहाँ वह फंस गई। बारिश के कारण कीचड़ में फंसी गाड़ी को छोड़ चोर मौके से फरार हो गए। डायल 100 के आरक्षक लक्ष्मण बैरागी ने तुरंत स्थिति को भांपते हुए नाइट ऑफिसर उपनिरीक्षक योगिता उपाध्याय को सूचना दी। मौके पर पहुँची टीम ने मशक्कत के बाद गाड़ी के मालिक से संपर्क किया, जिसने पुष्टि की कि गाड़ी रतलाम से चोरी हुई है।


थाना मोबाइल पायलट राजेश मोरवाल ने अपनी सूझबूझ से लॉक की हुई गाड़ी का लॉक खोला। 2 घंटे की मेहनत के बाद बोलेरो पिकअप को थाने लाया गया। चोरों ने पहचान छुपाने के लिए गाड़ी पर सफेद पेंट और एसीसी टेप लगा रखी थी। श्व-रक्षक ऐप के ज़रिए पुष्टि हुई कि यह MP 43 G 2713 नंबर की वही पिकअप है जिसकी रिपोर्ट थाना औद्योगिक क्षेत्र रतलाम में दर्ज थी। सूचना करता तरुण राठौर, निवासी श्रीराम नगर, रतलाम ने बताया कि उनकी गाड़ी चोरी हो गई। प्रधान आरक्षक- सोम सिंह भदौरिया, आरक्षक बंटी जाट, वीरेंद्र जाट,सैनिक- ईश्वर सिंह, डायल 100 पर तैनात आरक्षक लक्ष्मण बैरागी, मोबाइल पायलट राजेश मोरवाल, नगर रक्षा समिति सदस्य सूरज राठौर और थाना प्रभारी नागदा की सजगता और टीम की मुस्तैदी से यह बड़ी चोरी की वारदात विफल हुई। वाहन सुरक्षित रतलाम पुलिस को सुपुर्द किया गया।

# विकसित भारत की नींव बनेंगे अमृत स्टेशन



जय वर्मा सिन्हा










विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने के लिए देश में परिवर्तन तीव्र गति से और स्पष्ट रूप से हो रहा है, जिसे हर नागरिक और आगंतुक सहजता से देख और अनुभव कर सकते हैं। यह विकास अब केवल नीतियों और राजनीतिक भाषणों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भवनों, सड़कों और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।

देश में बने एक्सप्रेसवे पर यात्रा करते हुए यह महसूस होता है कि राज्यों के बीच संपर्क में सुधार हुआ है और यात्रा अधिक सुगम हो गई है। इसका उदाहरण वे आधुनिक हवाई अड्डे हैं, जो अंतरराष्ट्रीय मानकों से मेल खाते हुए भारत को एक वैश्विक पहचान दिलाते हैं।

यह परिवर्तन स्मार्ट शहरों के निर्माण के हिस्से के रूप में हो रहा है, जहां आधुनिक तकनीक, स्मार्ट भवनों और दीर्घकालिक योजनाओं के माध्यम से विकास को गति मिल रही है।

पहले रेलवे का नजरअंदाज किया गया था, लेकिन अब यह भी इस परिवर्तन का हिस्सा बन चुका है। भारतीय रेलवे स्टेशनों को पहले केवल भीड़-भाड़ वाले, नीरस स्थान के रूप में जाना जाता था, लेकिन अब इन्हें आधुनिक रूप में तब्दील किया जा रहा है। इनका उद्देश्य केवल एक यात्री के आवागमन की सुविधा नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक केंद्र और शहरों की पहचान के रूप में उभरना है। पहले जहां स्टेशन केवल यातायात का केंद्र थे, वहीं अब ये एक नई पहचान और उच्चतम मानक वाली सुविधाओं के साथ विकसित हो रहे हैं।

अमृत भारत स्टेशन परियोजना इस बदलाव का केंद्र बिंदु है। भारतीय रेलवे की अगुवाई में, इस परियोजना के तहत देशभर में 1,300 से ज्यादा रेलवे स्टेशनों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। यह सिर्फ भौतिक संरचनाओं और तकनीकी सुविधाओं को जोड़ने का काम नहीं, बल्कि यह भारत के सार्वजनिक स्थानों के प्रति दृष्टिकोण को बदलने की दिशा में एक कदम है।

इस परियोजना का उद्देश्य है कि रेलवे स्टेशनों को न केवल यात्री सुविधाओं के रूप में बल्कि सांस्कृतिक और आर्थिक केंद्र के रूप में भी विकसित किया जाए। पहले जहां रेलवे स्टेशन केवल एक बड़े पैमाने पर यात्रियों के आवागमन के स्थान होते थे, अब ये शहरों की पहचान और जीवनशैली के प्रतीक बन गए हैं। इन स्टेशनों को अब एक नए दृष्टिकोण से डिजाइन किया जा रहा है, जहां केवल ट्रेनों का संचालन ही नहीं, बल्कि लोगों के अन्य आवश्यक कामकाज भी पूरे होते हैं। अमृत भारत स्टेशन परियोजना का प्रमुख उद्देश्य दीर्घकालिक विकास पर ध्यान केंद्रित करना है। इसमें रेलवे स्टेशनों का मास्टर प्लान विकसित किया जा रहा है, जो न केवल यात्रियों की संख्या और यातायात को ध्यान में रखे, बल्कि हर स्टेशन के स्थानीय परिप्रेक्ष्य, संस्कृति और शहर के विकास की जरूरतों को भी समाहित करे। यह योजना प्रत्येक स्टेशन के लिए अनुकूल और जरूरी सुधारों की दिशा में अग्रसर है, ताकि यात्रियों को अधिक सुविधाजनक और आरामदायक अनुभव मिल सके।

इसमें छोटे बदलावों से कहीं ज्यादा, रेलवे स्टेशनों को एक जीवंत सार्वजनिक स्थल में बदलने की प्रक्रिया है, जो परिवहन, खरीदारी, पर्यटन और सामाजिक मिलन केंद्र के रूप में कार्य करता है। अब इन स्टेशनों का डिज़ाइन ऐसी योजनाओं पर आधारित है, जो यात्रियों के आराम और उनकी सभी आवश्यकताओं का ख्याल रखे।

स्टेशनों के डिज़ाइन में पारंपरिक तत्वों के साथ-साथ आधुनिक और पर्यावरणीय दृष्टिकोण को भी शामिल किया जा रहा है। यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि रेलवे स्टेशन न केवल अपनी सौंदर्यता से बल्कि अपनी उपयोगिता से भी लोगों के जीवन में योगदान करें। इसके अलावा, सार्वजनिक स्थानों की स्वच्छता और डिज़ाइन में सुधार, यात्रियों को बेहतर अनुभव देने के लिए बड़े पैमाने पर किया जा रहा है।

यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए दिव्यांगजनों और वृद्धों के लिए लिफ्ट, एस्केलेटर और विशेष रास्ते बनाए जा रहे हैं। स्टेशन अब केवल आवागमन का स्थान नहीं रहेंगे, बल्कि वे सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र भी बनेंगे, जहाँ लोग सिर्फ यात्रा करने के लिए नहीं, बल्कि आनंद और विश्राम के लिए भी आएंगे।

अमृत भारत स्टेशन परियोजना का उद्देश्य रेलवे स्टेशनों को आधुनिक, खुला और सभी के लिए सुलभ स्थान बनाना है, जहां हर व्यक्ति अपनी जरूरतों और अनुभवों के अनुसार सुविधाओं का लाभ उठा सके। इस परियोजना के माध्यम से भारतीय रेलवे की सोच में महत्वपूर्ण बदलाव आ रहा है, जहां यात्रा के स्थान को एक नए और समग्र दृष्टिकोण से देखा जा रहा है।

**भारतीय रेल की पूर्व अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं।**

## संक्षिप्त समाचार

### चोरी की आशंका के चलते एक व्यक्तिके साथ की मारपीट, मंगलवार दोपहर पुलिस थाने हरसूद पहुंचे ग्रामीण




**हरसूद, निप्र।** ग्राम तोरनिया निवासी एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने की घटना हो गई थी। जिसके विरोध में मंगलवार दोपहर 1 बजे के लगभग पीडित के साथ बडी संख्या में ग्रामीण हरसूद थाने पहुंचे। पीडित चैनसिंह यदुवंशी, निवासी तोरनिया ने बताया कि सोमवार रात में अपने खेत में मूंग फसल की रखवाली करने गया था। मेरे खेत के बगल से सोलर प्लांट है। मेरे खेत के रास्ते पर सोलर प्लांट के 3 व्यक्ति आए और बोले की तुम रात में यहां क्या कर रहे हो। मुझ पर चोरी की शंका करते हुए गाली-गलौज करने लगे। जब मैंने गाली देने से मना किया तो दो लोगों ने मेरे साथ मारपीट की। पीडित ने यह घटना मंगलवार सुबह ग्राम के ग्रामीणों को बताई। जिसके बाद इस घटना के विरोध में बडी संख्या में ग्राम तोरनिया के ग्रामीण मंगलवार दोपहर हरसूद थाने पहुंचे थे।

### ग्राम रोशनी में प्लाट पर मकान बनाकर किया कब्जा, पीडित ने जनसुनवाई में की शिकायत



**हरसूद, निप्र।** मंगलवार को नया हरसूद में आहूत जनसुनवाई में दोपहर 1 बजे के लगभग ग्राम रोशनी निवासी एक व्यक्ति हरसूद एसडीएम को आवेदन सौंपकर प्लाट पर एक व्यक्ति द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत की। ग्राम रोशनी निवासी चम्पालाल पिता नानू काजले ने हरसूद एसडीएम को बताया कि ग्राम रोशनी में 5-6 साल पहले ग्राम के ही एक व्यक्ति ने कहा कि तुम्हारे प्लाट पर मैं मकान बना लेता हूं। मकान तुम्हारे नाम पर ही रहेगा। इस मकान का मैं तुम्हें किराया दूंगा। जब मकान बना था उसमें मैंने भी रूपए दिए थे। चम्पालाल ने बताया कि अब उक्त व्यक्ति लोगों से कह रहा है कि मैंने मकान अपने नाम कर लिया है और मकान का पटटा भी मैं लूंगा। चम्पालाल ने उक्त व्यक्ति के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई करते हुए मकान खाली करवाने की मांग की है।

## कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी नागरिकों की समस्याएं और निराकरण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

विनय उजाला



**खण्डवा, निप्र। शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत नागरिकों की शासकीय कार्यालयों से संबंधित समस्याओं का निराकरण अधिकारियों द्वारा किया जाता है।**

इसी क्रम में मंगलवार को कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समस्याओं के आवेदन लेकर आए विभिन्न नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके त्वरित निराकरण के लिए मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर श्री अरविंद चौहान सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण मौजूद थे। जनसुनवाई में आवेदिका श्रीमति ममताबाई पति स्व. रूपसिंग असबारे निवासी ग्राम बीड, खंडवा द्वारा उनके पति के मृत्योपरांत उनके बेटे को अनुकम्पा नियुक्ति, ग्रेच्युटी राशि, एरियर राशि एवं अन्य पेंशनर्स के लाभ दिलाये जाने की माँग की, जिस पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने श्री ए.सी. पांडेय को समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। एक अन्य आवेदिका श्रीमति प्रियंका सावनेर पति स्व. धनराज सावनेर निवासी सिंघाड़तलाई, खंडवा द्वारा पति की मृत्योपरांत उनके बच्चों की फीस माफ कराने की सहायता देने तथा उन्हें किसी भी एनजीओ या अस्थाई नियुक्ति पर रखे जाने की माँग की, जिस पर कलेक्टर श्री गुप्ता ने संबंधित अधिकारी को जाँच कर समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए।

## सघन टी.बी. मुक्त भारत अभियान में 68 संभावित मरीजों की जाँच कर सेंपल लिए गए टी.बी. मुक्त की दिलाई गई शपथ




**खण्डवा, निप्र।** कलेक्टर श्री ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत के निर्देशन में टी.बी. मुक्त भारत अभियान में टीबी के मामलों की जल्द पहचान और उपचार करना है। इस अभियान के तहत मंगलवार को विकासखण्ड पंधाना के ग्राम सारोला में स्वास्थ्य टीम के द्वारा 68 संभावित मरीजों की टीबी स्क्रीनिंग कर स्पूटम सैंपल लिए गए। नोडल अधिकारी डॉ. शक्तिसिंह राठौड़ ने बताया कि अभियान के दौरान खासकर ऐसे लोग जो उच्च जोखिम श्रेणी में आते हैं, उनकी स्क्रीनिंग की जा रही है। साथ ही उपस्थित ग्रामीणजनों को टीबी के प्रति जागरुक करते हुए टीबी के लक्षण, कारण, उपचार और रोकथाम के बारे में जानकारी दी गई एवं टीबी मुक्त भारत की शपथ दिलाई। ग्रामीणजनों को दो सप्ताह से अधिक खाँसी वाले मरीजों के खखार की जांच कर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने के लिए समझाइश दी गई। इस दौरान डीपीसी श्री हुसैन कुरेशी, काउंसलर श्री जितेन्द्र प्रजापति, सुपरवाइजर श्री मनोज भारद्वाज, सी.एच.ओ. श्री सचिन सावनेर मौजूद थे।

## नर्मदा किनारे अमलाथा गांव में शिकारी के फंदे में फंसा तेंदुआ, ग्रामीणों में दहशत

### कई घंटे से खेत में फंसा तेंदुआ दहाड़ मारता रहा, वन विभाग पर लगे लापरवाही के आरोप

महेश चौहान



**कसरावद, निप्र।** नर्मदा किनारे बसे अमलाथा गांव में मंगलवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब किसान गुलाब सिंह के खेत में एक तेंदुआ का पैर शिकारी के फंदे में फंसा मिला। तेंदुआ कई घंटो से फंदे में छटपटा रहा है और लगातार दहाड़े मार रहा था , इस दौरान कई ग्रामीण उसका वीडियो बनाते नजर आए और साथ ही ग्रामीणों में दहशत का माहौल भी बन रहा ।

ग्रामीणों ने वन विभाग को सूचना दी लंबे समय के बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। कसरावद वन ने इंदौर के राला मंडल से रेस्क्यू टीम को सूचना दी। रालामंडल टीम पहुंच मंगलवार देर शाम तक रेस्क्यू की कार्रवाई जारी रही। वन विभाग की टीम ने आसपास के ग्रामीणों को घटनास्थल से हटाया और क्षेत्र को सील कर दिया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि तेंदुए की मौजूदगी की जानकारी वन विभाग को पहले भी कई बार दी जा चुकी थी, लेकिन विभाग ने कभी गंभीरता नहीं दिखाई। अमलाथा और आसपास के क्षेत्रों में पिछले कई दिनों से तेंदुआ दिखाई देने की खबरें आ रही थीं। खेतों में काम करने वाले मजदूरों और रात को सिंचाई करने जाने वाले किसानों को तेंदुए की दहाड़ें सुनाई देती थीं, लेकिन वन विभाग ने सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं किए।

ग्रामीण योगेंद्र सिंह चौहान, भगवान सिंह चौहान, मनीष पाल सहित अन्य लोगों ने बताया कसरावद वन विभाग में तैनात रेंजर खरगोन से रोज अप-डाउन करते हैं और क्षेत्र में कभी नजर नहीं आते। कई बार सूचना देने के बावजूद विभाग के अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचते हैं मोबाइल फोन भी रिसीव नही किए जाने के आरोप भी लगाए हैं। जिससे ग्रामीणों का वन विभाग पर भरोसा टूटता जा रहा है।

ग्रामीणों और वन विभाग को आशंका है कि तेंदुआ किसी शिकारी द्वारा बिछाए गए फंदे में फंसा है। यदि तेंदुआ समय रहते नहीं पकड़ा जाता, तो वह ग्रामीणों और मवेशियों के लिए गंभीर खतरा बन सकता था।

घटना ने एक बार फिर वन विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्या विभाग प्राणी सुरक्षा और ग्रामीणों की जान की रक्षा को लेकर गंभीर है? क्या सिर्फ रेस्क्यू टीम बुलाकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेना ही पर्याप्त है?

ग्रामीणों ने मांग की है क्षेत्र में वन विभाग की सतर्कता बढ़ाई जाए, रेंजर की स्थायी तैनाती की जाए और जंगली जानवरों की निगरानी के लिए व्यापक कदम उठाया जाए ताकि भविष्य में किसी तरह की कोई अप्रिय घटनाएं न हों।

### पूर्व में मथलाय वन परिक्षेत्र में फंदे में फंसा तेंदुआ, था रेस्क्यू टीम ने बचाया

कोंडापुर चंदनपुरी बीट क्षेत्र के मथलाय वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जंगल में अज्ञात शिकारियों द्वारा बिछाए गए फंदे में एक तेंदुआ पिछले दिनों फंस गया। फंदे में फंसने के कारण तेंदुए के पैर में गंभीर चोट आ गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। सूचना मिलने पर कसरावद वन विभाग द्वारा रालामंडल रेस्क्यू टीम इंदौर को बुलाया गया। टीम ने सतर्कता और कुशलता से तेंदुए को सुरक्षित रेस्क्यू किया और प्राथमिक उपचार के बाद उसे बड़वाह के जंगल में छोड़ दिया गया। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि यह घटना वन्यजीवों के लिए लगातार बढ़ते खतरे की ओर संकेत करती है। उल्लेखनीय है कि लगभग तीन माह पूर्व भी ग्राम बालसमुद के पास एक मृत तेंदुआ पाया गया था, जिससे क्षेत्र में शिकार की घटनाओं को लेकर गंभीर चिंता जताई जा रही है। वन विभाग द्वारा इस मामले की जांच शुरु कर दी गई है और दोषियों की तलाश की जा रही है।

## ग्राम सारोला में इंटीग्रेटेड हेल्थ कैम्प लगाकर 115 मरीजों की जांच की गई



**खण्डवा, निप्र।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को विकासखण्ड पंधाना के ग्राम सारोला में इंटीग्रेटेड हेल्थ कैम्प में 115 मरीजों की जाँच कर उपचार किया गया। नोडल अधिकारी एड्स नियंत्रण कार्यक्रम डॉ. शक्तिसिंह राठौड़ ने कैम्प की जानकारी देते हुए बताया कि इस कैम्प में प्रवासी व्यक्तियों, गर्भवती महिलाओं, शाला त्यागियों, उच्च जोखिम समूह व जनसामान्य को एच.आई.वी., एसटीआई/आरटीआई, टी.बी., हेपेटायटिस-बी की स्क्रीनिंग कर उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया जा रहा है। साथ ही उनकी कांउसलिंग कर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति समझाईश दी जा रही है। इस दौरान परामर्शदाता श्री जितेन्द्र प्रजापति, सुपरवाइजर मनोज भारद्वाज, सी.एच.ओ. सचिन सावनेर, दीपिका चंदेलकर, नजमा शेख, टीआई परियोजना से जया पवार, समग्र परियोजना से देवेन्द्र गौतम द्वारा सेवाएं दी गई।

### शासकीय आदेश का उल्लंघन करने पर की गई कार्यवाही, कालू के विरूद्ध धारा 223 के तहत अपराध पंजीबद्ध

**खण्डवा, निप्र।** अनुविभागीय अधिकारी पुनासा के आदेश का उल्लंघन करने पर ओंकारेश्वर निवासी आरोपी कालू पिता जग्गू केवट के विरूद्ध धारा 223 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। अनुविभागीय अधिकारी पुनासा श्री शिवम प्रजापति द्वारा बताया गया कि 20 मई को पुराना पुल ओंकारेश्वर में कालू पिता जग्गू केवट निवासी वार्ड क्रमांक 10 ओंकारेश्वर द्वारा अपनी मोटर सायकल डिलक्स क्रमांक एमपी 10 एमजी 2066 को पुराने पुल ओंकारेश्वर के उपर से ले जाना प्रतिबंधित होने के बावजूद पुल के उपर से ले जाते पाया गया जो कि जारी आदेश जिसमे चार पहिया वाहन एवं दो पहिया वाहन को पुल पर से ले जाना पुर्णत: वर्जित किया गया था।

## बाजार भाव

### इंदौर मंडी

# चमकीली धातुओं में तेजी



**इंदौर (व्यापार प्रतिनिधि)।** चना कांटा 6150 - 6200 विशाल चना 5900 - 5950 डंकी चना 5600 - 5650 मसूर 6100 - 6150 नई 6000 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग (गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द (गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की उड़द 3000 - 5000 रुपए।

**तिलहन - (प्रति क्विंटल)-** सोयाबीन 4375 - 4400 सरसों निमाड़ी बारीक 5800 - 5850 एवरेज बारीक 5000 - 5005 रुपए।

**दाल भाव (प्रति क्विंटल)** - तुअर दाल फूल 11000 - 11200 तुअर दाल सवा नंबर 10800 - 11000 चना दाल 8100 - 8200 एक्स्ट्रा बोल्ड 9100 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9200 - 9400 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।

**तेल बाजार (प्रति 10 किलो)** - मूंगफली तेल इंदौर 1470 - 1480 मुबंई 1520 - 1525 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 रुपए।

**मावा** - 340 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार -**
सोना 10 ग्राम 89800 रुपए।
चाँदी 100000 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 1100 रुपये प्रति नग।
सोना 3025 डॉलर प्रति औंस
चाँदी 3343 सेंट प्रति औंस

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री प्रहलादसिंह पटेल आज झाबुआ दौरे पर, इंजिनियरिंग कॉलेज में पंच-सरपंच सम्मेलन को करेंगे संबोधित




**झाबुआ, निप्र।** मप्र शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलादसिंह पटेल 21 मई, बुधवार को झाबुआ दौरे पर रहेंगे। वे इस दिन आलीराजपुर से होते हुए दोपहर 1.30 बजे सर्किट हाऊस, कॉलेज मार्ग झाबुआ पर आगमन होगा। दोपहर 2.30 बजे देवझिरी तीर्थ स्थल पहुंचकर मंदिर में दर्शन एवं पूजन तथा भ्रमण पश्चात् 3.15 बजे इंजनियरिंग कॉलेज में पंच-सरपंच सम्मेलन में शिरकत करेंगे। बाद शाम 5.40 बजे झाबुआ से जावरा रतलाम मार्ग लिए प्रस्थान निर्माण कार्यों का अवलोकन किया जाएगा। शाम 7.30 मंदसोर पहुंचेंगे।

### जनसुनवाई का आयोजन हुआ



**अलीराजपुर, निप्र।** प्रति मंगलवार की तरह आज भी जनसुनवाई का आयोजन कलेक्टर परिसर के जन सुनवाई कक्ष में प्रभारी अपर कलेक्टर श्री वीरेंद्र सिंह बघेल की अध्यक्षता में हुआ। जनसुनवाई में श्रीमती पिंकी पति स्व. श्री जितेन्द्र सोलंकी ने आवेदन दिया कि मेरे पति की सड़क दुर्घटना में असामयिक मृत्यु हो गई थी। मेरे पति द्वारा ही परिवार का पालन पोषण किया जाता था। उनकी मृत्यु के उपरांत परिवार की स्थिति असहाय हो गई, शासन की ओर से किसी भी प्रकार की शासकीय सहायता या योजना का लाभ नहीं मिल पाया है। मेरी आर्थिक स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए मुझे मुख्यमंत्री पारिवारिक सहायता योजना, विधवा पेंशन,बाल सहायता योजना आदि का शीघ्र लाभ दिलाया जाए। प्रभारी अपर कलेक्टर ने उक्त आवेदन को जनपद सीईओ को सौप कर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसी तरह स्वरोजगार योजना, बीमा राशि का भुगतान, जमीन कब्जा, आर्थिक सहायता आदि से संबंधित कुल 11 आवेदन पत्र प्राप्त हुए उन्हें संबंधित विभाग को सौंप कर उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### जिला कांग्रेस द्वारा 21 मई को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी



**झाबुआ, निप्र।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की 33वीं पुण्यतिथि को 21 मई, बुधवार को कांग्रेस द्वारा शहीद दिवस के रूप में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस द्वारा स्थानीय गोपाल कॉलोनी स्थित विधायक कार्यालय पर दोपहर 11 बजे से श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन कर स्व. गांधी को पुष्पाजंली अर्पित कर उनके जीवन पर विचार व्यक्त किए जाएंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश रांका ने इस दौरान जिला कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस पदाधिकारी एवं युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, एनएसयुआई, कांग्रेस कार्यकर्ता सहित समस्त कांग्रेस समर्थित जनप्रतिनिधियों से आवश्यक रूप से उपस्थित रहने हेतु अपील की है।

### खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर 20 मई से 20 जून तक

**झाबुआ, निप्र।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रीष्मकाल में बच्चों को खेल से जोड़ने हेत महाभियान शुरू किया गया है। जिसके अंतर्गत ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 20 मई से 20 जून तक किया जाएगा। जिसमें फुटबाल, एथलेटिक्स एवं व्हालीबॉल डीआरपी लाईन मैदान, तीरंदाजी, सेल्फ डिफेंस एवं टेबल टेनिस बहुउद्देशीय खेल परिसर, वेट लिफटिंग जय बजरंग व्यायाम शाला, हैंडबाल पीएमश्री शासकीय कन्या उमा विद्यालय, बॉक्सिंग शासकीय बुानियादी हाईस्कूल मैदान, बास्केट बॉल न्यू कैथोलिक मिशन स्कूल एवं खो-खो का आयोजन वनवासी कल्याण आश्रम गोपाल कॉलोनी पर किया जाएगा। शिविर में खेल के इच्छुक खिलाड़ियों से रूचिकर खेल अनुसार अधिकाधिक भाग लेने हेतु अपील की गई है।

## कौषल उन्नयन एवं रोजगार के क्षेत्र में जोबट से 10 युवतियो को कम्पनी में कार्य करने के लिये नियोजित किया



विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र। प्रभारी जिला प्रंबधक श्री श्रीराम डोडवा द्वारा बताया गया कि जिले में म.प्र.डे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत कौषल उन्नयन एवं रोजगार के क्षेत्र में कार्यदायी संस्था न्यू जिल फेशन वियर प्रा. लिमि. बदनावर द्वारा विकासखण्ड जोबट में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु डोर टु डोर केम्पेन आयोजित कर इच्छुक युवक/युवतियो की कान्उसलिंग की गई तथा विकासखण्ड जोबट से 10 युवतियो को कम्पनी में कार्य करने के लिये नियोजित किया गया है।**

न्यू जिल फेशन वियर प्रा. लिमि. बदनावर रेन कोट एवं रेन वेयर तैयार करने का कार्य करते है। कपंनी में नियोजित युवतियो को मासिक रू. 13200/- वेतन एवं होस्टल सुविधा एवं भोजन की सुविधा कंपनी के ओर से उपलब्ध करायी जाती है। इसके अतिरिक्त शासन नियम अनुसार ईपीएफ, बोनस आदि की सुविधाए भी प्रदान की जाती है। कम्पनी प्रतिनिधि श्री अजय परमार सेन्टर मेनेजर द्वारा बताया गया है कि कपंनी में 500-600 कर्मचारीयों की आवश्यकता होगी एवं डोर टु डोर केम्पेन आयोजित कर इच्छुक युवक/युवतियो की कान्उसलिंग का कार्य जिले के समस्त विकासखण्ड में किया जा रहा है। कार्यक्रम के लिये उचित समन्वय हेतु जिला मिशन ईकाई से जिला परियोजना प्रंबधक श्री मुकेश शिन्दे एवं कार्यक्रम प्रभारी जिला प्रंबधक द्वारा समस्त विकासखण्ड प्रभारी को अवगत कराया जाकर अधिक से अधिक समूह सदस्यो तक जानकारी पहुचाने के लिये निर्देशित किया गया है।

### प्राचीन श्री दक्षिणमुखी महाकालिका माता मंदिर पर चार दिवसीय भव्य प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव 28 मई से

# विधि-विधान से शिव परिवार की प्रतिमाओं की होगी प्रतिष्ठा

विनय उजाला

**झाबुआ, निप्र।** शहर के नेहरू मार्ग स्थित प्राचीन श्री दक्षिणमुखी महाकालिका माता मंदिर पर चार दिवसीय भव्य प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत मंदिर में शिव परिवार, हिंगलाज माता, विश्वकर्मा एवं हनुमान भगवान, भैरवजी एवं छपनीया भैरवजी की प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा विधि-विधान से की जाएगी। उक्त महोत्सव में सानिध्य प्रदान करने सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य श्री रामानुजजी, महंत श्री दयारामदासजी महाराज पिपलखुंटा एवं ब्रम्हलीन दंडी स्वामी श्री मोहनानंदजी सरस्वतीजी के कृपापात्र शिष्य दंडी स्वामी श्री हेमेन्द्रानंदजी सरस्वतीजी उज्जैन पधारेंगे।







जानकारी देते हुए आयोजक प्राचीन दक्षिणी महाकालिका माता मंदिर समिति अध्यक्ष राजेन्द्रप्रसाद अग्निहोत्री एवं संयोजक अतिश शर्मा ने बताया कि चार दिवसीय आयोजन के प्रथम दिन 28 मई, बुधवार को शहर में शाम 4 बजे से बैंड-बाजों और ढोल-धमाकों के साथ कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगी। 29 मई गुरूवार सुबह 9 बजे से मंडप प्रवेश, देवस्थापन, अग्निस्थापन पूजन, जलाधिवास एवं अन्नाधिवास की विधि संपन्न होगी। 30 मई, शुक्रवार सुबह 9 बजे से मंदिर परिसर से देव स्नपन रथ यात्रा एवं हवन का आयोजन होगा। 31 मई, शनिवार सुबह 9 बजे से शिवलिंग न्यास, मूर्ति न्यास, पिंडी पूजन बाद दोपहर 12.05 बजे अभिजीत मुर्हुत में सभी प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। दोपहर 12.30 से मंदिर परिसर में भंडारा (महाप्रसादी) का आयोजन होगा। प्रतिष्ठा की संपूर्ण विधि प्रतिष्ठाचार्य पं. श्री विश्वनाथ शुक्ल एवं पं. श्री हिमांशु शुक्ल द्वारा संपन्न करवाई जाएगी। शिवजी की प्रतिमा के यजमान जिला महिला पतंजलि एवं योग समिति की प्रभारी सुश्री रूक्मणी वर्मा है एवं हिंगलाज माता की प्रतिमा के यजामन समाजसेवी प्रदीपकुमार अरोड़ा है। सभी प्रतिमाएं रामगढ़ (राजस्थान) से तैयार कर बुलवाई गई है।

#### मंदिर परिसर में होंगे प्रवचन

मंदिर समिति सचिव चंदु जायसवाल एवं कोषाध्यक्ष कन्हैयालाल राठौर ने बताया कि उक्त प्रतिष्ठा महोत्सव में निश्रा प्रदान करने सुप्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य श्री रामानुजजी, पिपलखुंटा के महंत दयारामदासजी महाराज, दंडी स्वामी श्री मोहनानंद सरस्वतीजी के शिष्य दंडी स्वामी श्री हेमेन्द्रानंदजी सरस्वती उज्जैन पधार रहे है। 29 मई को रात्रि 8 बजे से मंदिर परिसर में कथा वाचक आचार्य श्री रामानुजजी के प्रवचन एवं 30 मई को रात 8 बजे से दंडी स्वामी श्री हेमेन्द्रानंदजी सरस्वती के प्रवचन मंदिर परिसर में होंगे। मंदिर समिति के कोषाध्यक्ष कांतिलाल नानावटी ने बताया कि प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर में विशेष तैयारियां की जा रहीं है। जोर-शोर से प्रचार-प्रसार भी जारी है। मंदिर समिति ने चार दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में सभी भक्तजनों से अधिकाधिक संख्या में पधारकर लाभ हेतु अपील की है।

### साहूकारी एक्ट के तहत होने वाली कार्यवाही का सराफा एसोसिएशन कुक्षी ने किया विरोध किया...

## आधे दिन व्यापार बंद रख, IAS SDM विशाल धाकड़ से की सौजन्य भेंट...

**प्रसाशन सुदखोरी और साहूकारीता के अंतर को समझे - हम सुथखोरी के खिलाफ हैं, व्यापारी एसोशियन...**

विनय उजाला

**कुक्षी, निप्र। सराफा व्यवसाय और साहूकारीता का चोली दाम का साथ हे और ये दोनों एक दूसरे के बिना नहीं चल सकते, इसलिए सराफा व्यापारी को साहूकारिता भी अपनाना पड़ती हे। उक्त विचार पत्रकारों के बीच सराफा एसोसिएशन के वरिष्ठ संरक्षक रामप्रताप गुप्ता ने कहे।**

आज सराफा व्यापारियों ने साहूकारी एक्ट के तहत हो रही व्यापारीयो पर कार्यवाही के विरोध में आधे दिन सराफा प्रतिष्ठान बंद कर अपना विरोध दर्ज कराया, साथ ही सभी व्यापारियों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, विशाल धाकड़ से मुलाकात कर अपना पक्ष रखा। जिसपर ias विशाल धाकड़ ने शासन के नियमों की जानकारी देते हुए



बताया कि हम शासन के आदेश और कानूनी प्रक्रिया के अधीन अपनी कार्यवाही कर रहे हे तथा व्यापारियों से भी आग्रह किया कि आप भी पारदर्शी व्यापार करे, जिससे कि कानूनी उलझनों में न उलझना पड़े। यहां यह उल्लेख करना आवश्यक हे कि सराफा का व्यवसाय बिना साहूकारी व्यवस्था के अधूरा है। सोना चांदी के गहने को आम आदमी भूख प्यास के लड्डू समझता हे और मुसीबत के समय वह या तो बेचता हे या गिरवी रखता है। जिसके लिए उसे सराफा व्यापारी के यह ही जाना पड़ता हे। जिसे व्यापारी खरीद कर या गिरवी रखकर व्यक्ति की रुपयों की पूर्ति करता है। सराफा एसोसिएशन के संरक्षक नरेश चौधरी ने कहा कि प्रशासन की कार्यवाही दोषपूर्ण हे प्रशासन पुलिस सहित पूरे दलबल के साथ व्यापारी के प्रतिष्ठान पर जाता हे एवं सभी जायज नाजायज दस्तावेजों को खंगालता हे तथा व्यापारी जो कि बे गुनाह हे उसे अपराधी घोषित करने की कोशिश करता है। वही सराफा एसोसिएशन के संरक्षक राणा जी गुप्ता ने कहा कि प्रसाशन सुदखोरी और साहूकारी मे अंतर को समझे - हम भी सुथखोरी के खिलाफ हैं इस अंतर को प्रसाशन को समझना होगा। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ias SDM विशाल से मुलाकात करने वाले में एसोसिएशन के संरक्षक, रामप्रताप गुप्ता, मोहनलाल हेड़ाऊ, नरेश चौधरी, अध्यक्ष केनेडी गुप्ता, उपाध्यक्ष चेतन सोनी, सचिव, कपिल जसमतिया, कोषाध्यक्ष सचिन जोजावरा, सदस्य कमल सोनी, प्रसन्न मंडोरा, देवेंद्र मंडोरा, दीपेश सोनी, प्रसन्न सोनी, आदेश बाड़मेर, राजेंद्र बड़मेरा, विपिन मंडोरा, चेतन सोनी, विशाल जोजावरा, अमन बाड़मेर, निर्मल सोनी, आदेश जारोला राजेश हेड़ाऊ, जयंतीलाल वाणी, माइकल गुप्ता, दिनेश गुप्ता, मुकेश सोनी, रविराज सोनी, प्रभु कसेरा, सहित एसोसिएशन के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### राजपूत समाज द्वारा महाराणा प्रताप के जन्मोत्सव पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का होगा आयोजन



विनय उजाला

**झाबुआ, निप्र।** राजपूत समाज झाबुआ द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप के जन्मोत्सव पर तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से 29 मई को जन्मोत्सव पर शहर में शोर्य यात्रा पश्चात् पैलेस गार्डन पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा।

जानकारी देते हुए राजपूत समाज अध्यक्ष शंभुसिंह चौहान एवं उपाध्यक्ष रविराजसिंह राठौर ने बताया कि समाज की बैठक में तय किए गए कार्यक्रम अनुसार 27 मई, मंगलवार दोपहर 11 से 2 बजे तक राजपूतानी वेशभूषा एवं श्रृंगार पर आधारित प्रतियोगिता, दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक रांगोली प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 28 मई, बुधवार सुबह 10 बजे से केरम प्रतियोगिता एवं शाम 4 बजे से राजपूत रिति-रिवाज एवं राजपूताना महापुरूषों से संबंधित प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन राजपूत भवन, बसंत कॉलोनी पर होगा। 29 मई, गुरूवार को महाराणा प्रताप के जन्मोत्सव पर पैलेस गार्डन से शाम 5 बजे शोर्य यात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होकर निकलेगी। पश्चात् पैलेस गार्डन पर प्रतिभा सम्मान समारोह एवं समाज के स्नेह भोज का आयोजन रखा गया है।

तीन दिवसीय आयोजन का प्रचार-प्रसार जोर-शोर से किया जा रहा है। आयोजन को लेकर शहर में जगह-जगह होर्डिंग्स भी लगाए गए है। सभी कार्यक्रमों में समाजजनों से अधिकाधिक संख्या में पधारने हेतु अपील की गई है।

## ट्रांसफर में आने वाली समस्या और उच्च पद प्रभार में लेटलतीफी को लेकर मिला प्रतिनिधिमंडल

**अतिरिक्त एचआरए और अनुसूचित क्षेत्र भत्ता हुआ गायब**

विनय उजाला

**डही, निप्र। अनुसूचित क्षेत्र में पदस्थ कर्मचारियों को गृह भाड़ा भत्ता एक प्रतिशत अधिक देय था। लेकिन 3 अप्रैल 2025 के वित्त विभाग द्वारा जारी परिपत्र से वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 के द्वारा गृह भाड़ा भत्ता की दरों में पुनरीक्षण होने के उपरांत अनुसूचित क्षेत्र में पदस्थ कर्मचारियों के गृह भाड़ा भत्ते की दरों को भी एक समान कर दिया है।**

जबकि अनुसूचित क्षेत्रों में पदस्थ कर्मचारियों के गृह भाड़ा भत्ते में अनुपातिक वृद्धि की जानी थी। इसी प्रकार बिना कोई आदेश के अनुसूचित क्षेत्र भत्ता भी एक साल से मिलना बंद हो गया है। इसको लेकर मप्र ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल प्रांतीय अध्यक्ष डीके सिंगौर के नेतृत्व में भोपाल जाकर उच्च अधिकारियों से मिला और इस संबंध में उनका ध्यान आकृष्ट कराया गया।



यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के प्रदेश मीडिया प्रभारी इरफान मंसूरी डही ने बताया कि ट्राइबल के कर्मचारियों को मिलने वाला अतिरित एचआरए अब गायब हो गया है। ट्राइबल के कर्मचारियों का आईएफएमएस से अनुसूचित क्षेत्र भत्ता भी गायब हो गया है।

ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने इस संबंध में भोपाल पहुंचकर ट्राइबल विभाग के अधिकारियों से लेकर वित्त विभाग के सचिव स्तर के अधिकारियों को अवगत कराया। वित्त विभाग के प्रमुख सचिव हृदयेश श्रीवास्तव ने पदाधिकारियों को निराकरण का आश्वासन दिया।

इसके अलावा पंचायत सेवाकाल की ग्रेच्युटी का भुगतान,ऑनलाइन ट्रांसफर में आने वाली समस्याओं, उच्च पद प्रभार, वरिष्ठता सूची, अंतर्विभागीय पारस्परिक स्थानांतरण आदि मुद्दों पर भी उच्च अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया। प्रदेश अध्यक्ष सिंगौर ने बताया कि ट्राइबल विभाग के शिक्षक इन दिनों अपनी कई समस्याओं को लेकर परेशान हैं। जिसके निराकरण को लेकर एसोसिएशन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रतिनिधिमंडल में प्रांतीय महासचिव सुरेश यादव इंदौर, शिरीन कुरैशी सरदारपुर, संयुक्त सचिव अरुण कुशवाह डही, खरगोन जिला अध्यक्ष अतीक खान और हीरानंद नरवरिया शामिल थे।

### सांदीपनि सीएम राईस विद्यालय के निर्माण कार्य की समीक्षा के दौरान

## डाबडी जोबट की निर्माण एजेसी का अनुबंध समाप्त करने के निर्देश कलेक्टर डॉ. बेडेकर ने दिए



विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र।** कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर की अध्यक्षता मे सांदीपनि (सीएम राईस) विद्यालय की समीक्षा बैठक कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की गई।

इस दौरान पीआईयू अधिकारी श्री अलसिंह भिंडे ने बताया कि सीएम राईज सोण्डवा का कार्य अंतिम चरण में प्रचलित है, ओर दिनांक 30 जून 2025 के पूर्व ही ठेकेदार द्वारा विभाग को हस्तांतरण किया जाएगा। नानीबडोई कट्टीवाडा में बिल्डिंग संबंधित कार्य पूर्ण हो चुका है, खेल मैदान एवं बाहरी कार्य शेष है, जो कि 15 जुलाई 2025 के पूर्व पूर्ण कर हस्तांतरण के लिए तैयार हो जाएगा। खंडाला अलीराजपुर को कार्य 30 अगस्त 2025 तक पूर्ण होने की स्थिति में है। इस दौरान उन्होने बताया कि डाबडी जोबट एवं बोरकुण्डिया एवं कडवानीया सोण्डवा के कार्य की गति धीमी है जिन्हे अक्टूबर 2025 तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इस दौरान कलेक्टर डॉ बेडेकर ने सांदीपनि स्कूलों मे प्रचलित कार्यो की स्कूलवार समीक्षा की। उन्होंने डाबडी, बोरकुण्डिया एवं कडवानीय सोण्डवा की निर्माण एजेसियों की प्रतिनिधियो के कार्य पर नारजगी व्यक्त की। उन्होने कहा कि शासन की मंशा अनुरूप जुलाई 2025 तक जिले की समस्त सांदीपनि स्कूलों का कार्य पूर्ण होकर विद्यालय संचालन किया जाना किन्तु आप लोगो के कार्य की गति के कारण संभव नहीं हो पा रहा है। उन्होन नारजगी व्यक्त करते हुए संबंधित विभाग प्रमुख को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माणधीन सांदीपनि स्कूल डावडी जोबट की निर्माण एजेसी का अनुबंध समाप्ति के लिए वरिष्ठ कार्योलय को पत्र व्यवहार करे। साथ ही वरिष्ठ कार्योलय को अवगत कराए की संबंधित निर्माण एजेसियों द्वारा तय समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने की स्थिति में नहीं है। इस दौरान कानाकाकड उदयगढ के निर्माण एजेंसी को समीक्षा बैठक में अनुउपस्थित रहने पर नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए।

### ड्रोन की मदद से अवैध शराब के ठिकाने पर पहुंची पुलिस टीम

# जंगल में छुपाकर रखी थी 102 पेटी बीयर, तीन आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज

विनय उजाला

**धार, निप्र।** जिले की सरदारपुर तहसील के ग्राम धोलाहनुमान के जंगल में छिपाकर रखी गई अवैध शराब की पेटियों को पुलिस टीम ने जब्त किया है। जिस स्थान पर शराब का संग्रहण करके रखा गया था, वहां तक पहुंचने के लिए पुलिस ने ड्रोन का सहारा लिया। पुलिस ने जंगल में ड्रोन उडाया तब मालूम हुआ कि जंगल के बयडे में 102 पेटी बीयर की रखी हुई हैं, पुलिस मौके पर पहुंची व पंचनामा बनाते हुए तीन लाख 67 हजार रुपए कीमत की शराब को जप्त किया गया। जंगल में पुलिस की हलचल को देखकर तीन आरोपी वाहन क्रमांक एमपी-14 सीसी-0811 में बैठकर फरार हो गए हैं, जिनकी तलाश को लेकर टीम गठित की गई है। शराब जब्त करने की कार्यवाही थाना प्रभारी अमझेरा रविन्द्र कुमार बारिया, उनि नरबदसिंह ठाकुर, उनि तोसिफ अली, प्रआर रामकृष्ण गामड, आर रागोपाल बैरागी द्वारा की गई है। दरअसल प्रतिमाह होने वाली मासिक समीक्षा बैठक में एसपी ने अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए थे, इसी कड़ी



में अमझेरा पुलिस टीम को सूचना मिली कि जिले के कुख्यात क्षेत्र जामंदा-भूतिया के समीप ग्राम धोलाहनुमान क्षेत्र में शराब की पेटियों को कुछ लोगों ने छुपाकर रखा है। सूचना के आधार पर थाना प्रभारी रविंद्र बारिया पुलिसबल को लेकर मौके पर पहुंची, पहाड़ी क्षेत्र के साथ जंगल का इलाका होने के कारण आसपास के दो थानों का अतिरिक्त बल भी जंगल में बुलाया गया। एसडीओपी विश्वदीप सिंह परिहार सहित तीन थाना प्रभारियों व 60 के पुलिसबल ने जंगल में सर्चिंग शुरु की गई, दो घंटे तक तलाश के बावजूद शराब की पेटियां नहीं मिली। जिसके बाद पुलिस ने ड्रोन का सहारा लिया तो बीयर की पेटियां पुलिस को नजर आई। थाना प्रभारी बारिया के अनुसार बयडे पर रखी शराब के आसपास मे रमेश, सकरु व गंगाराम नाम के व्यक्ति खड़े थे। साथ महिंद्रा कंपनी की कार खड़ी थी, पुलिस कि हलचल देखकर व पकड़ने का प्रयास करने पर तीनो कार में बैठकर वहाँ से फरार हो गये। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने कुल 102 पेटी बीयर की जप्त की है। आरोपी रमेश पिता शेर सिंह निवासी धोलाहनुमान, सकरु पिता मगन निवासी धामाखेडी व गंगाराम निवासी करचट के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त समाचार

### इंदौर में पार्थ योजना के तहत सेना और अर्धसैनिक बलों में भर्ती के लिए प्रशिक्षण प्रारंभ

**खरगोन, निप्र।** खेल और युवा कल्याण विभाग मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा प्रदेश में युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर लेकर आई है। पार्थ योजना (पुलिस आर्मी रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग एंड हुनर) का उद्देश्य पुलिस, सैना और अर्धसैनिक बलों में भर्ती के लिए युवाओं को प्रशिक्षण देना है। यह प्रशिक्षण युवाओं के लिए शारीरिक ही नहीं, बल्कि उन्हें लिखित परीक्षा की तैयारी भी कराएगी। इससे युवाओं को नौकरी पाने में काफी मदद मिलेगी। खेल विभाग की जिला खेल अधिकारी पवी दुबे ने बताया कि यह योजना सभी संभागीय मुख्यालय पर आंरभ हो चुकी है। इन्दौर मुख्यालय पर खेल विभाग द्वारा रामबाग के मल्हार आश्रम में सुबह और शाम फिजिकल और लिखित तैयारी कराईं जा रहीं हैं। जिले के युवाओं को शामिल होने के लिए खरगोन ब्लॉक समन्वयक जितेन्द्र हिरवे 9827350418 कार्यालय समय पर सम्पर्क कर योजना संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### 23 मई को सेल्स ऑफिसर की भर्ती के लिए प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन

**खरगोन, निप्र।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा जिले के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 23 मई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 03 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन किया जाएगा। इस प्लेसमेंट ड्राइव में वेलसन फार्मर फर्टिलाईजर प्रालि आनंद गुजरात द्वारा सेल्स ऑफिसर के पद पर भर्ती के लिया युवाओं का चयन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती प्रीतिबाला सस्ते ने बताया कि सेल्स ऑफिसर के पद के लिए 12वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण युवा जिनकी आयु 19 से 35 वर्ष हो, वे अपनी शैक्षणिक योग्यताओं की अंकसूचियां, रोजगार कार्यालय का पंजीयन, समग्र आईडी (अनिवार्य) आदि प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियां तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ उपस्थित प्लेसमेंट ड्राईव का लाभ उठा सकते हैं। सेल्स ऑफिसर के पद पर चयनित युवाओं को प्रतिमाह 10 हजार रुपये के अलावा टीए, डीए प्लस इन्सेटिंव भी दिया जाएगा। साथ ही पीएफ एवं बोनस भी दिया जाएग। सेल्स ऑफिसर पद की जॉब लोकेशन खरगोन रहेगी। अधिक जानकारी के लिये हेल्पलाइन नम्बर 07282-232787 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

### कसरावद में प्री मानसून ने खोली बिजली विभाग की पोल, घंटों अंधेरे में डूबा शहर



**कसरावद, निप्र।** सोमवार रात हुई प्री मानसून की बारिश ने विद्युत विभाग की तैयारियों की सच्चाई उजागर कर दी। बारिश के साथ शुरू हुई बिजली की आंख मिचौली ने नगरवासियों की रात की नींद और दिन का चैन छीना कई इलाकों में बिजली के तार टूट गए, तो कहीं पेड़ों की डालियाँ तारों से टकराती रहीं। परिणामस्वरूप, पूरा शहर घंटों अंधेरे में डूबा रहा और लोग गर्मी व उमस से बेहाल हो गए। रातभर बिजली गुल रहने से छोटे बच्चे बिलखते रहे वही आमजन सहित बुजुर्ग चैन की नींद नहीं ले सके। मंगलवार को भी हालात कुछ खास नहीं बदले। जगह-जगह बिजली की आवाजाही ने आमजन को परेशान कर दिया। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि विभाग ने बारिश पूर्व मेंटेनेंस का कोई कार्य नहीं किया। कई स्थानों पर खंभे जर्जर हैं, तार ढीले लटक रहे हैं और पेड़ों की शाखाएं सीधे संपर्क में हैं। ऐसे में हल्की हवा या बारिश भी आपूर्ति बंद करने का बहाना बन जाती है। नागरिकों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि बारिश के पहले संपूर्ण नगर में मरम्मत व निरीक्षण कार्य कराया जाए, ताकि बारिश में लोग राहत की सांस ले सकें, न कि अंधेरे और उमस से परेशान होते रहे। इंदौर रोड स्थित मैला मैदान मैदान जहां साप्ताहिक हाट बाजार लगता है । मुख्य सड़क किनारे पानी ऐसा जमा हुआ है जैसे कोई तालाब हो।

# जनसुनवाई में आवेदकों की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को उनके निराकरण के निर्देश दिए गए

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र। संयुक्त कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी, डिप्टी कलेक्टर प्रताप कुमार आगास्या और अन्य अधिकारियों द्वारा आवेदकों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को उनके त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए।**

सनावद तहसील के मलगांव निवासी अर्पण जायसवाल ने अपनी समस्या में बताया कि उनकी पत्नि सोनिका जायसवाल प्राथमिक विद्यालय चांदनीपुरा में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ थी। पत्नि की शासकीय सेवा में रहते हुए 9 मई 2021 को कोविड में ईलाज के दौरान मुत्यु हो जाने पर उसकी जगह अनुकम्पा नियुक्ति के लिए शिक्षा विभाग में आवेदन दिया था , लेकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। मुझे योग्यता के अनुसार योग्य पद पर अन्य किसी भी विभाग में अनुकम्पा नियुक्ति दिलाई जाए। कसरावद तहसील के ग्राम कठोरा के शिवराज चौहान ने अपनी समस्या में बताया कि उसके भाई शिवम चौहान की 22 नवंबर 2024 को वाहन दुर्घटना में मृत्यु हो गई , उसका संबल कार्ड बना हुआ है । शासन की संबल योजना के तहत 04 लाख रुपये की राशि मिलना थी, लेकिन राशि आज तक प्राप्त नहीं हुई , जबकि ग्राम पंचायत कठोरा में पूर्ण कागजी कार्यवाही कर आवेदन जमा कर दिया गया है। ग्राम पंचायत के सचिव व सरपंच द्वारा पिछले 06 महिने से बोला जा रहा है कि राशि



आ जाएगी, लेकिन राशि प्राप्त नहीं हुई है। भगवानपुरा तहसील के ग्राम कदवाली की सुशीलाबाई न अपनी समस्या में बताया कि उसके पति भीमसिंग की अगस्त 2024 को दुर्घटना मृत्यु हो जाने पर शासन की संबल योजना के तहत दी जाने वाली आर्थिक सहायता नहीं मिली , जबकि संबल योजना के तहत संबंधित विभाग में आवेदन भी प्रस्तुत किया जा चुका है। प्रकरण में जनपद पंचायत भगवानपुरा द्वारा पति भीमसिंह के नाम से कृषि भूमि होना बताया जाकर योजना के तहत अपात्र घोषित कर आवेदन निरस्त कर दिया गया । सुशीला बाई ने बताया कि पति भीमसिंह के नाम से कोई कृषि भूमि नहीं है। अतः मुझे संबल योजना का लाभ दिया जाए। खरगोन जनपद के ग्राम पीपरी के तुकाराम राम खाण्डे ने अपनी समस्या में बताया कि उनका पुरा परिवार कच्चे और जर्जर मकान में रहता है। मानसून में हमेशा मकान के गिरने और परिवार में जनहानि की अशंका बनी रहती है। प्रकरण में खरगोन जनपद सीईओ को आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया। भीकनगांव तहसील के अन्दड़ निवासी लक्ष्मन यादव और गोगावां तहसील के ग्राम ठीबगांव बुजूर्ग के गेंदालाल पिता चुन्नीलाल राठौड़ ने समस्या में बताया कि उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाए। प्रकरण में सबंधित जनपद सीईओ को आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए गए । भगवानपुरा जनपद की ग्राम पंचायत ढाबला के दयाराम कनासे ने अपनी समस्या में बताया कि वर्ष 2021 व 2022 से कपिल धारा कूप निर्माण के लिए मांग कर रहा हूं, लेकिन अब तक कूप निर्माण के लिए स्वीकृति नहीं मिली है। ग्राम पंचायत के सचिव, सरपंच और रोजगार सहायक द्वारा आये दिन झूठ बोला जा रहा है। जिस कारण मुझे सिंचाई करने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। अतः उसे कपिल धारा कूप निर्माण की स्वीकृति प्रदान की जाए। गोगावां तहसील के ग्राम खारदा के विकास पिता हुकुम न अपनी समस्या में बताया कि उनका नाम ग्राम पंचायत खारदा से हटाकर ग्राम पंचायत गोवाड़ी में मेरी दादी की समग्र आईडी में जोड़ा जाए। उनका कहना था कि दादी की देखरेख करने वाला कोई नहीं है। अतः दादी की समग्र आईडी में मेरा व मेरी पत्नी का नाम जोड़ा जाए।

### पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व व दिशा निर्देश में बढ़ती हुई चोरी पर नियंत्रण रखने एवं आरोपियों की धरपकड़ हेतु

# जिले में चलाया जा रहा है ऑपरेशन हवालात

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र। ऑपरेशन हवालात के तहत सेंधवा शहर पुलिस द्वारा 03 लाख 60 हज़ार रू. किमती लोडिंग ऑटो वाहन को जलगांव महाराष्ट्र से मात्र 18 घंटो में किया बरामद।**

विवरण फरियादी मनोज पटेल निवासी सेंधवा ने रिपोर्ट किया की दिनांक 18 मई की सुबह 4.30 बजे मेरा लोडिंग ऑटो क्रमांक MP-46-L-1194 किमती 03 लाख 60 हजार रु. का कोई अज्ञात बदमाश चोरी करके ले गया है, जिसकी रिपोर्ट से थाना सेंधवा शहर पर अपराध क्रमांक 217/2025 धारा 303(2) BNS का पंजीबद्ध किया गया ।

पुलिस अधीक्षक बड़वानी श्री जगदीश डावर के द्वारा बढ़ती हुई चोरीयो पर नियंत्रण रखने हेतु




संपूर्ण बड़वानी में ऑपरेशन हवालात चलाया जा रहा है जिसके तहत आरोपियों की धरपकड़ एवं चोरी गए मश्रूका की पतारसी हेतु लिए जिले के समस्त थाना प्रभारीगण को निर्देशित किया गया है। प्रकरण मे पुलिस अधीक्षक बडवानी श्री जगदीश डावर के निर्देशन में व SDOP सेंधवा श्री अजय वाघमारे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक बलजीत सिंह बिसेन द्वारा चोरी गये लोडिंग ऑटो की पतारसी एवं अज्ञात चोर की तलाश हेतु तत्काल टीम गठीत कर आरोपीयों की तलाश की गयी।

निरीक्षक बलजीत सिंह बिसेन के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास तकनीकी साक्ष्य एकत्रित कर पता लगाया की उक्त ऑटो आदतन अपराधी विनेश पिता चंपालाल बर्ड़े, निवासी अंजनिया थाना सेंधवा ग्रामीण द्वारा चोरी कर महाराष्ट्र के जलगांव तरफ ले गया है बाद टीम द्वारा तत्काल थाना प्रभारी निरीक्षक बलजीत सिंह बिसेन को अवगत कराया तथा जलगांव महाराष्ट्र पहुंचे एवं आरोपी विनेश पिता चंपालाल बर्ड़े को अभिरक्षा में लेकर आरोपी की निशानदेही से प्रकरण में चोरी ऑटो को जप्त किया गया तथा आरोपी विनेश बर्ड़े को माननीय न्यायालय पेश किया गया है।

**टीम :** निरीक्षक बलजीत सिंह बिसेन, स्ढ्ढ धारसे, ,स्ढ्ढ संजय पाटीदार, आर. 591 नीरज डांगरे तथा साइबर सेल प्रभारी उपनिरीक्षक रितेश खत्री, प्र.आर. 180 योगेश पाटिल, आर. अर्जुन नरगावे, आर. माडिया डावर तथा समस्त थाना सेंधवा शहर पुलिस की विशेष भूमिका रही।

### पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में तनाव मुक्त व स्वस्थ जीवन पर सेमिनार



**सनावद ( अनिल चौधरी )।** सनावद के तकनिकी शिक्षा,कौशल विकास एवं रोजगार विभाग म.प्र के अंतर्गत शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए सेमिनार का आयोजन किया गया। मानसिक तनाव,शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य,नशे के दुष्परिणाम जैसी तेजी से पनप रही विसंगतियो पर अतिथियों ने मार्गदर्शन दिया। सेमिनार में मोटिवेशन स्पीकर और समाजसेवी अनिल चौधरी ने जीवन में मिल रही चुनौतियों को स्वीकार कर संस्कारित शिक्षा के साथ जीवन व समय प्रबंधन पर मार्गदर्शन दिया। तनाव मुक्त खुशहाल जीवन व्याख्यान देते हुए विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। डॉक्टर कमलेश चौधरी और डॉ हंसा पाटीदार ने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को मजबूत और स्वस्थ बनाने के लिए टिप्स दिए।

उन्होंने विद्यार्थियों को नशे और मोबाइल के उपयोग से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया और स्वास्थ्य को पहली प्राथमिकता में रखने की बात कही। इस अवसर पर पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के युथ विंग को लायंस क्लब के झोन चैयरमेन जाकिर हुसैन अमि व लायन सदस्यों ने लायंस क्लब के चार्टर और विद्यार्थियों को पिन और सर्टिफिकेट प्रदान किए।

## शासकीय पीएम श्री एकीकृत हाई स्कूल बड़वानी का समर कैंप 2025 का गरिमामय समापन



विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र। शासकीय पीएम श्री एकीकृत हाई स्कूल बड़वानी में दिनांक 01 मई 2025 से 20 मई 2025 तक आयोजित समर कैंप का भव्य समापन समारोह संपन्न हुआ। यह समर कैंप मध्य प्रदेश शासन, लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी पीएम श्री विद्यालयों में आयोजित किया गया था।**

समर कैंप में विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने तथा उनके सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न थीम आधारित रचनात्मक गतिविधियाँ करवाई गई ।समर कैंप की प्रमुख थीमों में अंदर और बाहर की कहानी, खेल भावना का विकास, भावनाओं की समझ एवं आत्मविश्वास, सक्रिय नागरिकता, कला, कौशल और कारोबार, आज के सपने कल की उड़ान, भाषायी विविधता तथा क्षेत्रीय बोलियों की समझ जैसी विषयवस्तु शामिल रहीं। कक्षा 3 से 10 तक के विद्यार्थियों ने दो स्तरों पर गतिविधियों में भाग लिया। विद्यार्थियों ने नाटक, कविता पाठ, पारंपरिक खेल, डिज़ाइन थिंकिंग, स्टार्टअप आइडियाज, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल टूल्स का उपयोग, एवं स्थानीय बोलियों में गीत व संवाद आदि का अभ्यास किया। समर कैंप का समापन समारोह 20 मई को बड़े ही गरिमामय माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत की उपाध्यक्ष एवं पदेन शिक्षा समिति की अध्यक्षा श्रीमती सुमन वर्मा उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य श्री संतोष मिश्रा ने की एवं मार्गदर्शन प्रधानाध्यापक श्री सियाराम मोरे ने प्रदान किया।

समारोह का संचालन वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती शीला निगम ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ जो विद्यालय की शिक्षिकाओं द्वारा प्रस्तुत की गई। समापन अवसर पर आभार प्रदर्शन उच्च श्रेणी शिक्षक श्री रमेश सराफ द्वारा किया गया ।यह समर कैंप विद्यार्थियों के लिए सीखने का एक जीवंत अनुभव रहा, जिसमें उन्होंने रचनात्मकता, सामाजिक जिम्मेदारी, आत्मविश्वास और तकनीकी कौशलों को आत्मसात किया।

## कलेक्टर भव्या मित्तल ने खेलो इंडिया में चयनित छात्र प्रियव्रतसिंह तोमर को सम्मानित किया

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** गोकुलदास पब्लिक स्कूल, खरगोन के छात्र प्रियव्रतसिंह तोमर का चयन खेलो इंडिया प्रतियोगिता के लिए दिल्ली स्थित करणी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित ट्रायल्स के आधार पर हुआ। इस उपलब्धि के पर कलेक्टर भव्या मित्तल ने जिला मुख्यालय पर प्रियव्रत का सम्मान कर उन्हें उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

कलेक्टर भव्या मित्तल ने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर प्रशासन उसकी हर संभव सहायता करेगा। साथ ही उन्होंने विद्यालय के कोच सुगम सिंह राजपूत और विद्यालय स्टाफ को भी बधाई दी। कोच सुगमसिंह राजपूत ने बताया कि मध्यप्रदेश से शूटिंग स्पर्धा के अंतर्गत केवल तीन विद्यार्थियों का चयन हुआ है, जिनमें से एक गोकुलदास पब्लिक स्कूल का छात्र प्रियव्रत है। खेलो इंडिया के अंतर्गत चयनित खिलाड़ियों को भारत सरकार द्वारा 05 वर्षों तक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिस पर प्रतिवर्ष प्रति खिलाड़ी



लगभग 06 लाख रुपये व्यय किए जाते हैं। इन खिलाड़ियों को आगे चलकर ओलंपिक व एशियाई प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाता है।

शूटिंग खिलाड़ी प्रियव्रत सिंह तोमर ने वर्ष 2024-25 में आयोजित स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी सहभागिता की है। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मंडला वेदवती ने कहा कि प्रियव्रत का चयन यह सिद्ध करता है कि यदि सही मार्गदर्शन और मेहनत हो तो कोई भी ऊँचाई हासिल की जा सकती है। विद्यालय परिवार, चेयरपर्सन श्रीमती सरिता महाजन, प्राचार्या, उपप्राचार्या एवं समस्त स्टाफ ने प्रियव्रत को बधाई दी और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला शिक्षा अधिकारी शैलेंद्र कुमार कानुडे, जिला खेल अधिकारी श्रीमती पीवी दुबे, क्रीडा निरीक्षक हबीब बेग मिर्जा ने शूटिंग खिलाड़ी प्रियव्रत सिंह तोमर को इस उपलब्धि पर शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस सम्मान समारोह के दौरान प्रियव्रत के माता-पिता, विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती सरिता महाजन, एडमिन विजय सक्सेना, कोच सुगम सिंह राजपूत एवं उप प्राचार्या श्रीमती जेमिला मेंडिस भी उपस्थित रहे।

### प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल का प्रथम बार बड़वानी आगमन

## भाजपा कोर कमेटी एवं पदाधिकारियो के साथ लेंगे बैठक, लोकमाता देवी अहिल्या बाई की प्रदर्शनी का करेंगे उद्घाटन


विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** बड़वानी जिले के प्रभारी मंत्री व राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कौशल विकास एवं रोजगार मध्यप्रदेश शासन भोपाल डॉ. गौतम टेटवाल का दिनांक 21 मई बुधवार को जिला मुख्यालय पर आगमन हो रहा है।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि प्रभारी मंत्री श्री टेटवाल का प्रथम बार जिले में आगमन हो रहा है, प्रभारी मंत्री महोदय कई कार्यक्रमो में हिस्सा लेंगे इस हेतु भाजपा संगठन तैयारियों में जुट गया है ।

भाजपा जिला अध्यक्ष अजय यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रभारी मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल का प्रभारी मंत्री बनने के बाद पहली बार जिले में आगमन हो रहा है। प्रभारी मंत्री महोदय भाजपा कोर कमेटी की बैठक, आपेक्षित जिला पदाधिकारियो के साथ बैठक, भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मुलाकात सहित विभिन्न कार्यक्रमो में हिस्सा लेंगे। उनके भव्य स्वागत की तैयारिया की जा रही है।

श्री यादव ने बताया कि प्रभारी मंत्री श्री टेटवाल बुधवार को सुबह 9 बजे ठीकरी से जिले में प्रवेश करेंगे जहां बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे, सुबह 9:45 बजे



अंजड नगर आगमन होगा जहां गायत्री मन्दिर तिराहे पर भगवान बिरसा मुंडा व पृथ्वीराज चौहान की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर सुबह 10:45 बजे बड़वानी के सर्किट हाउस पहुचकर भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे।

दोपहर 12 बजे जिला भाजपा कार्यालय पर लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300 वी जयंती के उपलक्ष्य में भव्य प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे पश्चात आपेक्षित पदाधिकारियो के साथ बैठक में हिस्सा लेंगे वही दोपहर 1 बजे सर्किट हाउस में भाजपा कोर कमेटी की बैठक में उपस्थित रहेंगे। शाम 04 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक में हिस्सा लेंगे पश्चात प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल शाम 6 बजे बड़वानी से उज्जैन की ओर प्रस्थान करेंगे।

# पुलिस एवं आरटीओ की संयुक्त स्कूली व कालेज वाहनों का चैंकिंग अभियान चलाया

विनय उजाला

**कसरावद निप्र। नगर सहित क्षेत्र में संस्थानों/ स्कूली बसें एवं लोक परिवहन के वाहनों की चैकिंग अभियान 13.05.25 से 31.05.25 तक चलाया जा रहा है। जिसके संबंध में पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना व अति.पुलिस अधीक्षक ( ग्रामीण ) शकुंतला रुहल के द्वारा समस्त एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों को शिक्षण संस्थानों/ स्कूली बसें एवं लोक परिवहन के वाहनों की चैकिंग करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।**

थाना प्रभारी राजेन्द्र बर्मन द्वारा





आरटीओ अधिकारी रितु अग्रवाल के साथ कस्बा कसरावद में स्थित श्री वैंकटेश स्कूल की कुल 12 स्कूली बसों के जरुरी दस्तावेज वाहनों का रजिस्ट्रेशन, फिटनेस, बीमा एवं अन्य दस्तावेज तथा बस चालकों का लायसेंस आदि चैक किया गया। चैकिंग के दौरान 01 बस का फिटनेस प्रमाण पत्र नहीं होना पाया गया। जिसके विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं के अंतर्गत चालानी कार्यवाही कर कुल 10 हजार रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया। इसी प्रकार कार्यावाही आगे जारी रहेगी। थाना क्षेत्र के सभी स्कूल एवं कालेज बसों की निरन्तर चैकिंग जारी रहेगी।

### ओर इधर...

खुले में मांस मछली नही बेचे नही होगी कार्रवाई पुलिस ने मांस/ मटन विक्रताओं की बैठक ली गई बैठक में खुले में मांस नहीं बेचने के संबंध मे निर्देशि किया खुले में मांस बेचते पाए जाने पर नियमानुसार कार्यवाही होने की बात कही शासन द्वारा खुले में मांस/ मटन के विक्रय पर प्रतिबंधित किया गया है। जिसके संबंध में पुलिस अधीक्षक धर्मराज मीना व अति.पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) शकुंतला रुहल द्वारा खुले में मांस / मटन बेचने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही किए जाने के संबंध में निर्देश दिए उपरोक्त निर्देशों के पालन में थाना प्रभारी राजेन्द्र बर्मन ने मांस / मटन विक्रताओं की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें नगर के सभी मांस / मटन विक्रेता उपस्थित रहें। बैठक के दौरान मांस / मटन विक्रताओं को शासन के जारी निर्देशों के पालन करने के संबंध में समझाईश दी गई। साथ ही खुले में मांस नहीं बेचने, बचे हए अवशिष्ट पदार्थ का निष्पादन निर्धारित स्थान पर करने, किसी ऐसे जीव जन्तु का मांस नहीं बेचने जिससे आम नागरिकों की भावनाए आहत हो साथ ही शासन द्वारा जारी निर्देशों की अवेहलना करते हुए पाए जाने पर विधि अनुसार कार्यवाही करने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### मरगला व पटेल को मिली भाजपा के मंडल महामंत्री की जिम्मेदारी बिड़वाल मंडल की कार्यकारिणी घोषित, नए चेहरों को मिला मौका





बदनावर, निप्र। भाजपा के बिड़वाल मंडल की कार्यकारिणी की मंगलवार को घोषणा की गई। जिलाध्यक्ष निलेश भारती की सहमति से बिडवाल मंडल के अध्यक्ष संतोष पाटीदार ने अपने मंडल की कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिसमें 24 पदाधिकारी बनाए गए हैं। भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष रहे संतोष पाटीदार मरगला बिड़वाल व वीरेंद्र सिंह पटेल टकरावदा को मंडल महामंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। जानकारी अनुसार उपाध्यक्ष मनोज चौहान बिडवाल, प्रकाश डोलिया बिडवाल, दिलीप सिंह डोडिया मोसार, संजय जायसवाल चिराखान, ज्ञानचंद पाटीदार खिलेड़ी, प्रकाश तरोदिया रानीपुरा को बनाया गया है। वही मंडल मंत्री पवित्रा कटारे भावलापाड़ा, शंभू सिंह चावड़ा छोटी कड़ौद, अमृत पाटीदार रतनपुरा, जितेंद्र पाटीदार पाना, कमल जाट झारिपाड़ा, आशीष धाकड़ कड़ोदकला को बनाया है। कार्यालय मंत्री श्याम मुकाती कोद, कोषाध्यक्ष जितेंद्र पाटीदार खिलेड़ी, मीडिया प्रभारी विकास पाटीदार गाजनोद, सहमीडिया प्रभारी राकेश दांगी बैगंदा, सोशल मीडिया प्रभारी अजय जाट कलोरा, आईटी सेल प्रमुख अरविंद शर्मा कोद, व्हाट्सएप प्रमुख राजेश भाभर गंधवाड़ा, मन की बात प्रभारी बापूसिंह गामड़ मानपुरा, मन कि बात सह प्रभारी हेमंत पाटीदार अमोदिया व हितग्राही प्रमुख रवि कटारे बोरझड़ी को नियुक्त किया है। कार्यकारिणी गठन पर पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने नवीन पदाधिकारियो को बधाई दी है।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया प्रदेश अध्यक्ष पटवारी का स्वागत



**बदनावर, निप्र।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के एक दिवसीय मंदसौर प्रवास के दौरान सादलपुर चौराहे पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी ज़िंदाबाद के नारे लगाए और अभिनंदन किया। इस अवसर पर पटवारी ने उपस्थित कांग्रेस जनों को संबोधित करते हुए संगठन की एकजुटता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की असली पूंजी हैं। उनके अथक परिश्रम और समर्पण के बल पर ही मध्य प्रदेश में आगामी समय में कांग्रेस की सरकार बनेगी। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने इस दौरान नए धार जिला कांग्रेस अध्यक्ष की नियुक्ति की भी मांग रखी। सादलपुर क्षेत्र के अनेक जनप्रतिनिधि, कांग्रेस संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता इस स्वागत समारोह में उपस्थित रहे। उक्त जानकारी कांग्रेस नेता लियाकत पटेल द्वारा प्रदान की गई।

### पेसा एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पेसा एक्ट के तहत गठित शांति एवं विवाद निवारण समिति की बैठक हुई संपन्न



**झाबुआ, निप्र।** जनपद पंचायत झाबुआ की ग्राम पंचायत मसूरिया में पेसा एक्ट के तहत गठित शांति एवं विवाद निवारण समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसमें पेसा की जानकारी देते हुए मप्र पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) नियम-2022 के बारे में समिति के सदस्य को बताते हुए कहा कि पेसा कानून आदिवासी समाज के अधिकारों को संरक्षित रखने के लिए बनाया गया है। जिसमें छोटे-मोटे वाद-विवादों का निपटारा ग्राम सभा में शांति एवं विवाद निवारण समिति द्वारा गांव में ही किया जाए। साथ ही ग्राम पंचायत सचिव द्वारा उसका लिखित दस्तावेजीकरण की एक प्रति समीप के पुलिस थाना या पुलिस चौकी पर भेजी जाए एवं एक प्रति पंचायत कार्यालय में सुरक्षित रखी जाए।

## देश की पहली महिला संतूर वादिका डॉ वर्षा अग्रवाल ने किया अभिभूत

**बांसुरी व संतूर वादन से 10 वे पद्मश्री फड़के संगीत समारोह का हुआ समापन**

विनय उजाला

**धार, निप्र।** कश्मीर के लोकवाद्य संतूर ने एक बार फिर जीता मालवांचल का मन। कठोर तारों ने कोमल स्पर्श से गुंजित किए महनीय स्वर, जोड़ झाला ने बजवाई तालियां, सूफी घराने की वादन परम्परा के पद्मश्री फड़के संगीत समारोह के समापन को बनाया यादगार।

देश की पहली महिला अवार्डी संतूर वादिका विदुषी प्रो डॉ वर्षा अग्रवाल ने स्थानीय विक्रम ज्ञान मन्दिर सभागार में अपने वादन से राजा भोज की कलाप्रिय नगराजनों का पाया सम्मान। समापन समारोह के पहले चरण में नवोदित कलाकार राघव मोदी ने अपने बांसुरी वादन से सबका ध्यान आकर्षित किया।

राग किरवानी व ठुमरी का करूँ सजनि आए न बालम विशेषरूप से सराहा गया। संगत कलाकार योगी पवार तबला व दुष्यंत शर्मा कीबोर्ड साथ रहे। कलाकारों का सम्मान नारायण जोशी, डॉ संजय जोशी, प्रकाश जैन सर ने किया। मुख्य कलाकार डॉ वर्षा अग्रवाल ने संतूर से राग पुरिया कल्याण में आलाप जोड़ व झाला की प्रस्तुति दी। पश्चात लयबाट, नोकझोक, बड़न्त भिड़ंत का रोमांचक वादन हुआ। तबला संगत बनारस घराने के अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त प ललित मंहत ने की। 62 से अधिक देशों में सफलतम प्रस्तुति देने वाली डॉ अग्रवाल को 10 वे पद्मश्री फड़के कला सम्मान से सम्मानित किया गया। सम्मान में 21000 रुपये राशि, सम्मानपत्र, शाल, श्रीफल, मोतीमाला भेंट की गई।

यह सम्मानअंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हास्य कवि संदीपजी, पूर्व नगरपालिका अध्यक्षा ममता जोशी व चेतना राठौर ने प्रदान किया। नवोदित कला सम्मान नूपुर कला मन्दिर को प्रदान किया गया। श्रेष्ठ कार्यकर्ता सम्मान अतुल कालभंवर, वृषाली देशमुख, प्रकाश फाटक, राकी मक्कड़, पराग भोसले, गौरव मालक को प्रदान किया गया। संचालन समन्वय भोज शोध संस्थान के निदेशक डॉ दीपेंद्र शर्मा ने किया। आभार चेतन शर्मा ने व्यक्त किया। यह जानकारी राकी मक्कड़ ने दी।

# शिक्षा के साथ-साथ मानवीय मूल्य का होना भी जरूरी है : डॉ. सीमा सोनी

**श्री नारायण विद्या मंदिर क्रमांक 1 में हुआ समर कैंप का समापन**






विनय उजाला

**देवास, निप्र।** विद्यार्थियों के लिए 1 मई से चल रहे समर कैंप का समापन 20 मई को श्री नारायण विद्या मंदिर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 में हुआ। सीखें, सृजन करें समाज से जुड़े पर आधारित इस समर कैंप में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ विविध गतिविधियों में भाग लिया। श्री नारायण विद्या मंदिर क्रमांक एक देवास के समर कैंप प्रभारी शिक्षक मिर्जा मुशाहिद बैग ने बताया कि प्राचार्य केके मिश्रा के मार्गदर्शन में इस 20 दिवसीय कैंप में प्रतिदिन विविध गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें आर्ट एवं क्राफ्ट, इंग्लिश स्पीकिंग, फन गेम, पैच रंगोली, लोक नृत्य, क्रिकेट, शतरंज, कैरम, आदि गतिविधियां प्रमुख रहीं। संस्था के शिक्षकों ने प्रतिदिन विद्यार्थियों के लिए गतिविधियों का आयोजन किया। इस कैंप में मनोरंजन के साथ-साथ विद्यार्थियों ने ज्ञान भी प्राप्त किया। कैंप में भाग लेने वाले छात्र राजपाल राव, कृष्णा मालवीय और उनके साथियों ने बताया कि इस कैंप का अनुभव हमारे लिए बहुत आनंददायक और यादगार रहा, विद्यालय में हमने बहुत कुछ सीखा मनोरंजन के साथ-साथ ज्ञानवर्धक जानकारियां मिली जो हमारे लिए बहुत उपयोगी रही। समर कैंप का समापन शासकीय कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्रोफेसर डॉ सीमा सोनी एवं सेवानिवृत्ति क्रीडा शिक्षक हेमेंद्र निगम काकू के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। अतिथियों का संस्था परिवार ने पुष्प माला से स्वागत किया। संस्था में आयोजित समर कैंप के बारे में संस्था के शिक्षक अनुज जायसवाल ने विस्तृत जानकारी दी। अतिथियों द्वारा समर कैंप में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ सीमा सोनी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पढ़ाई और ज्ञान के साथ-साथ हमारे जीवन में संस्कार एवं नैतिक मूल्यों का होना नितांत आवश्यक है। हमारे संस्कार हमें एक श्रेष्ठ नागरिक बनाते हैं, मानवीय मूल्य हमें श्रेष्ठता प्रदान करते हैं। हम अपने जीवन में इन मूल्यों को धारण करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन बखूबी करें। हेमेंद्र निगम काकू ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे मन में सेवा भाव होना चाहिए हम जब भी समाज सेवा करें तो हमारे मन में विनम्रता और परोपकार की भावना होनी चाहिए। आप सभी विद्यार्थियों ने समर कैंप में समय का जो सदुपयोग किया है उसके लिए आप बधाई के पात्र हैं और अपेक्षा है ऐसे ही आप जीवन में सक्रिय और समर्पित रूप से कर्तव्य पथ पर बढ़ते चलेंगे। समापन के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन मिर्जा मुशाहिद बेग ने किया एवं आभार शिक्षिका सादिया खान ने माना। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ-साथ जनशिक्षक सहज सरकार एवं संस्था के शिक्षक शिक्षिकाएं राधेश्याम सोलंकी, मनोहर पटेल, निर्मला पवार, अर्चना गौर, अंकिता व्यास, लता यादव, राजेंद्र दुबे आदि उपस्थित रहे।

## गोलीकांड : सोनकच्छ पुलिस पर पक्षपात के आरोप, फरियादी पक्ष ने एएसपी को दिया आवेदन

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** 18 मई 25 को दोपहर डेढ़ दो बजे के आसपास करणी सेना जिलाध्यक्ष ने एक युवक को गोली मार दी थी। साथ उसके साथ आए लोगों ने भी युवक पर हमला कर दिया था। पुलिस ने 7 लोगों पर कई धाराओं में केस दर्ज किया था। पुलिस पर पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने के आरोप लगाते हुए पीड़ित के भाई ने एएसपी को आवेदन देकर निष्पक्ष जांच के लिए आवेदन दिया।



प्रीतमसिंह राजपूत व उसके 6 साथियों ने मोदी कॉलोनी निवासी कृष्णपालसिंह राजपूत पर एकमत होकर हमला कर दिया था। साथ ही प्रीतम पर उसके उलटे पैर गोली मार दी थी। पुलिस ने सोमवार को प्रकरण दर्ज जांच शुरु करते हुए पंचनामा व अन्य कार्रवाई की थी लेकिन जांच से असंतुष्ट फरियादी के भाई राहुलसिंह राजपूत ने मंगलवार को एएसपी को आवेदन देकर पक्षपातपूर्ण रवैया का आरोप लगाते हुए उल्लेख किया कि, जान से मारने की नियत से फरियादी पर हमला किया गया था। यह अपराध धारा 109 की श्रेणी में आता है लेकिन घटना की पूर्ण जानकारी देने के बावजूद उक्त धारा प्रकरण में नही बढ़ाई गई। इससे प्रतीत होता है कि, सोनकच्छ पुलिस द्वारा पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। आरोपी रसुखदार होकर राजनीति में भी हस्तक्षेप करता है। आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का है। आरोपी के विरुद्ध वर्तमान में योग्य कार्रवाई नही की गई तो वह पीड़ित व उसके परिवार पुनः जानलेवा हमला कर सकता है। आरोपी से मुझे जान का खतरा है। अगर पीड़ित व उसके परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो उसका जवाबदार आरोपी रहेगा। साथ ही जान से मारने कि धारा का इजाफा करने व निष्पक्ष जांच के निर्देश सोनकच्छ पुलिस को दिए जाएं। उधर सोमवार को पुलिस द्वारा जांच स्थल का बाहरी निरीक्षण किया। जिसमें पुलिस को कोई साक्ष्य नही मिलें जबकि फरियादी पक्ष की ओर से घटनास्थल पर गोली के फोटो दिखाएं गए है।

## गुराडियाकला बनाया जा रहा है खेत तालाब



विनय उजाला

**देवास, निप्र। प्रदेश सहित देवास जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के कार्य किए जा रहे हैं।**

इसी क्रम में बागली विकासखण्ड की ग्राम पंचायत गुराडियाकला में खेत तालाब बनाया जा रहा है। जिससे बारिश के दिनों में पानी संग्रहित होगा और वाटर लेवल भी बढ़ेगा।

जिले में जल की एक-एक बूंद को सहेजने के लिए 30 जून 2025 तक जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जारी रहेगा। अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है।

## भोपाल हादसे के बाद अलर्ट मोड पर आरटीओ, दूसरी बार चलाया चेकिंग अभियान

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** भोपाल में स्कूल बस का ब्रेक फेल हो गया था। बेकाबू बस ने अपनी चपेट में कई लोगों को ले लिया था। हादसे में एक युवा डाक्टर की कुचलने से मौत हो गई थी। राजधानी में कंडम बस के हादसा करने के बाद मप्र के सभी शहरों में आरटीओ अलर्ट मोड पर आ गया हैं। अभियान चलाकर कंडम बसों को चेक किया जा रहा हैं।

**परिवहन विभाग ने देवास-इन्दौर मार्ग पर विशेष जांच अभियान चलाकर 19 वाहनों से 63300 का राजस्व वसूला**




देवास में भी चेकिंग अभियान चल रहा हैं। कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा जिले में विशेष जांच अभियान चलाकर स्कूल बसों की जांच की जा रही हैं। विशेष अभियान के तहत परिवहन विभाग के दल द्वारा जिले में संचालित स्कूलों में बसों सघन जांच की जा रही है। जिला परिवहन अधिकारी निशा चौहान एवं दल द्वारा सोमवार को देवास-इन्दौर मार्ग पर यात्री बसों की जांच की। यात्री बसों में आवश्यक दस्तावेज जैसे परमिट, फिटनेस, बीमा, मोटरयान कर आदि की जांच के साथ वाहन में आपातकालीन द्वार, अग्निशमन यंत्र, वीएलटीडी, स्पीड गवर्नर, फर्स्ट एड बॉक्स इत्यादि की भी जांच की गई। जांच के दौरान एक यात्री बस जिसमें आपातकालीन द्वार नहीं पाया गया का फिटनेस तत्काल मौके पर निरस्त किया गया। एक यात्री बस बिना परमिट संचालित होते पाई जाने पर वाहन को जब्त कर अभिरक्षा में लिया गया। कार्रवाई में 44 बसों की जांच की गई, जिसमें 19 वाहनों के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम की धाराओं के अन्तर्गत चालानी कार्रवाई की जाकर 63300 रुपए शासकीय राजस्व वसूल किया गया। समस्त यात्री बस चालकों एवं संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे अपनी अपनी बसों का संचालन मोटरयान अधिनियम समस्त वैधानिक दस्तावेज पूर्ण कर के अनुसार ही करें। मार्ग पर अनावश्यक रेसिंग न करें तथा यात्रियों की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। जिले में जांच अभियान लगातार जारी रहेगा, जिसमें नियमित विरूद्ध संचालित वाहनों के विरूद्ध चालानी / जप्ती संबंधी कार्रवाई की जाएगी।

## जर्जर मकान को ध्वस्त करने और गंदगी से परेशान वार्डवासियों ने एसडीएम व सीएमओ के नाम ज्ञापन सौंपा



विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** नगर के वार्ड नं 07 सुभाष मार्ग मण्डी व्यापारी धर्मशाला के पास स्थित गली में निवासरत वार्डवासियों ने मंगलवार को एसडीएम व नगर परिषद सीएमओ के नाम ज्ञापन सौंपा जिसमें उन्होंने अपनी समस्या बताते हुए लिखा कि उक्त गली में मुबारिक खां, याकुब खां पिता रोशन खां मंसूरी का काफी पुराना मकान जर्जर अवास्था में पड़ा हुआ है जिसमें कोई भी परिवार निवास नहीं करता है भवन जर्जर होने के कारण कभी भी गिर सकता है वर्तमान में वर्षा ऋतु का मौसम भी चालू हो रहा है जिसमें आंधी तोफान भी आयेगा भवन जर्जन अवस्था में होने के कारण कोई बड़ी जनहानि हो सकती है उक्त गली में कई परिवारों के आमजनों का आना जाना लगा रहता है व बच्चे भी खेलते रहते है व पुराना भवन होने के कारण उक्त भवन में जहरीले जानवर निकलते रहते हैं। वहीं मुबारिक खां के पुराने भवन का सेपटी टेंक का गंदा पानी भी गली में आता जिसके कारण बदबू का समाना करना पड़ रहा है।

2- नाली पर रखी गई फर्शी भी फोड़ दी गई है जिसके कारण नाली ओपन हो गई जिसमें बच्चों के गिरने का भय बना रहता है।

3- मुबारिक खां व याकुब खां के द्वारा शासकीय आम रोड़ पर अपने टेक्टर ओर वाहन खडे कर शासकीय आम रास्ते को रोका जाता है जिससे आमजनों को आवागमन में असुविधा आती है। वार्डवासी दीपक, तेजसिंह, केलाश, तरुण डाबी, गेंदालाल, प्रेमनारायण सहित महिला पुरुषो ने दोनों अधिकारियों से शीघ्र उक्त जर्जर भवन को ध्वस्त करवाने करने की मांग की गई।

### डेढ़ वर्षीय बालक की चारपहिया वाहन की चपेट में आने से मौत

**सोनकच्छ, निप्र।** थाना क्षेत्र के ग्राम गंधर्वपुरी में शाम छह बजे के करीब मेला प्रांगण गुराडिया बायपास पर अपने घर के बहार डेढ़ वर्षीय बालक



कनिक उर्फ कपिल पिता रविन्द्र कुशवाहा खेल रहा था कि अचानक वहां से चार पहिया वाहन गुजरा जिसकी चपेट में आने से बालक घायल हो गया इसके बाद तुरं.त परिजन उसे लेकर सोनकच्छ सिविल अस्पताल पहुंचे जहां पर उपस्थित डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम बुधवार सुबह होगा।

## मकान का पट्टा घर में आग लगने से जल गया और पट्टे की फोटोकॉपी भी नहीं है

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** जिला मुख्यालय पर मंगलवार को कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जनसुनवाई में आए आवेदकों की समस्याएं सुनी। जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारीगण उपस्थित थे। जनसुनवाई में आवेदिका रीनाबाई निवासी अमोना ने आवासीय पट्टा दिलाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन में बताया गया कि मकान का पट्टा घर में आग लगने से जल गया है और पट्टे की फोटोकॉपी भी



नहीं है, जिससे आवास लेने में बहुत दिक्कतें आ रही है। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने आवेदन राजस्व विभाग को सौंप कर पट्टा स्वीकृति संबंधित कार्रवाई के निर्देश दिए तथा नगर निगम के अधिकारियों को आवेदन ख़ारिज न करने के निर्देश देकर आवेदन होल्ड पर रखने के निर्देश दिए।

### राशन कार्ड बनवाया जाए...

जनसुनवाई में आवेदक फारूख हुसैन पिता आरिफ हुसैन ने राशन कार्ड बनवाने के संबंध में आवेदन दिया। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारी को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए।

### ये आवेदन भी हुए प्राप्त..

जनसुनवाई में प्रधानमंत्री आवास योजना, जमीन के सीमाकंन, बिजली बिल कम कराने, नामाकंन, बंटवारा, रास्ते पर से अतिक्रमण हटवाने, नालियों की साफ-सफाई करने सहित अन्य आवेदन पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को जांच कर त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

### शासकीय उचित मूल्य दुकान से खाद्य सामग्री दिलाई जाए...

जनसुनवाई में आवेदक आत्माराम पिता धुलाजी निवासी बिंजाना ने आवेदन दिया कि अंगूठा नहीं आने के कारण उन्हें शासकीय उचित मूल्य दुकान से खाद्य सामग्री नहीं मिल रही है। बिना अंगूठा लगाये खाद्य सामग्री दिलाई जाए। आवेदन पर सुनवाई करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने जिला आपूर्ति अधिकारी को आवेदक की फेस ई-केवायसी कराने के निर्देश दिए। संबंधितों द्वारा आवेदक की तत्काल मेरा ई-केवायसी एप के माध्यम फेस ई-केवायसी की गई और कलेक्टर श्री सिंह द्वारा ई-केवायकी का प्रमाण-पत्र दिया गया।

अब मुंबई-दिल्ली के बीच आज होगा वर्चुअल नॉकआउट

# लखनऊ समेत पांच टीमें प्लेऑफ की दौड़ से बाहर

नई दिल्ली, एजेंसी

**आईपीएल 2025 अब दिलचस्प मोड़ तक पहुंच चुका है। प्लेऑफ के लिए जंग दिलचस्प हो चली है। अब तक तीन टीमों ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई किया है, जबकि पांच टीमें प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं।**

सोमवार को लखनऊ सुपर जाएंट्स भी सनराइजर्स हैदराबाद से हारकर इस दौड़ से बाहर हो गई। अब सिर्फ दो टीमों के बीच चौथे स्थान के लिए टक्कर है। ये दो टीमें हैं मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स। अब मुंबई और दिल्ली के बीच 21 मई को होने वाला मुकाबला वर्चुअल नॉकआउट होगा। अगर इस मैच में दिल्ली की टीम हारी तो प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो जाएगी। उनके लिए जीत ही एकमात्र विकल्प होगा।

इससे पहले रविवार को डबल हेडर ने तीन टीमों के लिए प्लेऑफ का रास्ता साफ कर दिया। गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और पंजाब किंग्स ने प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लिया है। हालांकि, प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने वाली टीमों का फिलहाल पायदान तय नहीं है और यह आगे के कुछ मुकाबलों के बाद तय हो जाएगा। वहीं, प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली टीमों में लखनऊ के अलावा राजस्थान रॉयल्स, चेन्नई सुपर किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स शामिल हैं।



### दिल्ली की टीम कैसे क्वालिफाई कर सकती है?

दिल्ली ने इस सीजन अपने अभियान की शुरुआत काफी शानदार अंदाज में किया था। टीम ने लगातार चार मैच जीते थे। सीजन के ज्यादातर हिस्से में यह टीम शीर्ष पांच में बनी रही। हालांकि, पिछले आठ मैचों में से पांच मैचों में हार ने इन्हें शीर्ष चार से बाहर कर दिया और टीम एलिमिनेट होने की दहलीज पर खड़ी है। टीम के पास अब मिचेल स्टार्क भी नहीं हैं। दिल्ली को प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई करने के लिए हर हाल में अपने दोनों मैच जीतने होंगे। एक हार उनके सफर को समाप्त कर सकती है।

### मुंबई की टीम कैसे क्वालिफाई कर सकती है?

मुंबई की टीम के दो मैच बाकी हैं। उन्हें 21 मई को दिल्ली कैपिटल्स से मुंबई में और 26 मई को पंजाब किंग्स से जयपुर में भिड़ना है। इन दोनों मैचों में जीत मुंबई को प्लेऑफ में पहुंचा देगी। यहां तक कि मुंबई की दिल्ली पर जीत उन्हें प्लऑफ में पहुंचा देगी। अगर मुंबई की टीम दिल्ली को हरा देती है तो उनके 16 अंक हो जाएंगे। वहीं, दिल्ली के भी दो मुकाबले बचे हैं। हालांकि, मुंबई से हारने के बाद उनका सफर समाप्त हो जाएगा। आखिरी मुकाबला जीतने पर भी उनके 15 ही अंक हो पाएंगे और टीम मुंबई की बराबरी नहीं कर पाएगी। दिल्ली पर जीत के बाद अगर मुंबई की टीम अपने आखिरी मैच में पंजाब से हार भी जाती है तो कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

IPL आज के मैच

मुंबई इंडियंस VS दिल्ली कैपिटल

स्थान : मुंबई | समय : शाम 07:30 बजे से

## मलेशिया मास्टर्स 2025 के मुख्य ड्रॉ में पहुंचे किदाम्बी श्रीकांत



नई दिल्ली, (हि.स.)

किदाम्बी श्रीकांत ने मलेशिया मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ में स्थान सुनिश्चित कर लिया है, लेकिन बाकी भारतीय शटलर एकल क्वालीफायर से आगे नहीं बढ़ सके और मंगलवार को सुपर 500 टूर्नामेंट से बाहर हो गए। वापसी की राह पर चल रहे श्रीकांत ने पहले गेम में मिली हार से उबरते हुए अपने दूसरे क्वालीफाइंग पुरुष एकल मैच में चीनी ताइपे के हुआंग यू काई को 9-21, 21-12, 21-6 से हराया।

32 वर्षीय श्रीकांत 2021 विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता हैं। उन्होंने पहले दौर में एक अन्य ताइपे खिलाड़ी कुओ कुआन लिन को 21-8, 21-13 से हराया था। पूर्व विश्व नंबर एक खिलाड़ी का मुख्य ड्रॉ में छठी वरीयता प्राप्त चीनी खिलाड़ी लू गुआंग ज़ू के रूप में चुनौतीपूर्ण प्रतिद्वंद्वी से सामना होगा। अन्य मैचों में थारुन मन्नेपल्ली को थाईलैंड के पैनिचाफोन तीरात्सकुल से 13-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन को चीन के झू झुआन चेन से 20-22, 20-22 से हार का सामना करना पड़ा, दोनों ने ही क्वालीफिकेशन चरण में अपने अभियान समाप्त कर दिए।

## कोलकाता नहीं, अहमदाबाद में खेला जाएगा आईपीएल का फाइनल

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने आईपीएल 2025 के प्लेऑफ का संशोधित कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इसके अनुसार, अब इस सीजन का खिताबी मुकाबला कोलकाता के ईडेन गार्डेंस की जगह अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव के चलते आईपीएल का मौजूदा सीजन एक सप्ताह के लिए स्थगित हुआ था जो 17 मई से दोबारा शुरू हुआ था।

बीसीसीआई ने शेष मुकाबलों के लिए संशोधित कार्यक्रम की घोषणा कर दी थी, लेकिन फाइनल और प्लेऑफ के वेन्यू नहीं बताए थे। माना जा रहा था कि कोलकाता ने फाइनल की मेजबानी छीन सकती है और मंगलवार को आधिकारिक तौर पर इस पर मुहर भी लग गई। बीसीसीआई के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार, न्यू चंडीगढ़ का पीसीए स्टेडियम 29 मई को क्वालिफायर-1 और 30 मई को एलिमिनेटर मुकाबले की मेजबानी करेगा।



### किस कारण हुआ बदलाव?

वहीं, दुनिया का सबसे बड़ा क्रिकेट स्टेडियम नरेंद्र मोदी स्टेडियम एक जून को क्वालिफायर-2 और तीन जून को फाइनल मुकाबले की मेजबानी करेगा। पुराने कार्यक्रम के मुताबिक, हैदराबाद और कोलकाता को प्लेऑफ मुकाबले की मेजबानी करनी थी। आईपीएल ने अपने बयान में बताया कि आईपीएल गवर्निंग काउंसिल ने मौसम और अन्य कारणों के चलते प्लेऑफ और फाइनल के वेन्यू में बदलाव किया है।

## मुंबई इंडियंस ने विल जैक्स की जगह जॉनी बेयरस्टो को चुना

नई दिल्ली, (हि.स.)

**इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की टीम मुंबई इंडियंस ने मौजूदा सत्र के शेष मैचों के लिए ऑलराउंडर विल जैक्स की जगह इंग्लिश विकेटकीपर-बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो को चुना है।**



जॉनी बेयरस्टो 5.25 करोड़ रुपये की कीमत पर टीम में शामिल होंगे। बेयरस्टो के अलावा, चारिथ असलांका और रिचर्ड ग्लीसन, कॉर्बिन बॉश और रयान रिकेल्टन की जगह लेंगे, जो राष्ट्रीय कर्तव्यों के लिए रवाना होंगे। ग्लीसन को 1 करोड़ रुपये, जबकि असालांका को 75 लाख रुपये की कीमत पर शामिल किया जाएगा। इंग्लैंड के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी बेयरस्टो 2019 में एकदिवसीय विश्व कप जीतने वाली राष्ट्रीय टीम का एक अभिन्न हिस्सा थे। बेयरस्टो के पास इंग्लैंड के लिए कुल 287 कैप हैं।

असालांका वर्तमान में एकदिवसीय और टी20आई प्रारूपों में श्रीलंका के कप्तान हैं और उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 134 बार देश का प्रतिनिधित्व किया है। इस बीच ग्लीसन ने इंग्लैंड के लिए छह टी20आई में भाग लिया है और डेथ ओवरों में अपने कौशल के लिए जाने जाते हैं।

## दिग्वेश राठी एक मैच के लिए निलंबित, अभिषेक शर्मा पर लगा जुर्माना



नई दिल्ली, 20 मई (हि.स.)

आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) को छह विकेट से हरा दिया। इस मैच में एलएसजी के स्पिनर दिग्वेश राठी हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा से भिड़ गए थे। आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने की वजह से अब उन्हें एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया है। इससे दिग्वेश 22 मई को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाएंगे। इसके अलावा दिग्वेश पर मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना भी लगा है।

### दिग्वेश का तीसरा लेवल-1 अपराध

बयान में आगे बताया कि यह इस सीजन में अनुच्छेद 2.5 के तहत दिग्वेश का तीसरा लेवल-1 अपराध था और इसलिए उन्होंने दो डिमेरिट अंक अर्जित किए हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने पहले तीन डिमेरिट अंक अर्जित किए थे- 01 अप्रैल को पंजाब किंग्स के खिलाफ एक डिमेरिट अंक और 04 अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ दो डिमेरिट अंक। चूंकि अब इस सत्र में उनके खाते में पांच डिमेरिट अंक हैं, जिसके कारण उन पर एक मैच का निलंबन लगाया गया है।

आईपीएल द्वारा जारी बयान में बताया गया कि लखनऊ सुपर जायंट्स के गेंदबाज दिग्वेश सिंह पर सोमवार को लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

व्यापार

## स्टेबलक्वाइन को नियंत्रित करने वाले कानून को मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका की सीनेट ने स्टेबलक्वाइन नाम की क्रिप्टोकरेंसी को नियंत्रित करने वाले कानून को आगे बढ़ाने के लिए मंजूरी दे दी है। सोमवार को हुए इस प्रक्रियात्मक मतदान में 66 सीनेटरों ने पक्ष में और 32 ने विरोध में वोट दिया। दो हफ्ते पहले डेमोक्रेट्स ने इसे रोक दिया था, लेकिन अब कुछ बदलावों के बाद उन्होंने समर्थन दिया। स्टेबलक्वाइन एक प्रकार की क्रिप्टोकरेंसी है, जिसकी कीमत अमेरिकी डॉलर या सोने जैसी असली संपत्तियों से जुड़ी होती है। इसका मूल्य आमतौर पर 1 डॉलर के बराबर रहता है, जिससे यह अन्य क्रिप्टोकरेंसी की तुलना में स्थिर और व्यापार में उपयोगी होती है। इस उद्योग की तेजी से बढ़ती लोकप्रियता और जोखिमों को देखते हुए, इसे एक सुसंगत केंद्रीय कानून के तहत लाना जरूरी माना जा रहा है। इस कानून को लेकर विवाद इसलिए भी हुआ क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके परिवार की कई क्रिप्टो परियोजनाओं से सीधा संबंध है। ट्रंप ने हाल ही में एक मेम क्वाइन लॉन्च किया है जिससे 32 करोड़ डॉलर से ज्यादा की कमाई हुई है। उनकी एक पारिवारिक कंपनी वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल ने भी एसडी1 नाम से एक स्टेबलक्वाइन शुरू किया है, जिसे अब अरब देशों से बड़ा निवेश मिल रहा है।

## इंडसइंड बैंक के 6 अधिकारियों के खिलाफ जांच के आदेश

**मुंबई।** सेबी इनसाइडर ट्रेडिंग मामले में इंडसइंड बैंक के छह अधिकारियों के खिलाफ जांच कर रहा है। इसका मकसद यह पता लगाना है कि इन अधिकारियों ने बैंक में अकाउंटिंग से जुड़ी खामियों के बारे में जानकारी होने के बावजूद स्टॉक ऑप्शन बेचे थे, जबकि बैंक में सार्वजनिक रूप से इनका खुलासा नहीं किया गया था। मामले से जुड़े दो सूत्रों ने बताया, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) इन छह अधिकारियों की ओर से किए गए ट्रेड के समय की जांच कर रहा है, ताकि यह पता लग सके कि क्या इस बिक्री के जरिये बैंक के नियमों और आंतरिक आचार संहिता का उल्लंघन किया गया है। जांच अभी शुरुआती चरण में है। हालांकि, सेबी ने अभी तक इन अधिकारियों एवं बैंक को कारण बताओ नोटिस जारी नहीं किया है और न ही कोई ?जवाब मांगा है।

लगातार तीसरे दिन गिरा शेयर बाजार

# निवेशकों को 1 दिन में 5.35 लाख करोड़ की चपत

मुंबई, (हि.स.)

**कमजोर ग्लोबल संकेतों और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के कारण घरेलू शेयर बाजार बुधवार को बड़ी गिरावट का शिकार हो गया। शेयर बाजार आज लगातार तीसरे दिन कमजोरी के साथ लाल निशान में बंद हुआ है।**

आज के कारोबार की शुरुआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। शुरुआती मिनट में खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार की चाल में कुछ तेजी भी आई, लेकिन थोड़ी ही देर बाद बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। बिकवाली के दबाव में सेंसेक्स आज ऊपरी स्तर से करीब 1,100 अंक और निफ्टी ऊपरी स्तर से 340 अंक तक लुढ़क गए। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 1.06 प्रतिशत और निफ्टी 1.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुए।

### बैंकिंग और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली रही



आज दिन भर के कारोबार के दौरान ऑटोमोबाइल, बैंकिंग और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसी तरह और आईटी, बैंकिंग, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्युरेबल्स, फार्मास्यूटिकल, मेटल, ऑयल एंड गैस, पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। मंगलवार को शेयर बाजार में आई कमजोरी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 5 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 438.32 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 443.67 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 5.35 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

भारत ने ब्रिक्स ऊर्जा मंत्रियों की बैठक में समावेशी ऊर्जा प्रशासन का आह्वान किया

## वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संसाधनों तक समान पहुंच को बढ़ावा देने की जरूरत

नई दिल्ली, (हि.स)

**केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने एक स्थायी और समावेशी ऊर्जा भविष्य के निर्माण के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि की और अधिक समावेशी और टिकाऊ शासन के लिए वैश्विक दक्षिण सहयोग को मजबूत करना विषय के तहत ब्राजील के नेतृत्व की सराहना भी की।**



केंद्रीय बिजली मंत्री मनोहर लाल ने ब्रासीलिया में आयोजित ब्रिक्स देशों के ऊर्जा मंत्रियों की बैठक के लिए भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। बैठक में उन्होंने वैश्विक विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में ऊर्जा सुरक्षा, पहुंच और सामर्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया। मनोहर लाल ने ब्रिक्स देशों को भारत में 2026 में आयोजित होने वाले अगले ब्रिक्स ऊर्जा सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया और वैश्विक दक्षिण के लिए ऊर्जा एजेंडे का नेतृत्व करने के लिए देश की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

केंद्रीय मंत्री ने अपने संबोधन में ऊर्जा सुरक्षा को वर्तमान की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बताया तथा आर्थिक स्थिरता और स्थिरता सुनिश्चित करने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संसाधनों तक समान पहुंच को बढ़ावा देने के लिए ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने की जरूरत पर बल दिया। मनोहर लाल ने जैव ईंधन क्षेत्र में सहयोग को आगे बढ़ाने में वैश्विक जैव ईंधन गठबंधन की भूमिका पर भी जोर दिया और ऊर्जा संरक्षण सतत भवन संहिता, छत सौर पहल और कुशल उपकरण मानकों जैसे अभिनव कार्यक्रमों के जरिए ऊर्जा दक्षता के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने 2030 तक ऊर्जा दक्षता को दोगुना करने के लक्ष्य की पुष्टि की और ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग और ज्ञान साझा करने पर जोर दिया।

## म्यूचुअल फंड उद्योग ने छुआ नया शिखर, एसआईपी निवेश में 45.24 फीसदी वृद्धि

मुंबई, एजेंसी

म्यूचुअल फंड उद्योग की संपत्तियों (एयूएम) का आकार 2024-25 में सालाना आधार पर 23 फीसदी बढ़कर रिकॉर्ड 65.74 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया की सालाना रिपोर्ट के मुताबिक, इक्विटी एवं डेट बाजारों में तेजी के बीच शुद्ध 8.15 लाख करोड़ के मजबूत प्रवाह और निवेश के बाजार मूल्य (एमटीएम) में वृद्धि से होने वाले लाभ के कारण एयूएम बढ़ा है। संपत्ति आधार में तेज उछाल निवेशकों और म्यूचुअल फंड कंपनियों की बढ़ती संख्या में भी देखने को मिला है। इस अवधि में म्यूचुअल फंड फोलियो की संख्या रिकॉर्ड 23.45 करोड़ पहुंच गई और निवेशक आधार भी करीब 5.67 करोड़ हो गया।

एसआईपी के जरिये म्यूचुअल फंड में निवेश 2024-25 में सालाना आधार पर 45.24 फीसदी बढ़कर 2.89 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। एमटीएम लाभ के साथ इस पर्याप्त वृद्धि ने एसआईपी परिसंपत्तियों को 24.6 फीसदी बढ़ाकर 13.35 लाख करोड़ रुपये कर दिया।

अंतरराष्ट्रीय व्यापार नीति में बदलावों से लाभ

## भारत का विनिर्माण क्षेत्र वैश्विक निवेशकों के लिए बन रहा आकर्षक, होगा लाभ



नई दिल्ली, एजेंसी

**भारत ने अपने विनिर्माण क्षेत्र को वैश्विक निवेशकों के लिए अधिक आकर्षक बनाने में उल्लेखनीय प्रगति की है। वैश्विक व्यापार नीति में बदलावों से भारत को लंबे समय में लाभ होगा।**

एसएंडपी ग्लोबल इंडिया ने सोमवार को एक अध्ययन में कहा, अर्थव्यवस्थाओं के खुद को बदलते व्यापार के हिसाब से ढालने एवं शुल्क चुनौतियों के अनुकूल होने के साथ भारत विनिर्माण बढ़ाने और वैश्विक आपूर्ति शृंखला एकीकरण के लिए इस मौके का लाभ उठा सकता है। स्थानीय स्तर पर काम कराने, बाजारों से निकटता और क्षेत्रीय एकीकरण से इस क्षेत्र में अतिरिक्त निवेश आएगा। इससे भारत की तकनीकी उन्नति और विनिर्माण प्रतिस्पर्धा में तेजी आएगी।

### विनिर्माण क्षमता मजबूत करने पर सरकार का जोर

विनिर्माण मूल्य संवर्धन की देश की वास्तविक जीडीपी में 17.2 फीसदी हिस्सेदारी है। सरकार ने घरेलू विनिर्माण क्षमता का निर्माण करने और वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में भारत की भूमिका को मजबूत करने के लिए लक्षित नीतिगत उपाय लागू किए हैं। उच्च आवृत्ति वाले खरीद प्रबंधक सूचकांक के आंकड़े अन्य प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में चुनौतियों के प्रति घरेलू विनिर्माण के लचीलेपन को उजागर करते हैं।

### उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार के बनेंगे मौके

अध्ययन में कहा गया है कि आगे चलकर वैश्विक व्यापार नीति में बदलाव से आपूर्ति श्रृंखला में विविधीकरण को बढ़ावा मिलेगा, जो भारत के लिए काफी लाभकारी साबित होगा। इस दौरान विनिर्माण क्षेत्र में उच्च गुणवत्ता वाले रोजगार के अवसर तैयार होंगे।

### बाहरी व्यापार पर भारत की कम निर्भरता

एसएंडपी ग्लोबल ने कहा, जीडीपी की धीमी वृद्धि के बावजूद भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बना हुआ है। हालांकि, वृद्धि के लिहाज से भारत की बाहरी व्यापार पर कम निर्भरता है। यह इसे वैश्विक व्यापार और टैरिफ नीतियों में चल रहे बदलावों से कुछ हद तक बचाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्यपाल पटेल 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, संस्थाओं को करेंगे सम्मानित

**भोपाल, निप्र।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल बुधवार को सांदीपनि सभागार, राजभवन, भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों, संस्थाओं को सम्मानित करेंगे। साथ ही प्रदेशव्यापी स्वस्थ यकृत मिशन का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल और पद्म भूषण डॉ. शिव कुमार सरीन, निदेशक, इंस्टिट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज, नई दिल्ली भी कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित होंगे, जो कि स्वस्थ यकृत मिशन का शुभारंभ करने के उपरांत जिलाधिकारियों को प्रशिक्षित भी करेंगे। मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को जनभागीदारी से मजबूत करने एवं जन-जागरूकता के माध्यम से गंभीर रोगों की रोकथाम के लिए प्रदेश शासन द्वारा लगातार अभिनव पहलें की जा रही हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर अभियान की सफलता के उपलक्ष में सम्मान समारोह तथा स्वस्थ यकृत मिशन के राज्य स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। 100 दिवसीय नि-क्षय शिविर अभियान में प्रदेश भर में क्षय (टीबी) रोग की पहचान, उपचार और जन-जागरूकता हेतु विशेष शिविर लगाए गए। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग, स्वैच्छिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिक समाज के सामूहिक प्रयास से लाखों नागरिकों की जांच एवं परामर्श की सुविधा मिली। सम्मान समारोह में अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने वाले जिलों, स्वास्थ्य अधिकारियों, कर्मियों, स्वयंसेवकों और संगठनों को सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर स्वस्थ यकृत मिशन की भी औपचारिक शुरुआत की जाएगी। यह मिशन राज्य सरकार की एक नई पहल है, जिसका उद्देश्य हेपेटाइटिस बी/सी, फैटी लिवर, सिरोसिस जैसी यकृत संबंधी बीमारियों के प्रति जन-जागरूकता, शीघ्र पहचान, उपचार तथा रोकथाम सुनिश्चित करना है। स्वास्थ्य विभाग इस मिशन के तहत प्रदेशभर में स्क्रीनिंग शिविर, प्रशिक्षण, परामर्श एवं निःशुल्क दवा वितरण की व्यवस्था करेगा। यह मिशन प्रदेश में यकृत स्वास्थ्य को लेकर एक दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा होगा। कार्यक्रम में प्रदेश के वरिष्ठ स्वास्थ्य अधिकारी, चिकित्सक, विशेषज्ञ, जिलों के प्रतिनिधि, सामाजिक संगठन एवं विभिन्न हेल्थ पार्टनर्स उपस्थित रहेंगे।



### प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-2.0 में बनेंगे 10 लाख आवास



**भोपाल, निप्र।** प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-2.0 सबके लिये आवास मिशन शुरू किया जा चुका है। यह मिशन वर्ष 2029 तक 5 वर्ष की अवधि के लिये क्रियान्वित किया जायेगा। देश भर में एक करोड़ और मध्यप्रदेश में 10 लाख नवीन आवासों के निर्माण का कार्यक्रम तैयार किया गया है। योजना का उद्देश्य सभी पात्र शहरी गरीब एवं आवासहीन परिवारों को सुरक्षित स्थायी और किफायती आवास उपलब्ध कराना है। प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-1.0 (पीएमएवाई) में अब तक 8 लाख 50 हजार आवासों का कार्य पूरा किया जा चुका है। इस पर अब तक 22 हजार 975 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा चुकी है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अधिकारियों को पीएमएवाई-यू-2.0 के लक्ष्य को समय-सीमा में हासिल करने के लिये निर्देश जारी किये गये हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-2.0 में पात्र लाभार्थी को 4 प्रमुख घटकों के माध्यम से लाभ दिया जायेगा। योजना के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाया गया है। इच्छुक हितग्राही आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा विकसित यूनिफाइड वेब पोर्टल (https://pmay-urban.gov.in/) के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिये हितग्राही अपने संबंधित नगरीय निकाय कार्यालय में भी सम्पर्क कर सकते हैं। केन्द्र और राज्य सरकार की प्राथमिकता यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र परिवार आवास के अभाव में न रहे। पीएमएवाई-यू-2.0 विभिन्न वर्गों के लिये समानता सुनिश्चित करता है, जिसमें कल्याणी, अकेली महिलाएँ, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, ट्रांसजेंडर, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और अन्य कमजोर वंचित वर्गों की आवास आवश्यकता को ध्यान में रखा गया है। इस योजना में विशेष रूप से सफाईकर्मियों, पीएम स्वनिधि योजना के तहत चिन्हित स्ट्रीट वेण्डर्स, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत विभिन्न कारीगरों, आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिकों, झुग्गी-बस्तियों और चालों के निवासियों और अन्य पात्र समूहों को प्राथमिकता दी जायेगी।

## प्रधानमंत्री मोदी इंदौर मेट्रो तथा सतना और दतिया एयरपोर्ट का करेंगे वर्चुअल लोकार्पण

# प्रधानमंत्री मोदी के मुख्य आतिथ्य में महिला सशक्तिकरण महा सम्मेलन 31 मई को भोपाल में

### उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में नरसिंहपुर में 26 से 28 मई तक कृषि-उद्योग समागम

विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर का जीवन समाज, संस्कृति और राष्ट्र के लिए समर्पित रहा। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व भारत की अमोल निधि है।**

लोकमाता के सुशासन के साथ ही न्याय, शिक्षा, समाज कल्याण, धर्म कल्याण, जल संरक्षण और संवर्धन आदि के कार्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने और उनके जीवन से प्रेरणा लेने के लिए इंदौर में मंत्रि-परिषद की बैठक आयोजित की गई है। मालवा का गौरवशाली और स्वर्णिम इतिहास रहा है। इसे रेखांकित करने के आवश्यकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मालवा के ऐतिहासिक व्यक्तित्व मल्हार राव होल्कर, लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर, बाजीराव आदि को स्मरण करते हुए मालवा की धरती को नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर के राजवाड़ा के दरबार हाल में मंत्रि-परिषद की बैठक के पहले सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणा वाक्य विरासत से विकास की ओर से प्रेरणा लेकर विरासत के संरक्षण और संवर्धन करते हुए विकास की अवधारणा को मूर्त रूप दिया जा रहा है। मंत्रि-परिषद की पहली बैठक जनजातीय वीरांगना रानी दुर्गावती की स्मृति में जबलपुर में आयोजित की गई थी। आज लोकमाता अहिल्याबाई को समर्पित मंत्रि-परिषद की बैठक की जा रही है। उन्होंने कहा कि आगामी 3 जून को पचमढ़ी में जनजातीय राजा श्री भभूत सिंह की स्मृति में मंत्रि-परिषद की बैठक का आयोजन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश कृषि क्षेत्र में देश में अग्रणी प्रदेश है। कृषि और कृषि उत्पाद को बढ़ावा देने के साथ कृषकों के कल्याण के लिए प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। खेत में उपज से कारखाने और कारखाने से उद्योग तक की संकल्पना को चरितार्थ करते हुए उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य में नरसिंहपुर में 26 से 28 मई की अवधि में कृषि-उद्योग समागम का आयोजन किया जा रहा है। म.प्र. सरकार किसानों तक नवीनतम तकनीक पहुंचाने, खाद्य प्र-संस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने तथा किसानों को अपने उत्पाद का सही मूल्य दिलाने के हर प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के मुख्य आतिथ्य में 31 मई को भोपाल में महिला सशक्तिकरण महा सम्मेलन आयोजित होगा। लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती वर्ष के अवसर पर संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के साथ भोपाल के जम्बूरी मैदान में महिला उद्यमियों, कामगारों, महिला स्व-सहायता समूहों, लाड़ली बहनों का महिला सशक्तिकरण महा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रदेश से 2 लाख से अधिक महिलाओं की सहभागिता होगी। महा सम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री मोदी इंदौर मेट्रो का लोकार्पण तथा सतना एवं दतिया एयरपोर्ट का वर्चुअल लोकार्पण भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि लोकमाता देवी अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर 20 मई से 31 मई 2025 तक कई भव्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## इंदौर के कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय को दी किंग कोबरा की सौगात



**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की नगरी इंदौर में आयोजित होने वाली मंत्री परिषद की बैठक से पहले आज सुबह कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय का भ्रमण किया। उन्होंने यहां पर किंग कोबरा (मेल) की सौगात भी दी।**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कर्नाटक के पीलीकुला बायोलॉजिकल पार्क से लाए गए किंग कोबरा (मेल) को स्नेक पार्क में छोड़ा। इंदौर किंग कोबरा का प्राकृतिक आवास नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चिड़ियाघर प्रबंधन द्वारा किंग कोबरा (मेल) के लिए बनाए गए आवास की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार बेहतर इको-सिस्टम के लिए सर्प संरक्षण करने को किंग कोबरा की ब्रीडिंग हेतु चिड़ियाघर में विशेष फेसिलिटी बनाई गई हैं। अभी तक प्राणी संग्रहालय में मादा किंग कोबरा थी, अब नर किंग कोबरा के आने से प्राकृतिक रूप से ब्रीडिंग हो सकेगी जो इको-सिस्टम के लिए लाभप्रद सिद्ध होगी। किंग कोबरा अपनी लंबाई, ज़हर और अनोखे व्यवहार के लिए जाना जाता है।

**बर्ड पार्क का भ्रमण**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्राणी संग्रहालय में स्थित बर्ड पार्क का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री बर्ड पार्क में पक्षियों की विविधता और विभिन्न प्रजातियों को देख कर प्रसन्न हुए। उन्होंने पक्षियों को स्वयं दाना खिलाया। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चिड़ियाघर के भ्रमण के दौरान शुतुरमुर्ग, पॉकेट मंकी और अन्य प्राणियों को निहारा। चिड़ियाघर के भ्रमण में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ इंदौर महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, अन्य जनप्रतिनिधि और चिड़ियाघर निदेशक डॉ. उत्तम यादव एवं उपस्थित रहे।

### चिकित्सा अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण की दिशा में मंत्रिपरिषद का महत्वपूर्ण निर्णय

# एमवाय के लिए 773.07 करोड़ और संजय गांधी चिकित्सालय के उन्नयन के लिए 321.94 करोड़ रुपए की मंजूरी

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने एवं चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के उद्देश्य से मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के नेतृत्व में आज मंत्रिपरिषद द्वारा दो महत्वपूर्ण प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इन निर्णयों से न केवल चिकित्सा अधोसंरचना को मजबूती मिलेगी, बल्कि आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं भी प्राप्त होंगी।**



मंत्रिपरिषद ने जिला इंदौर स्थित गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय परिसर में कुल 773.07 करोड़ रुपए की लागत से 1450 बिस्तरीय नवीन शिक्षण चिकित्सालय भवन, 550 बिस्तरीय नर्सिंग हॉस्टल, 250 सीटर मिनी ऑडिटोरियम तथा बाह्य विकास कार्यों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की है। यह परियोजना इंदौर एवं आसपास के क्षेत्रों के लाखों नागरिकों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराएगी एवं मेडिकल एजुकेशन की संरचना को आधुनिक बनाएगी। रीवा जिले में स्थित श्यामशाह चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध संजय गांधी चिकित्सालय के व्यापक उन्नयन के लिए 321.94 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। इस योजना में नवीन ओ.पी.डी. भवन, मेटरनिटी ब्लॉक, नर्सिंग कॉलेज एवं हॉस्टल, मल्टी लेवल पार्किंग, 171 आवास, अत्याधुनिक किचन, डोरमेट्री, न्यूक्लियर मेडिसिन ब्लॉक तथा कैंसर इकाई के लिये बंकर जैसे महत्वपूर्ण निर्माण कार्य शामिल हैं। इससे विंध्य क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी एवं रीवा मेडिकल कॉलेज की कार्यक्षमता कई गुना बढ़ेगी। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'सशक्त भारत - स्वस्थ भारत' के संकल्प को साकार करने के लिये मध्यप्रदेश सरकार तेजी से कार्य कर रही है। यह निर्णय मुख्यमंत्री डॉ. यादव की संवेदनशीलता, दूरदर्शिता और स्वास्थ्य क्षेत्र को लेकर उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति का प्रमाण है।

### राहुल गांधी की पाकिस्तानी सेना प्रमुख के साथ फोटो पर छिड़ी सियासत, नेता प्रतिपक्ष ने बीजेपी से पूछा सवाल

**भोपाल, (हि.स.)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर की गई बयानबाजी को लेकर भाजपा नेता लगातार घेर रहे हैं। भाजपा ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट शेयर की है, जिसमें उन्होंने पाक आर्मी चीफ आसिम मुनीर की आधी फोटो के साथ राहुल गांधी की आधी तस्वीर लगाई है। अब पाकिस्तान सेना प्रमुख के साथ राहुल गांधी की फोटो डालने पर मध्य प्रदेश में सियासी घमासान छिड़ गया है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सवाल पूछते हुए भाजपा पर निशाना साधा है।

सिंघार ने राहुल गांधी की फोटो पाकिस्तानी सेना प्रमुख के साथ शेयर करने पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जब तक पाकिस्तान के दो टुकड़े नहीं होते तब तक युद्ध जारी रहना था। सिंघार ने पूछा कि युद्ध विराम क्यों हुआ? सेना से आखिर सरकार ने क्यों नहीं पूछा? उन्होंने आगे कहा कि युद्ध विराम कैसे हो गया, ये बताने की जरूरत है। युद्ध विराम





को लेकर जनता की भावना सकारात्मक थी। पाकिस्तान बार-बार भारत पर अटैक करता है, क्यों ना हम उसके दो टुकड़े कर दें, इस पर चर्चा होनी चाहिए। बीजेपी के लोग खुलेआम सेना को बदनाम करने की कोशिश करते हैं। भाजपा न तो अपने मंत्रियों से और न ही अपने नेताओं से इस्तीफा करवाती है। जब बीजेपी पर बात आती है तो सरकार, मंत्रियों को बचाने का काम करती है।

### अमानक स्तर का कार्य करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट किया जाएगा

**भोपाल, निप्र।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा अमानक स्तर का विद्युतीय निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जाएगी। कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने बताया कि कंपनी कार्य क्षेत्र में उपभोक्ता हित की योजनाओं के अंतर्गत विद्युतीय एवं निर्माण कार्यों में गुणवत्ता तथा नियम एवं शर्तों के अनुसार यदि कोई कमी पाई जाती है तो कार्य करने वाली एजेंसी और ठेकेदार के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु कंपनी द्वारा वृत्त स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी का गठन किया गया है। यदि स्क्रीनिंग कमेटी ठेकेदार अथवा एजेंसी को दोषी मानती है तो कंपनी ऐसे ठेकेदारों/एजेंसी को ब्लैक लिस्ट करेगी। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक (संचा.-संधा./शहर) द्वारा वृत्त स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी का गठन करके ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों के संबंध में अनियमितता की जांच की जाएगी।

# एम्स में राष्ट्रीय हेपेटाइटिस परीक्षण दिवस का आयोजन

### जनजागरूकता एवं समय पर जांच के महत्व पर डाला प्रकाश

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय हेपेटाइटिस परीक्षण दिवस का आयोजन किया गया। यह दिवस वायरल हेपेटाइटिस के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा नागरिकों को समय पर जांच करवाने हेतु प्रेरित करने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर संस्थान में हेपेटाइटिस बी और सी जैसे खतरनाक वायरल संक्रमणों से जुड़ी जानकारी देने हेतु विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें जनसंवाद,



स्वास्थ्य परामर्श एवं निःशुल्क परीक्षण शिविर प्रमुख रहे। हेपेटाइटिस जैसे मौन संक्रमण यदि समय रहते पहचाने न जाएं, तो ये लिवर सिरोसिस और लिवर कैंसर जैसी गंभीर स्थितियों का कारण बन सकते हैं। इस अवसर पर प्रो. (डॉ.) अजय सिंह ने कहा, हेपेटाइटिस की समय पर पहचान और उपचार न केवल व्यक्ति को स्वस्थ रखने में सहायक है, बल्कि यह संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ने का भी माध्यम है। एम्स भोपाल जनस्वास्थ्य जागरूकता, रोकथाम और समुचित उपचार के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। राष्ट्रीय हेपेटाइटिस परीक्षण दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि हम सभी को इस विषय पर सजग रहना चाहिए और दूसरों को भी जागरूक करना चाहिए। संस्थान ने आमजन से अपील की कि वे उपलब्ध परीक्षण सेवाओं का लाभ उठाएं और संक्रमण से बचाव हेतु उचित जानकारी प्राप्त करें।

# विधायक सबनानी ने शिवराज सिंह चौहान के साथ किया वृक्षारोपण



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी जी ने मंगलवार को दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 31 के मानव औषधि पार्क में महापौर श्रीमती मालती राय जी के जन्म दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया एवं उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती बृजुला सचान सहित स्थानीय जन उपस्थित रहे।

## विकास योजनाओं में लापरवाही पर जिला पंचायत सीईओ सख्त

# 13 पंचायत सचिवों को थमाया नोटिस, दो दिन में सुधारने का अल्टीमेटम

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। मध्यप्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं की सुस्त रफ्तार पर जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है।**

सीहोर की जिला पंचायत सीईओ डॉ. नेहा जैन ने जनपद पंचायत इछावर में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए 13 पंचायत सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। चेतावनी दी गई है कि यदि दो दिन के भीतर सुधार नहीं हुआ तो निलंबन की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), नल-जल योजना, मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन, एनआरएलएम, आयुष्मान भारत कार्ड, वृक्षारोपण अभियान और समग्र ईकेवाईसी जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जल गंगा अभियान के तहत खेत तालाबों और डगवेल निर्माण की गति भी असंतोषजनक पाई गई। अधूरे कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।



### योजनाओं में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं

बलोडिया, बावड़ियाचौर, अमलाह और भाऊखेड़ी जैसे गांवों में पीएम आवास योजना की प्रगति भी लक्ष्य से पीछे है। इन पंचायतों को भी चेतावनी दी गई है कि एक सप्ताह में स्थिति सुधारें, अन्यथा कठोर कदम उठाए जाएंगे। डॉ. नेहा जैन ने स्पष्ट किया कि योजनाओं में लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रशासन की प्राथमिकता जनकल्याणकारी योजनाओं को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन है।

### कम प्रगति वाले पंचायतों पर निगाह

इछावर जनपद की वीरपुरडेम, लोहापठार, कालापीपल, अविदाबाद, कांकरखेड़ा, बोरदीकला, गाजीखेड़ी, ईटखेड़ा सहित कई पंचायतों में योजनाओं की प्रगति 80 प्रतिशत से कम पाई गई। संबंधित सचिवों और ग्राम रोजगार सहायकों को दो दिन का समय दिया गया है, अन्यथा सस्पेंशन की कार्रवाई होगी।

### नगर परिषद इछावर में भी धीमी रफ्तार

समीक्षा में सामने आया कि नगर परिषद इछावर के वार्ड क्रमांक 8, 11 और 12 में समग्र ईकेवाईसी की धीमी प्रगति है। इस पीपर सीईओ ने नाराजगी जताई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह में वार्ड प्रभारियों से कार्य पूर्ण कराएं, अन्यथा अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा उषा प्रिंटर्स, तिलक मार्ग, अमला लाइन, अलीराजपुर से मुद्रित एवं 13/2, ब्लॉक सी, केशव नगर, अलीराजपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, स्थानीय संपादक - श्रीमती दिव्या गुप्ता*, फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, 8889766697, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। RNI. Reg. MPHIN/2019/78560